ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 30, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 30.7° | अधिक. 31.6° |
| न्यून. 22.4° | न्यून. 23.4° |

रांची, मंगलवार
27 मई 2025
वर्ष-26, अंक-114, पृष्ठ-12


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## कंचन सिंह सिमडेगा और प्रेरणा दीक्षित बनीं गुमला डीसी

# 24 में से 20 जिलों को मिले नए उपायुक्त

● सरकार ने बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के 20 जिलों को नए उपायुक्त मिले हैं। राज्य सरकार ने सोमवार को 24 में से 20 जिलों के उपायुक्तों को बदल दिया। सोमवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आईएएस अधिकारी आदित्य रंजन को धनबाद का उपायुक्त बनाया गया है। वह वर्तमान में झारखंड सरकार के आईटी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। आईएएस अधिकारी अजय नाथ झा को बोकारो का नया उपायुक्त बनाया गया है। वह फिलहाल रांची में आदिवासी कल्याण आयुक्त के रूप में पदस्थापित हैं। वर्तमान में निदेशक बागवानी के पद पर कार्यरत फैक अक अहमद मुमताज को रामगढ़ के उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार को पश्चिमी सिंहभूम में इसी पद पर तैनात किया गया है। निदेशक उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत रहे आईएएस अधिकारी रामनिवास यादव को गिरिडीह



शेष पेज 11 पर

### विधि व्यवस्था को ले सीएम आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार (27 मई 2025) को राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर प्रोजेक्ट भवन में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में अवैध घुसपैठ और गंभीर आपराधिक घटनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भी मौजूद रहेंगे। जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, जिलों के उपायुक्त और एसपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल होंगे।

## कोविड को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान ने की अहम बैठक

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

● एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर डॉक्टरों की टीम की होगी तैनाती

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में रविवार को कोविड का पहला केस सामने आने के बाद सरकार ने एहतियाती तौर पर आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। सभी जिलों के अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने, ऑक्सीजन की आपूर्ति को दुरुस्त करने और स्टॉक में जरूरी दवाओं के प्रबंध के निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि देश के कई राज्यों में कोविड के नए वेरिएंट जेएन-1 के केस आ रहे हैं। कुछ राज्यों में कोविड के केस में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में रविवार को कोविड का पहला केस सामने आया था। मरीज का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है और स्थिति अब बेहतर बताई जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को रांची सदर अस्पताल में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कोविड के नए वेरिएंट के मद्देनजर एहतियाती उपायों की समीक्षा की।



शेष पेज 11 पर

### राज्य में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में : स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, राज्य में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। मैं स्वयं स्थिति की सतत निगरानी कर रहा हूं। स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के लोगों से भी यथासंभव कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की जा रही है।

## एक नजर

### जस्टिस चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुवाहाटी, पटना और झारखंड उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों के संबंध में केंद्र को अपनी सिफारिशें भेजी हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सिफारिश की है कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में कार्यरत न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाए।

### जेएलटी कमांडर तूफान गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बालूमाथ।** पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। 17 साल से फरार वारंटी जेएलटी उग्रवादी संगठन के कमांडर आदित्य यादव उर्फ तूफान पिता धनी यादव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ जिला लातेहार को बालूमाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि वारंटी जेएलटी नक्सली आदित्य यादव उर्फ तूफान (40 वर्ष) पर चतरा सदर, टंडवा थाना का नामजद आरोपी है। वह पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## लातेहार के महुआडांड़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# पांच लाख का इनामी मनीष यादव मारा गया

**बड़ी कामयाबी**

» 10 लाख का इनामी नक्सली जोनल कमांडर कुंदन गिरफ्तार

» एक्स 95 राइफल कारतूस व लेवी के वसूले गए पैसे बरामद

नवीन मेल डेस्क







**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के दौना गांव में रविवार की रात पुलिस और भाकपा माओवादियों में मुठभेड़ हुई। इसमें पांच लाख रुपए के इनामी नक्सली सबजोनल कमांडर मनीष यादव को मार गिराया गया। साथ ही, पुलिस ने 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली जोनल कमांडर कुंदन जी उर्फ सुधीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

यह मुठभेड़ रविवार की रात से सोमवार की सुबह तक चली। इसके बाद उस इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। क्षेत्र के सर्च ऑपरेशन के कम में हथियार एवं गोली सहित नक्सली दस्ते के दैनिक उपयोग के सामान भी बरामद हुए। दौना गांव में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर सोमवार को पलामू आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश तथा लातेहार एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार की रात से लेकर सोमवार की सुबह तक चली इस मुठभेड़ में मारा गया नक्सली सबजोनल कमांडर मनीष यादव बिहार के गया जिले के चकरबंधा गांव का रहने वाला था। मनीष पर झारखंड के लातेहार व गढ़वा जिले तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सली हिंसा के 40 मामले दर्ज थे। इसमें पुलिस मुठभेड़, हत्या समेत कई मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मनीष यादव पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। बताया गया कि गिरफ्तार नक्सली जोनल कमांडर कुंदन जी उर्फ सुधीर सिंह लातेहार जिले के मनिका के माइल गांव का रहने वाला है।

कुंदन पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 27 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके पास से एक्स 95 राइफल व कारतूस बरामद हुए हैं। साथ ही, लेवी के वसूले गए पैसे भी बरामद हुए हैं। प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादियों का दस्ता नीचे दौना गांव में भ्रमणशील है। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने रविवार की रात 01:30 बजे से ही गांव की घेराबंदी शुरू कर दी थी।

शेष पेज 11 पर

# हाईकोर्ट ने थाने में नाबालिग की पिटाई मामले में लिया संज्ञान

● अदालत ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 24 जून को

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** लातेहार में एक आपराधिक केस में संदेह के आधार पर नाबालिग की पुलिस हिरासत में थाने में बेरहमी से पिटाई और उसे छोड़ने के बदले उसकी मां से रिश्वत की मांग करने के आरोप पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में राज्य की सरकार से जवाब मांगा है। यह मामला क्रिमिनल रिट के तौर पर दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने स्वतः संज्ञान में बदल दिया। मामले की अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की गई है। लातेहार के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में एक अप्रैल को हामी गांव निवासी 15 वर्षीय दुर्गेश महतो की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। उसका शव एक खेत में पाया गया था, जहां बिजली का तार भी गिरा पड़ा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्गेश की मौत बिजली का तार टूटकर गिरने की वजह से हुई थी। इसे लेकर लोगों ने सड़क जाम भी किया था।

शेष पेज 11 पर

# सीआईडी ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

● जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक का मामला

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने दो आरोपियों के विरुद्ध अपनी जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीआईडी ने आरोपी गौरव कुमार और अभिलाष कुमार के खिलाफ वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत भी कोर्ट में पेश किए हैं। इन दोनों के साथ इस मामले में और किसकी सहभागिता थी, इसकी भी जानकारी चार्जशीट में दी गई है। हालांकि, सीआईडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। लेकिन, कोर्ट जल्द ही चार्जशीट पर संज्ञान लेकर अन्य आरोपितों के विरुद्ध समन जारी कर सकता है।

शेष पेज 11 पर

## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में लूट का नायाब तरीका

# सेल को 400 करोड़ से ज्यादा का हुआ नुकसान

**100** से ज्यादा ऐसी कंपनियों को सस्ते दाम पर स्टील बेचे गए, जो निर्माण कार्य नहीं कर रही थीं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकपाल के पास बीते कुछ वर्ष में शिकायतें पहुंची हैं कि भ्रष्टाचार के कारण भारत सरकार के स्वामित्व वाली स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को करोड़ों का नुकसान हुआ है। ऐसे कुछ मामले सेंट्रल विजिलेंस कमीशन (सीवीसी) से प्राथमिक जांच कराने के बाद लोकपाल ने सीबीआई को सौंप दिए हैं, और कुछ मामलों को लोकपाल ने सीधे सीबीआई को दे दिया है। सीवीसी द्वारा लोकपाल को जुलाई 2023 में सौंपी गई प्राथमिक पड़ताल (प्रिलिमिनरी इन्क्वारी) और सीबीआई द्वारा अक्टूबर 2024 में दर्ज एफआईआर में एक ऐसी कंपनी का नाम है, जो केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी को चंदा देती आई है। इस कंपनी का नाम है एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड। इसकी वेबसाइट में है- 'एपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले भारत के सपने को साकार करने वाले प्रमुख सहयोगियों में से एक है।' 14 मार्च 2025 को चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित आंकड़े के अनुसार इस कंपनी ने 15 जनवरी 2020 से 12 अक्टूबर 2023 के बीच 30 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और इन सभी को भाजपा ने भुनाया था। एपको पर आरोप है कि उसने वेंकटेश इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (वीआईपीपीएल) के साथ मिलकर सेल को भारी नुकसान पहुंचाया। लोकपाल ने 10 जनवरी, 2024 के अपने फैसले में इन कंपनियों व सेल के गठजोड़ पर कड़ी टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी, अर्चना रामासुंदरम व महेंद्र सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया था, 'ऐसा प्रतीत होता है कि सेल के अधिकारियों द्वारा मुनासिब सावधानी नहीं बरती गई, जिसके चलते वीआईपीपीएल को अन्य ग्राहकों की तुलना में कम दर पर सामग्री दी गई।

### शिकायत करने वाले राजीव भाटिया समय से पहले किए गए सेवानिवृत्त

शिकायत करने वाले राजीव भाटिया को सेल ने इस साल 16 फरवरी को, कुछ अन्य अधिकारियों समेत समय से पहले सेवानिवृत्त कर दिया। सेल के अनुसार ये अधिकारी 'ईमानदारी और जवाबदेही' पर खरे नहीं उतरे थे। मालूम हो कि राजीव भाटिया खुद इस प्रकरण को सामने लाए थे, लेकिन उन्हें 07 वर्ष पहले ही नौकरी छोड़ने को कह दिया गया। इस पर द वायर ने विस्तृत रिपोर्ट लिखी है। उसने इस प्रकरण के सभी पक्षकारों से संपर्क किया। सेल ने इस विषय पर आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वीआईपीपीएल की निदेशक एकता अग्रवाल से संपर्क किया, एपको को भी ईमेल पर सवाल भेजे, लेकिन किसी का जवाब नहीं आया।

लोकपाल ने सेल की आंतरिक प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा, यह केवल आर्थिक हानि का सवाल नहीं है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि क्या सिस्टम को जानबूझकर हानि पहुंचाने और कंपनी को लाभ दिलाने के इरादे से छेड़छाड़ की गई। स्टील बाजार के अनुभवी खिलाड़ी, सेल के अधिकारियों की मिलीभगत से, सिस्टम में गड़बड़ी कर सकते हैं। सेल पर प्रमुख आरोप यह है कि इसने 100 से ज्यादा ऐसी कंपनियों को सस्ते दाम पर 11,00,000 से ज्यादा मीट्रिक टन स्टील बेचा, जो किसी किस्म का निर्माण नहीं कर रही थीं, लेकिन निर्माण कार्य के नाम पर सेल से मिलने वाली छूट को ले रही थीं। यही नहीं, ये कंपनियां सेल से कम दाम में खरीदे गए स्टील को महंगे दर पर अन्य कंपनियों को बेच रही थीं। सेल एमओयू के तहत स्टील खरीदने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनियों को 'ब्याज रहित ऋण' देती है। यदि कोई कंपनी इस सुविधा का लाभ नहीं लेती, तो उसे उतनी राशि की छूट जाती है। लोकपाल के पास गई शिकायतों के अनुसार इस अनियमितता से सेल को 400 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। जांच संस्थाओं की पड़ताल के अनुसार इस कथित अनियमितता की प्रमुख लाभार्थी वीआईपीपीएल है



शेष पेज 11 पर


## इंडिया

# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत और अव्यवस्थित फिजूलखर्च

**कु**छ दशकों पूर्व तक संपेरों और भिखमंगों के देश के रूप में भारत का उपहास बनाने वाले पश्चिमी देशों सहित भारत के ऑक्सफ़ोर्ड और कैम्ब्रिज में शिक्षित अभिजात्य वर्ग को विश्वास नहीं हो रहा और रोज कमाने खाने वाले भारतियों को पता नहीं है कि नए भारत की अर्थव्यवस्था ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर चार ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल देश को वैश्विक आर्थिक मंच पर मजबूती मिली है बल्कि इससे आम आदमी को भी कई लाभ मिलेंगे। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का विकास एक जटिल और बहुआयामी प्रक्रिया है जो देश की आर्थिक, सामाजिक, और तकनीकी प्रगति को दर्शाती है। अर्थव्यवस्था का विकास तब होता है जब कोई देश अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके उत्पादन, आय, और जीवन की गुणवत्ता में निरंतर और समावेशी सुधार करता है। 2000 तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी 0 ।47 ट्रिलियन डॉलर था । 2007 में 1 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी ने 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया 2021 में भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना । केवल 4 साल में भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर पार हो गई है जिससे सर्विस टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। संभावना जताई जा रही है कि मेक इन इंडिया पहले विनिर्माण क्षेत्र को और मजबूत करेगी जिससे नौकरियां भी बढ़ेगी और बेरोजगारी की समस्या कम होगी। केंद्र पिछले कुछ वर्षों से देश के आधारभूत संरचना निर्माण पर भारी खर्च कर छोटे शहरों के विकास से लेकर राष्ट्रीय स्तर की सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और मेट्रो लाइन बनवा रही है जिससे यह निवेश और बढ़ सकता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकती है। जबकि रुपए की गिरावट से आम आदमी की चिंता बढ़ी है और उसका सवाल है क्या महंगाई पर लगाम लगेगी? विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत अर्थव्यवस्था से निर्यात बढ़ेगा और आयात की निर्भरता कम होगी। इससे महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है।ऐसा माना जा रहा है की चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ सरकार कौशल विकास और शिक्षा पर और अधिक खर्च कर सकती है। इससे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। सस्ता इलाज, बेहतर तकनीक की भी संभावना जताई जा रही है जिनमें सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधा शामिल है । तकनीकी क्षेत्र में भी भारत तेजी से विकास कर रहा है जिससे रोजगार बढ़ने से आम आदमी को बेहतर और सस्ते तकनीकी उत्पाद प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक वृद्धि से कृषि क्षेत्र में भी निवेश बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। 30.507 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपीवाला अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन दूसरे नंबर पर है जिसकी जीडीपी 19.232 ट्रिलियन डॉलर है।जर्मनी की जीडीपी 4.745 ट्रिलियन डॉलर है, जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साल 2023 में इसने जापान को पीछे छोड़ा था।भारत 4.186 ट्रिलियन डॉलरवाली जापान की जीडीपी को पीछे छोड़ते हुए 4.187 ट्रिलियन डॉलर पर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है।अब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अब जापान का नाम है जिसकी अर्थव्यवस्था को उम्र दराज आबादी काफी प्रभावित कर रही है।अब यह भरोसा भी जगा है कि देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत का नॉमिनल जीडीपी करीब 4,187 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो जापान के करीब 4,186 अरब डॉलर के अनुमानित जीडीपी से कुछ अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के अनुकूल माहौल के दम पर वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सुब्रह्मण्यम ने यह अनुमान भी लगाया कि अगले ढाई से तीन वर्षों में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। यह उपलब्धि आर्थिक दृष्टि से गर्व का विषय होने के साथ भारत की नीतिगत दूरदर्शिता, जनसांख्यिकीय शक्ति और वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है। पर यह आत्ममंथन का भी समय है आय असमानता, बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार जैसे क्षेत्रों में जापान जैसे विकसित देशों से अब भी हमें काफी कुछ सीखने की जरूरत है। जापान की संस्थागत विश्वसनीयता, कार्य संस्कृति और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के मामले में बहुत पीछे हैं जिसकी प्रति व्यक्ति आय (33,960 डॉलर) भारत से (2,880 डॉलर) कहीं आगे है। हमें यूरोप की तरह शोध आधारित गुणवत्तापूर्ण निर्माण से बारंबार निर्माण की फिजूलखर्ची से बचना होगा और सरकारी नौकरी के नाम पर मौज और मनमानी की प्रवृति रोकनी होगी ।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**




## 'ऑपरेशन सिंदूर' के रणबांकुरों को नमन

# हमारे सैनिक केवल सीमा पर नहीं, हमारे दिलों में भी बसे हैं

**ह**मारे देश के सैनिक सीमा पर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देशवासियों की सुरक्षा करते हैं। उनका बलिदान हमें वह निडर नींद देता है, जो केवल एक सुरक्षित देश में ही संभव है। हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' ने फिर से यह साबित कर दिया कि भारत माता के सपूत अदम्य साहस और त्याग के प्रतीक हैं। यह अभियान न केवल सैन्य सफलता की कहानी है, बल्कि हर भारतीय की भावनाओं से जुड़ी एक अमर गाथा है। जिन वीरों ने इस ऑपरेशन में अपना सर्वस्व न्योछावर किया, वे अमर हैं, उनकी गाथा सदा जीवित रहेगी। हर शहीद सैनिक के पीछे एक परिवार होता है, जिसकी आंखें नम हैं, पर सीना गर्व से चौड़ा है। ऐसे परिवारों के प्रति हमारी संवेदना और कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। देश के हर नागरिक को चाहिए कि वह इन वीर परिवारों के साथ खड़ा रहें। हमारे सैनिक केवल बॉर्डर पर नहीं, बल्कि हमारे दिलों में भी बसे हैं। आइए, हम सब मिलकर हर सैनिक और उनके परिवार को यह विश्वास दिलाएं-'आप अकेले नहीं हैं।' जय हिंद!




**डॉ युगल किशोर मिश्रा**
**अभिनेता, फिल्म निर्माता निर्देशक।**

### सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी धरना का करेंगे आयोजन : के राजू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सोमवार को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राज्यव्यापी धरना राजभवन के सामने की गई। धरने में राज्य के विभिन्न जिलों से कांग्रेस के कार्यकर्ता आदिवासी के पारंपरिक वेशभूषा में कांग्रेस भवन से जुलूस के शक्ल में राजभवन पहुंचे। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया और मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद, और प्रणव झा मौजूद थे।

धरना को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी के राजू ने कहा कि सरना धर्मकोड आदिवासियों का मौलिक हक है। इसको सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी की है। अब हम सड़कों पर उतरे हैं और इसे लेकर बहुत जल्द दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी धरना आयोजित किया जाएगा और उसके उपरांत राष्ट्रपति से मिलकर इसे लागू कराने को लेकर आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तीन काले कृषि कानून को निरस्त करवाया, जातीय जनगणना कैबिनेट से पास कराया और उसका रास्ता खुलवाया ठीक उसी प्रकार सरना धर्म कोड भी हम सातवें कॉलम में डलवा कर रहेंगे। हम आदिवासियों की पहचान खोने नहीं देंगे। एआईसीसी सचिव प्रणव झा ने कहा कि आदिवासी ही हिन्दुस्तान का मूलवासी हैं, ये प्राकृतिक के पूजक हैं, भाजपा हमेशा इनका वनवासी कहा करते हैं, शुरू से ही इनके साथ भेदभाव करती है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अब वक्त आ गया है अब याचना नहीं रण हो और कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह तैयार है। हम सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे।

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरना धर्मकोड संवैधानिक अधिकार है, और जब तक केन्द्र की सरकार सरनाधर्म कोड नहीं देती हम आंदोलन करते रहेंगे।
सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि भारत सरकार पशुओं की गणना करती है, लेकिन धार्मिक आधार पर आदिवासियों की गणना कर पहचान नहीं देना चाहती है। आदिवासियों के पाहन, पुजारी व धर्मस्थल को महत्व नहीं देना चाहती।

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि हम सरना धर्मकोड देने का वादा किया था और इसके लिए हम विधानसभा से पारित किया अब हम इसे लेकर ही रहेंगे।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि जातिगत जनगणना की मांग करने पर भाजपा जाति की बात करने वाले को लात देने की बात करती थी। जातिगत जनगणना के पहले आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड आवंटित करना होगा।

वहीं, धरना के बाद महामहिम राज्यपाल को सरना धर्मकोड लागू करने के लिए एक प्रदेश प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

धरना कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, विक्सल कोन्गाडी, भूषण बाड़ा, ममता देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, डॉ प्रदीप बलमुचू, फुरकान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, बादल पत्रलेख, केएन त्रिपाठी, केदार पासवान, गुंजन सिंह, जोसाई मार्डी, राजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, सतीष पॉल मुंजनी, संजय लाल पासवान, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, जयशंकर पाठक, आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, गजेन्द्र सिंह डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो ने संबोधित किया।

### आदिवासी समाज सबसे अनोखा समाज है : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केंद्र सरकार की नियत पर जमकर हमला बोला। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज सबसे अनोखा समाज है। इस समाज में बराबरी, सामूहिकता, एकता और भाईचारगी को प्राथमिकता दी जाती है। ये सब कुछ संविधान में निहित है। उन्होंने कहा कि मरांग गोमके ने भी कहा था आदिवासी समाज सदियों से सामूहिकता में जीता आया है। जिस संविधान से देश का संचालन होता आ रहा है उस संविधान को आरएसएस नहीं मानती। वो संविधान को भारतीय भी नहीं मानती। आरएसएस के लोग महिलाओं को अधिकार देना नहीं चाहते। आरएसएस के लोग महिलाओं को वस्तु से साथ तुलना करते है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज की विचारधारा मनुस्मृति से मेल नहीं खाती है। इतिहास गवाह है आदिवासी समाज में कभी कोई जाति प्रथा नहीं रही। बीजेपी के लोग मनुवादी सोच से आदिवासी समाज को चलाना चाहते है। मंत्री ने कहा कि ये लोग आदिवासी समाज को जाति में बांटना चाहते है, लेकिन आदिवासी समाज ये तय करेगा उसका धर्म कौन सा होगा। आदिवासी समाज अपना धर्म को मानने और अपनाने के लिए स्वतंत्र है। इसका अधिकार संविधान के अनुच्छेद 25 में वर्णित है। ये हमारा मौलिक अधिकार है। राहुल गांधी से भी जाति पूछी गई थी। हम समाज में समानता और सामूहिकता की बात करते है। आदिवासी समाज बराबरी में विश्वास रखती है। देश में होने वाले जातिगत जनगणना में सरना धर्म कोड को हर हाल में सातवां कॉलम में शामिल करना होगा। ये लड़ाई अपने अंजाम तक जरूर पहुंचेगी।

### केंद्र आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में देखता है : कमलेश



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों के हक और अधिकार का हनन कर रही है। केंद्र सरकार एक षड़यंत्र के तहत आदिवासियों के धार्मिक अस्तित्व को मिटाने का प्रयास कर रही है। धार्मिक आधार पर उनको पहचान नहीं देना चाहती है। सरना धर्म कोड का प्रस्ताव हमने विधानसभा से पारित किया केंद्र को भेजा लेकिन केंद्र की सरकार सिर्फ आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना चाहती है। सबका साथ सबका विकास का नारा देती है लेकिन आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों का विनाश चाहती है।

## राज्यपाल से मिले बाबूलाल मरांडी, नई उत्पाद नीति में की सुधार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में अधिसूचित नई उत्पाद नीति (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) के संबंध में एक ज्ञापन समर्पित करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।
राज्यपाल से श्री मरांडी ने आग्रह किया कि उनके द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर विचार कर राज्य सरकार को समुचित दिशा-निर्देश दिया जाए, जिससे राज्य की उत्पाद नीति अधिक प्रभावी, समावेशी तथा राजस्व हित में लाभकारी बन सके।
प्रस्तुत ज्ञापन में 15 मई, 2025 को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत नई उत्पाद नीति की कुछ संभावित विसंगतियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। बाबूलाल मरांडी ने उल्लेख किया कि इसके पूर्व में भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दो बार उत्पाद नीति लागू की गईं, किन्तु वे न तो राज्य के राजस्व को अपेक्षित लाभ पहुंचा सकीं और न ही स्थानीय व्यवसायियों एवं बेरोजगार युवाओं को कोई विशेष अवसर प्रदान कर सकीं। इसके विपरीत, इन नीतियों के क्रियान्वयन से शोषण की स्थिति उत्पन्न हुई तथा राजस्व की हानि हुई। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर मदिरा की बिक्री किए जाने से आमजन से अवैध वसूली हुई, जिससे वास्तविक राजस्व सरकार को प्राप्त होने के बजाय माफियाओं एवं बिचौलियों के हाथों में चला गया।

वर्तमान में प्रस्तावित नीति के अंतर्गत एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को जिला स्तर पर तीन यूनिट (अर्थात 9 दुकानें) एवं राज्य स्तर पर अधिकतम 36 दुकानों का संचालन अनुमत किया गया है। श्री मरांडी के अनुसार, इस व्यवस्था से राज्य भर की अधिकांश दुकानें सीमित संख्या में बड़े व्यापारियों के नियंत्रण में जाने की आशंका है, जिससे स्वतंत्र एवं पारदर्शी व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा बाधित होगी।

उन्होंने सुझाव दिया कि जिस प्रकार भारत सरकार पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी आवंटन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं पूर्व सैन्यकर्मियों को प्राथमिकता देती है, उसी प्रकार झारखंड सरकार को भी नई उत्पाद नीति में वंचित, आदिवासी, दलित, महिला एवं पूर्व सैनिक समुदाय को आरक्षण व प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रस्ताव दिया कि "एक व्यक्ति, एक दुकान" का सिद्धांत अपनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को व्यवसायिक अवसर प्राप्त हो सके तथा भ्रष्टाचार एवं एकाधिकार की संभावनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## राज्यपाल ने लोस अध्यक्ष को स्मृति चिह्न भेंट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत अन्य सांसद, विधायक एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। इसके उपरांत राज्यपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

### रक्षा राज्य मंत्री सेठ के आवास पहुंचे राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ रांची स्थित रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर गए। इस अवसर पर मंत्री के परिवारजनों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दोनों विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाए केंद्र : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की ओर से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा पर सवाल उठाया। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के नेता हर उस राज्य में जा रहे हैं, जहां चुनाव होने वाले हैं, लेकिन वे मणिपुर और पहलगाम नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री शामिल हुए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने केवल भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठना पसंद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बातों को नजरअंदाज किया गया और भाजपा शासित राज्यों की बातों पर अधिक ध्यान दिया गया।

**विदेश में प्रतिनिधिमंडल को क्या हुआ हासिल :** उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश दौरे पर भेजा है।

**सीजफायर के नाम पर क्यों रोका ऑपरेशन सिंदूर को :** सुप्रियो ने सवाल उठाया कि इस प्रतिनिधिमंडल ने विदेश जाकर क्या हासिल किया, इसकी जानकारी सभी दलों को सार्वजनिक रूप से दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति आयोग से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

सुप्रियो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद खत्म करने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन इसे सीजफायर के नाम पर रोक दिया गया। जबकि सीजफायर आमतौर पर युद्ध के दौरान होता है। इसमें अमेरिका की भूमिका भी संदिग्ध है। क्या हम अमेरिका से डरते हैं। अमेरिका ने तो 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। फिर हम अमेरिका की बात क्यों मानें। सीजफायर की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति के इशारे पर की गयी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय सभी दल मोदी सरकार के साथ खड़े थे, इसलिए उससे जुड़ी हर बात प्रधानमंत्री मोदी को संसद के सामने रखनी चाहिए। झामुमो संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग करता है ताकि इन सभी मुद्दों पर केंद्र सरकार जनता और संसद के सामने स्पष्ट जवाब दे।

## सरना धर्म कोड जनगणना प्रपत्र में जोड़ने का आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में शिष्टमंडल ने आगामी जनगणना प्रपत्र में "सरना धर्म कोड" के लिए पृथक कॉलम जोड़ने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### वार्ड 17 में हुई रांची सिटीजन फोरम की बैठक

**रांची।** रांची सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड 17 अंतर्गत आर जी स्ट्रीट, थड़पखना में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने बताया कि वार्ड 17 का अधिकतर क्षेत्र गुदड़ी कर्बला चौक का एरिया पड़ता है, और इस छोटे क्षेत्र के कारण इस क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो रहा है जरूरत है। इस क्षेत्र को वार्ड 18 में मिला देने की आवश्यकता है, क्योंकि ना तो यहां पर रेगुलर फागिंग होती है, और ना ही रेगुलर कचरा का उठाव होता है। यहां तक की इस क्षेत्र में रांची नगर निगम ने एक डस्टबिन तक नहीं लगाया है और लोग एक व्यक्ति के घर के सामने सारा कचरा फेंक रहे हैं।

## राज्यपाल ने पुस्तक का किया विमोचन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय द्वारा लिखित पुस्तक 'मानवशास्त्रीय विचारों की एक पुस्तिका' का राज भवन में विमोचन किया। राज्यपाल ने डॉ॰ पांडेय को पुस्तक के लेखन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ यदुनाथ पांडेय ने कहा कि इस पुस्तक में कुल 24 अध्याय के अतिरिक्त भारतीय मानव विज्ञान का विकास एवं प्रश्नोत्तर खंड भी सम्मिलित हैं, जो विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

## संजय सेठ के आवास पर पहुंचे लोस अध्यक्ष

### राज्यपाल भी थे मौजूद हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गवर्नर संतोष गंगवार, उड़ीसा के पूर्व गवर्नर व झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सोमवार सुबह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर पहुंचे जहां पर परंपरागत तरीके से उनका आवास पर परिजनों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता के स्वागत किया। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक, पूर्व राज्यसभा के सांसद महेश पोद्दार, अजय मारू, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष धीरज महतो, भानु जलान, मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे, इंद्रजीत यादव, रणधीर सिंह,उमेश यादव, सुभाष अग्रवाल सहित दर्जनों विभिन्न संस्थाओं के लोग ने उनका स्वागत किया।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने ओम बिरला का किया अभिनंदन




**रांची।** रांची स्थित स्वर्ण भूमि सभागार में अभिनंदन समारोह के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का श्री कृष्ण- प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने अभिनंदन एवं स्वागत किया। ट्रस्ट के सह संरक्षक विजय कुमार अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, विष्णु सोनी ने ओम बिरला को पुष्प गुच्छ देकर, शॉल ओढ़ाकर तथा श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। वहीं ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न जनसेवा कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। विशेष रूप से रांची में निर्मित झारखंड की सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर की भव्यता एवं दिव्यांग निराश्रितों के लिए सद्गुरु अपना घर आश्रम के कार्यों की जानकारी दी गई। ओम बिरला ने ट्रस्ट द्वारा झारखंड में आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक कार्यों की सराहना की और ट्रस्ट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### विप्र फाउंडेशन ने बिरला का किया स्वागत



**रांची।** विप्र फाउंडेशन ने रांची के डंगरा टोली स्थित स्वर्ण भूमि वेंकैट हॉल सभागार में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पाठक, प्रदेश सचिव कृष्णा उपाध्याय, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक निरंजन शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री प्रदीप शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शशांक भारद्वाज, विप्र फाउंडेशन के रामगढ़ जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा शामिल थे।

## लातेहार पुलिस का उग्रवादी संगठनों के खिलाफ सराहनीय कार्रवाई : प्रतुल

- केंद्र सरकार भी 31 मार्च 2026 तक उग्रवाद के समाप्ति के लिए संकल्पित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने लातेहार पुलिस की हाल के दिनों में उग्रवादी संगठनों के खिलाफ मिली बड़ी सफलताओं को सराहनीय बताया है।श्री प्रतुल ने कहा कि जिम्मेदार विपक्ष का काम सिर्फ कमियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना नहीं होता है। अपितु अच्छे चीजों की प्रशंसा करना भी होता है।

प्रतुल ने कहा की लातेहार पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के समन्वय से माओवादी उग्रवादी संगठन के 05 लाख के इनामी सबजोनल कमांडर मनीष यादव मुठभेड़ में ढेर कर दिया। वहीं 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर कुंदन को गिरफ्तार भी कर लिया। प्रतुल ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि मनीष यादव वही राक्षस था जिसने अपनी टीम के साथ शहादत पाए सुरक्षाकर्मी के पेट में बम लगाकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। केंद्र सरकार के समन्वय से पूरे देश में उग्रवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। छत्तीसगढ़ का बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे इलाके में भी विकास की किरणें पहुंचने लगी है। प्रतुल ने कहा कि लातेहार जिला प्रशासन को ये सुनिश्चित करना चाहिए की दुरूह क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र निराकरण हो जाए और वह किसी दूसरी समानांतर व्यवस्था का सहारा नहीं लेने की सोचें। प्रतुल ने कहा कि वर्षों बाद यह आशा की किरण जग रही है कि लातेहार से आने वाले समय में नक्सलवाद का समूल नाश हो जाएगा।

### न्यू जर्सी में बिजाना के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए सुदेश महतो, कहा

# झारखंड के प्रवासियों ने अमेरिका में बनाई अलग पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव 2025 में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारत की सांस्कृतिक विरासत अक्षुण्ण रखने एवं उसकी खुशबू बिखेरने में प्रवासी बिहारी–झारखंडी भाई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह देखकर खुशी होती है कि झारखंड के लोगों ने भी अमेरिका में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

श्री महतो ने कहा कि भारत–अमेरिका संबंध को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम भूमिका है। दोनों देशों के बीच व्यापार रिकॉर्ड 191 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिससे अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। अमेरिकी कंपनियों ने अब भारत में 54 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने भारत की राजनीतिक और सैन्य प्रतिष्ठा को विश्व पटल पर स्थापित किया है। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए भारत कमर कस चुका है।

श्री महतो ने उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि बिजाना के प्रयासों के प्रति उनका हमेशा सहयोग बना रहेगा। श्री महतो ने कहा कि बिजाना के कार्यक्रमों में उन्हें पहले भी भाग लेने का मौका मिला है।

बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बिजाना की स्थापना 1975 में की गई थी और यह बिहार एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजाना ने विश्व के साथ भारत के संबंधों एवं छवि को सुधारने की दिशा में भी एक सफल मंच साबित हुआ है। उन्होंने समारोह में शामिल होने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### समारोह में नामी-गिरामी हस्तियों ने भाग लिया

प्रवासी भारतीयों की संस्था 'बिजाना' के दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह में भारत और विश्व भर से अनेक नामी-गिरामी हस्तियों ने भाग लिया। गायक पद्मश्री कैलाश खैर ने अपने सुरों से समां बांधा। श्री महतो के अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह, संगीत निर्देशक विशाख ज्योति, प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीरज झा के आदि हस्तियों ने समारोह को यादगार बनाया। समारोह में अमेरिका के अलावा यूरोप से भी बिहार-झारखंड के प्रवासी भारतीय पहुंचे थे।

11 मई को बाथरूम में गंदे पानी आने की हुई थी शिकायत

# अब तक नहीं मिला रिम्स निदेशक को स्वच्छ पानी



● सरकार की प्राथमिकता सभी को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो : योगेंद्र

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रिम्स अपनी क्षमता से ज्यादा मरीजों का इलाज कर रहा है। इस भीड़ को बांटने के लिए दिल्ली के एम्स के तर्ज पर रिम्स 2 बनने की चर्चा जोरों पर है। बहरहाल, गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे समय में सबसे पहले कुछ चाहिए तो वह है पानी। रिम्स में पानी की अनुप्लब्धता पर शिकायतें तो आती ही थी अब शिकायत बड़ा है और सैकड़ो सवाल खड़ा करने वाला है। पानी की समस्या से रिम्स पीड़ित है अब रिम्स निदेशक भी अछूते नहीं रहे। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रिम्स के निदेशक डा राजकुमार से रिम्स में जल जमाव, पीने के पानी की अनुपलब्धता, नालियों में जमे गंदगी पर सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि निदेशक के क्वार्टर में स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है तो हालात क्या होंगे समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 11 मई को बाथरूम में गंदे पानी आने की शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लिखित रूप में किए थे लेकिन आज 26 मई तक कोई कारवाई नहीं की गई।

## बूटी मोड़ से जा रहा पानी ही मिल रहा रिम्स निदेशक को

बिना फिल्टर किए बदबू युक्त पानी रिम्स में, रिम्स के क्वार्टर में और आधे शहर में सप्लाई की जा रही है। इस गंदे पानी के पीने से सैकड़ों बीमारियों को निमंत्रण मिल है। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने पड़ताल की तो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बूटी मोड़ से सप्लाई पानी एक तिहाई नगर वासियों को मिल रहा है। वही पानी रिम्स पानी को रिम्स के पहले साफ करने का कोई मैक्निज्म नहीं है। वहीं रूक्का डैम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के खराब पड़े क्लोरीनेटर पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने सवाल उठाए थे। एक बात तो स्पष्ट हो गई कि रिम्स निदेशक के क्वार्टर में जा रहा बदब युक्त गंदा पानी जैसा ही पानी एक तिहाई शहर को सप्लाई की जा रही है।

### जांच कर कारवाई की जाएगी : मंत्री



इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद से सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा की जांच कर कारवाई की जाएगी।
सबको पीने का साफ पानी उपलब्ध हो यह हमारी सरकार की प्रथमिकता है। दोषियों को बख्शे नहीं जाने की बात उन्होंने कही है।

## डांस वांस के विद्यार्थियों ने बांधा समां, दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, रिलेशन एवं डांस वांस नृत्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित "सांस्कृतिक संध्या" कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा दिखाई। साथ ही साथ छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का अपने नृत्य के माध्यम से शानदार परिचय दिया। जिसने दर्शकों का दिल छू लिया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक मंच था, जहां उन्होंने अपनी डांस स्किल्स को प्रदर्शित किया और अपने गुरु के दिशा निर्देशन में कला का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। नृत्य कर्मी अतुल्य, सक्षम, तत्सम, साक्षी प्रिया, प्रणीत, सोमेश मांझी, श्रीयांश, सौम्या, नियाशा, मनीषा मुंडा सहित इरसाद मिर्जा, महबूब आलम समेत कई कलाकारों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से लोगों का दिल जीता।

बच्चों ने इधर चला मैं उधर चला, धागे तोड़ लाऊ तेरे संग यारा, चोरी चोरी, मुकाबला, हरे राम हरे राम, मलंग सजना, मनी मनी, आ पचे पचे सहित कई गीतों पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, डांस वांस के निर्देशक शिवम मनोहरण ने सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा- अर्चना

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे वट सावित्री पूजा एवं सोमवती अमावस्या हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण का अलौकिक भव्य श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, प्रसाद भोग, भजन संध्या एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्याम जी को फल, मेवा,चूरमा,पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। वहीं पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार साथ पूजा- अर्चना एवं महाआरती की गई। मंदिर में उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथ जोड़कर परिवार के सुख शांति समृद्धि के लिए भगवान श्री राधा कृष्ण से प्रार्थना की। वहीं सबों ने सामूहिक महाआरती मे भाग लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। इसके बाद 2 घंटे तक भजन- कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आज / कल




## कंचन सिंह बनी सिमडेगा डीसी



**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह सिमडेगा डीसी बनी। झारखंड में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 पदाधिकारियों का तबादला और पोस्टिंग किया गया। कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं भाषा विभाग द्वारा नोटिफिकेशन जरी किया गया।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन का पांच दिवसीय समर कैंप शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने सोमवार को शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में 12 वें निशुल्क पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव वेद बागला, विद्यालय के मार्गदर्शक प्रभाकर अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों और विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समर कैंप के पहले दिन कक्षा 7- 8 की 60 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें उर्मिला पड़िया ने संस्कार ,बेबी शर्मा ने योग ,रेखा जैन एवं मुस्कान ने चित्रकला, सुनील किस्पोट्टा ने जूडो कराटे, मीतू विजयवर्गीय ने नृत्य का प्रशिक्षण दिया ।

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की पति के लंबी उम्र की कामना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा एवं भक्ति के साथ ही पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखकर पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान, सोलह श्रृंगार और पूजा की थाली के साथ शहर के अलग-अलग मंदिरों के समीप वट वृक्ष (बरगद के पेड़) के नीचे बैठकर पूजा अर्चना की। नाक में नथ, माथे पर बिंदिया, हाथों में चूड़ियां और गले में मंगलसूत्र और चुनरी ओढ़ सुहागिन महिलाएं पूरे भक्तिभाव से पूजा में लीन रहीं। पौराणिक परंपरा के अनुसार, सुहागिनों ने पुरोहितों से सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। इसके बाद सिर के खोपा में बरगद के पत्ता खोंसकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और पवित्र मोली धागा लपेटकर अटूट सुहाग की कामना की। सुहागिनों की पूजा थाली में विशेष रूप से बरगद के पत्ते, फल, जल पात्र, दीपक सहित अन्य पूजन सामग्रियां सजी थीं।

## न्यूज़ बॉक्स

### विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को विधि-व्यवस्था संधारण सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर जिला दंडाधिकारी, नक्सल, पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा विधि व्यवस्था, वारंट का कार्यान्वयन, अन्वेषणों की अद्यतन स्थिति, अपराध नियंत्रण, पोस्को अधिनियम से संबंधित मामलों का अनुश्रवण, सर्टिफिकेट केस की अद्यतन स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ / शराब, योजनाओं के क्रियान्वयन में विधि व्यवस्था से संबंधित मामलों आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### समर्पण शाखा ने स्थाई अमृतधारा का किया लोकार्पण



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा सत्र 2025–26 अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में अमृतधारा का लोकार्पण किया गया। शाखा द्वारा स्थाई अमृत धारा की स्थापना वेस्टइंड सोसायटी काजू बगान पिस्कामोड़ में की गई। इस के लिए ममता भिवानिया और प्रेम जीवन भिवानिया का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके लिए शाखा ने उन्हें धन्यवाद दिया । शाखा द्वारा दानदाता और उनके परिवार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्थाई अमृत धारा का लोकार्पण कर जनमानस को समार्पित किया गया है। शाखा का प्रत्येक सदस्य इस कार्य से अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि इस कार्य में अमृतधारा प्रभारी शशि बंका एवं दीपिका टेकरीवाल ने स्थाई अमृत धारा निर्माण में भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, शशि बंका, ममता भीयवानिया, सुनीता अग्रवाल, दीपिका मोतीका, पायल जैन, सोनल शर्मा और अन्य उपस्थित रही।

### बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

**रांची।** श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित रूट राइडर चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम में पुंदाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर, झारखंड विधानसभा, झारखंड हाई कोर्ट, झारखंड मंत्रालय, झारखंड स्टेट क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण कर कर बच्चों को कई जानकारियां दी गई। स्काउट के सभी बच्चे और शिक्षक काफी उत्साहित थे। सभी बच्चों ने 3:00 बजे झारखंड स्टेट क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे, जहा क्रिकेट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव को शॉल बुके देकर उनका सम्मानित किया गया ।

# स्मार्ट सिटी बनने जा रही राजधानी रांची के बीचों बीच मधुकम बरसात में बन जाता है नरक

- पिस्का मोड से मधुकम जाने का रास्ता सालों भर रहता है कीचड़ से भरा
- अंधेरे और मच्छर से स्मार्ट सिटी के बजाय डार्क सिटी का मिलता है नजारा
- पहले निगम के तीन ट्रैक्टर करते थे सफाई, अब सिर्फ एक से होती है सफाई, लगा गंदगी का अंबार

**काजल मेहता/रांची।** राजधानी के हर इलाके की अलग तस्वीर है। कहीं की सड़के भी चमकती है तो कहीं की गलियां तक नरक है। राजधानी रांची धुर्वा क्षेत्र और अन्य जगहों को देख कर लगता है यह चकाचौंध का शहर है लेकिन जब नजर मधुकम क्षेत्र की तरफ जाता है तो नरक सा महसूस होता है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने मधुकम क्षेत्र के हर हिस्से का जायजा लिया और वहां रह रहे लोगों से जानने की कोशिश की। यहां किस किस तरह की परेशानियां होती हैं। लोगों ने बताया कि यहां सबसे बड़ी परेशानी कचरे और गंदगी से होती है। बीमारी, मच्छर बदबू से यहां के लोग परेशान रहते हैं। हालांकि सभी ने पूर्व वार्ड पार्षद की भी काफी सराहना की।



### सड़क पर पानी हमेशा बहते रहता है : अशोक



दुकानदार अशोक ने कहा कि न्यू मधुकम सुझाती नगर में सड़क पर पानी हमेशा बहते रहता है। बारिश के दिनों में और भी ज्यादा परेशानी होती है। अशोक ने बताया कि बारिश के दिनों में तो परेशानी होती ही है लेकिन आम दिनों में भी परेशानी होती है। इन सभी लोगों के अलावा मधुकम में आदिवासी समाज के लोग भी बसे हुए हैं जो गंदगी का शिकार हो रहे हैं। उनसे जब राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने बात करने की कोशिश कि तो उन्होंने कहा हमें गंदगी में रहने की आदत हो चुकी है।

### कचरा गाड़ी नहीं आने से लोग बाहर फेंक देते हैं : मुन्नी देवी



मुन्नी ने कहा कि 2006 से यहां रह रहे हैं। तब से ही यही हाल है,अब आदत हो गई है। इन्होंने बताया कि पूर्व पार्षद अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं। साफ सफाई करवाते रहते हैं। लेकिन कचरा गाड़ी नहीं आती इस वजह से लोग घरों का कचरा बाहर फेंक देते हैं।

### बरसात के समय में परेशानियां चार गुना बढ़ जाती है : राज वल्लव



मधुकम निवासी अधिवक्ता राज वल्लव सिंह ने कहा कि वैसे तो पूरे साल कचरे और नाली के पानी के कारण ही परेशानी होती है। लेकिन बरसात के समय में परेशानियां चार गुना बढ़ जाती है। क्योंकि बरसात के समय में पानी सड़कों पर आ जाता है। इसके पीछे कारण है कि निगम सही तरीके से लगातार नालियों की सफाई नहीं करता है जिस कारण नालियां जाम हो जाती है और पानी ओवर फ्लो हो जाता है। निगम को स- समय नालियों की सफाई करते रहना चाहिए।

### गंदगी है पर सफाई हो रही है : पूर्व वार्ड पार्षद



पूर्व वार्ड पार्षद राहुल चौधरी ने कहा कि गंदगी तो है लेकिन उसकी सफाई भी होती है। उन्होंने कहा अभी हमारे अधिकार में कुछ भी नहीं है बावजूद इसके जनसमस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब पार्षद हुआ करते थे उस वक्त निगम के तीन ट्रैक्टर कचरा उठाने के लिए निगम भेजती थी लेकिन अब मात्र एक ट्रैक्टर आता है जिस वजह से कचरा का उठाव हो नहीं पाता है। हालांकि सड़कों और नालियों के बारे में उन्होंने कहा कि कई जगहों पर अब सड़के और नालियां बनवाने की शुरुआत हो चुकी है।

### गंदगी में अब रहने की आदत हो चुकी है : बसंती देवी



बसंती देवी ने कहा कि इस क्षेत्र में वर्षों से यही हाल है। उन्होंने यह भी कहा कि गंदगी तो है लेकिन अब रहने की आदत हो चुकी है। पूर्व वार्ड पार्षद के द्वारा आज भी साफ़ सफाई करवाया जाता है। जिस से थोड़ी राहत है। उन्होंने कहा यदि कचरा गाड़ियां समय से हर क्षेत्र में जाने लग जाए तो लोग बाहर कचरा फेकेंगे नहीं और गंदगी पर लगाम लगेगा।



# दृढ़ता और उत्कृष्टता की कहानी है पीतांबर अग्रवाल की यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सफलता इस बात से तय नहीं होती कि कोई कहां से शुरू करता है, बल्कि इससे तय होती है कि वह अपनी यात्रा में कितनी मेहनत, समर्पण और धैर्य दिखाता है। पीताबंर अग्रवाल की कहानी भी ऐसी ही एक प्रेरणादायक दास्तान है, जो यह साबित करती है कि मजबूत इरादों से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। पीताबंर का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। उनके माता-पिता गोपाल अग्रवाल और सबिता देव ने उनके बेहतर भविष्य के लिए कई त्याग किए। उनके पिता की एक छोटी निजी नौकरी से ही घर का खर्च चलता था, फिर भी शिक्षा का महत्व कभी कम नहीं हुआ। बचपन से ही पितांबर में उत्कृष्टता प्राप्त करने की चाह गहराई से समाई हुई थी। उनकी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत सीसीएल के सीएसआर योजना सीसीएल के लाल (2015-17 बैच) से हुई, जहां उन्हें सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के आईआईटीयन अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन मिला। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने कक्षा 10 में 10 सीजीपीए और कक्षा 12 में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया। इंजीनियरिंग के प्रति उनके जुनून ने उन्हें जेईई मेन्स और एडवांस्ड परीक्षा में सफलता दिलाई, जिससे वे जादवपुर विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग पढ़ने पहुंचे। 2021 में स्नातक करने के बाद पितांबर ने डेटा साइंस के क्षेत्र में कदम रखा और एक्सेंचर रणनीति में डेटा साइंटिस्ट की भूमिका निभाई। पिछले चार वर्षों में उन्होंने उन्नत विश्लेषणात्मक कौशल और समस्याओं के समाधान में विशेषज्ञता हासिल की और व्यवसायों के लिए मूल्यवान इनसाइट्स प्रदान किए। लेकिन पिताम्बर की महत्वाकांक्षाएं यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने सीएटी परीक्षा की तैयारी शुरू की और 99.29 परसेंटाइल प्राप्त कर देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में जगह बनाई। इसी दौरान उन्हें एसएससी सीजीएल 2024 के माध्यम से जीएसटी इंस्पेक्टर के रूप में चयनित किया गया।

## डीएसपीएमयू में पांच दिवसीय बुक डोनेशन कैंपेन शुरू

**रांची।** पूरनचंद फाउंडेशन और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से विश्वविद्यालय परिसर में पांच दिवसीय बुक डोनेशन कैंपेन की शुरुआत हुई। यह अभियान 30 मई तक चलेगा। कैंपेन की शुरुआत के पीछे विशेष कारण है आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों तक शैक्षणिक सामग्री पहुंचना। विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट और जूलॉजी विभागों में संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां छात्र, शिक्षक और स्थानीय नागरिक अपनी पुरानी, लेकिन उपयोगी किताबें दान कर सकते हैं। पूरनचंद फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध कराना है जो आर्थिक तंगी के कारण शैक्षणिक सामग्री खरीदने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं।

## मांडर के मुख्य डाक घर में तार टूट क़र गिर जाने से लगी आग डाक अधीक्षक ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के मुख्य डाकघर के एक कमरे में बिजली का तार गिर जाने से रविवार की रात को करीब साढ़े दस बजे आग लग गया। आग से कमरे के ऊपर का एस्बेस्ट्स शीट, स्टेबलाइज़र, मेन सरवर ,सी पी यू एवं वायरिंग पूरी तरह से जल गया। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। बताया गया कि डाकघर के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट का करंट प्रवाहित तार कमरे के ऊपर गिर गया था। जिससे आग लग गया। ग्रामीणों व मांडर पुलिस की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। सुचना मिलने पर डाक विभाग के एस एस पी उदयभान सिंह, ए एस पी अजय कुमार ने आग लगने से हुई क्षति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द इसे ठीक कराने का निर्देश दिया। मौक़े पर पोस्ट मास्टर संजय टूटी, प्रधान सहायक विजय आनंद, ओवर सियर विष्णु गोप, ऋषिकांत मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय थांग-ता सेमिनार के लिए कृष्णा व ममता मणिपुर रवाना

**रांची।** थांग-ता फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आगामी 27 से 30 मई तक मणिपुर की राजधानी इम्फाल में आयोजित होने वाली है। राष्ट्रीय थांग-ता सेमिनार में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए कृष्णा कुमार शाव तथा ममता के. पांडेय मणिपुर के लिए रवाना हो गए। इस चार दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर से स्वदेशी खेल थांग-ता से जुड़े कोच एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे जिन्हें ग्रैंड मास्टर एच. प्रेम कुमार सिंह द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा इस खेल के प्रतिस्पर्धात्मक नियमों के तकनीकी जानकारी तथा व्यावहारिक अभ्यास सत्र भी आयोजित होगी। सेमिनार का समापन 30 मई को 92वां थांग-ता रिवाइवल डे के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह के साथ होगा।

### फेसबुक हैक कर आत्तिजनक पोस्ट कर बदनाम करने की साजिश, थाना में की शिकायत

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड के गोड़ाडीह निवासी लोबिन चंद्र महतो ने सिल्ली थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत पत्र में उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में आजसू पार्टी की सोशल मीडिया कार्य देख रहा हूं। मेरा फेसबुक पेज बीते दिन अज्ञात के द्वारा हैक कर लिया गया था और आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा था और मुझे बदनाम किया जा रहा है। मेरे साथ साथ आजसू पार्टी के छवि को भी धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात के द्वारा किया गए पोस्ट से किसी को पीड़ा पहुंची है तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। साथ ही अज्ञात की जांच कर कार्रवाई करने की कृपा करें।

## शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** शादी का झांसा देकर आदिवासी युवती से शारीरिक शोषण, आरोपी समित गुप्ता के खिलाफ सुखदेवनगर थाना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि शादी का झांसा देकर 3 सालों तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप पीड़िता ने लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व प्रखंड प्रमुख रेणु देवी का निधन भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर



**खलारी।** भाजपा नेत्री एवं पूर्व खलारी प्रखंड प्रमुख रेणु देवी का रविवार को मोहननगर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे पिछले छह महीने से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। भाजपा खलारी मंडल की ओर से गहरी संवेदना प्रकट की गई है। मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने कहा कि रेणु देवी पार्टी की एक समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता थीं। पार्टी की विभिन्न गतिविधियों में उनका योगदान हमेशा सराहनीय रहा। रेणु देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करने और शोक प्रकट करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, जितेन्द्रनाथ पांडेय, शैलेन्द्र शर्मा, श्यामसुन्दर सिंह, शशिप्रसाद साहू, शत्रुंजय सिंह, कार्तिक पांडेय, रामसूरत यादव, कृष्णा चौहान, आनंद सिंह, रतन लाल, दिलीप गंझू, प्रताप यादव, शशि तुरी, अनिल तुरी, जफरुद्दीन अंसारी, रविभूषण सिंह, गणेश महतो, अभिषेक चौहान, कमलेश महतो, प्रमोद प्रजापति, लालबाबू सिंह, भोला गंझू, राजु गुप्ता, ममता केशरी, नीरा देवी, सरिता देवी, दीपशिखा पांडेय, सरोजनी देवी, जयंती देवी, बीना देवी, संजीता देवी, मनोज सिंह, सुबोध रजक, हरी पाहन, तलेसर महतो, संजीत कुमार महतो, दीपक बहादुर, सुरेश साव, मनोज निषाद, प्रदीप प्रामाणिक, बीरबल गंझू, वीरेंद्र मुंडा सहित अनेक

## बीएसएनएल एक्सचेंज से कीमती टेलिकॉम उपकरणों की चोरी

# बीएसएनएल की सेवाएं ठप तीन दिन लगेंगे बहाली में



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी भारत दूर संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के खलारी स्थित एक्सचेंज में रविवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए अत्यंत कीमती टेलिकाम उपकरणों और कापर केबल की चोरी कर ली। चोरी की इस वारदात के बाद खलारी सहित डकरा, बचरा क्षेत्रों में बीएसएनएल की सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर बीएसएनएल मांडर एसडीओ प्रत्यूष पाठक खलारी एक्सचेंज पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 25 जून की रात ठीक 12.02 बजे नेटवर्क डाउन होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि चोर एक्सचेंज भवन की खिड़की तोड़कर भीतर घुसे और महंगे उपकरणों की चोरी कर ली। चोरी गए उपकरणों में कापर केबल, कापर स्ट्रीप्स, डीडब्ल्यूडीएम, एमएडीएम के काड्र्स और एंटीना केबल शामिल हैं। एसडीओ पाठक द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद खलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। इस संबंध में खलारी थाना में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि इस जांच की जा रही है। जो भी इस तरह की हरकत की है, उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा और उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की घटना निंदनीय है। इस बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रविवार से रात 12 बजे से ही सेवाएं ठप थीं

की इस घटना का असर खलारी एक्सचेंज के साथ-साथ बचरा और डकरा एक्सचेंज पर भी पड़ा। रविवार रात 12 बजे से इन क्षेत्रों की सेवाएं भी बंद हो गई थीं। हालांकि, सोमवार अपराह्न 3 बजे बचरा व डकरा एक्सचेंज की सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गईं। एसडीओ प्रत्यूष पाठक ने बताया कि खलारी एक्सचेंज में बीएसएनएल की फाइबर व अन्य सेवाओं को पूरी तरह से चालू करने में कम से कम तीन दिन का समय लगेगा। इसके लिए एक्सचेंज परिसर में सिविल मरम्मत कार्य के साथ-साथ चोरी गए उपकरणों की पुन: स्थापना आवश्यक है। बीएसएनएल के वरीय अधिकारियों को घटना की पूरी जानकारी दे दी गई है।

## सिल्ली में बालू लदे टर्बो ने युवक को रौंदा मौके पर हुई मौत



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत बंसिया गांव निवासी अशोक बडाईक का रविवार की रात अवैध बालू लदा टर्बो की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक अशोक बडाईक सिल्ली से अपने घर बंसिया जा रहे थे इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही अवैध बालू लदा टर्बो ने चपेट में ले लिया जिससे उनकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई।इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया,घटना स्थल पर सिल्ली थाना पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिंग्स भेज दिया गया। वहीं टर्बो थाना के द्वारा पकड़ लिया गया।मौके पर ड्राइवर भागने में सफल रहा।

## तेली समाज ने ओम बिरला का किया स्वागत



**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुबास साहु ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अंगवस्त्र भेंट कर अपने समाज के तरफ़ से अभिनंदन व स्वागत किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल एवं पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, अजय मारू मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सभा की तैयारी को लेकर बैठक

**सिल्ली।** रांची जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक सचिव मंजूर मोमिन की अध्यक्षता में कुटाम में बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्यसभा सांसद सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी का आगमन झारखंड के पावन धरती पर मंगलवार के दिन दोपहर 2 बजे इटकी ,कुन्दी मैदान (राँची) मे होने जा रहा है। इस दौरान इमरान प्रतापगढ़ी ''जय हिंद सभा'' कार्यक्रम में उपस्थित होकर हजारो की संख्या मे शामिल विशाल जनसैलाब को संबोधित करेगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का अपील किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक महासचिव रमजान अंसारी, सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, आयुब अंसारी, कयूम अंसारी, अन्न अंसारी, सफेद अंसारी, तनवीर अंसारी, मुसरफ अंसारी, इत्यादि उपस्थित हुए।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ खलारी में एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन

**खलारी।** गायत्री प्रज्ञा पीठ प्रांगण, खलारी में एक दिवसीय एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ डकरा के परिव्राजक भोला प्रसाद एवं मिथिलेश प्रजापति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अरुण चौरसिया मुख्य यजमान के रूप में अपनी पत्नी के साथ यज्ञ में सम्मिलित हुए। यज्ञ के दौरान परिव्राजक मिथिलेश प्रजापति ने बताया कि यह आयोजन पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचार क्रांति अभियान 'मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण' को साकार करने हेतु किया गया है। उन्होंने कहा कि गायत्री यज्ञ न केवल आत्मिक शुद्धि का माध्यम है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और चेतना के संचार का भी सशक्त स्रोत बनता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि जब भी अवसर मिले।

## जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक

# जगन्नाथपुर मेला के बेहतर आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को 27 जून से 5 जुलाई 2025 तक चलने वाली ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई।
बैठक में अपर दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता आवासीय दंडाधिकारी हटिया शायनी तिग्गा और जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष रनेंद्र कुमार, सचिव, मिथलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सदस्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। पूरे मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की 27 जून से 5 जुलाई 2025 तक होने वाली ऐतिहासिक रथ यात्रा के दौरान जगन्नाथपुर मंदिर के आस-पास पुरे मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया जाएगा। ताकि मेला के दौरान भगवान जगन्नाथ के भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन में कोई परेशानी न हो।
उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की रथ मेला के दौरान लगने वाले झूलों में कोई दुर्घटना ना घटे इसको लेकर सम्बंधित सभी झूला संचालक सम्बंधित सुरक्षा मानकों का ध्यान रखेंगे। साथ ही इसे सम्बंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध रखेंगे।

## श्रद्धा और आस्था से मनाया गया वट सावित्री व्रत



**चान्हो/मांडर।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, निष्ठा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं स्नान कर पारंपरिक श्रृंगार में सजकर वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। महिलाओं ने विधिपूर्वक वटवृक्ष की पूजा कर कच्चे धागे से वृक्ष की परिक्रमा करते हुए अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के बाद महिलाएं वटवृक्ष की छाया में बैठकर पुजारी से वट सावित्री व्रत की कथा सुनती रहीं। मंदिरों में भी यह आयोजन भक्ति भाव से संपन्न हुआ। कथा श्रवण के पश्चात महिलाओं ने दान-पुण्य कर व्रत की पूर्णता की।इस अवसर पर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों का आशीर्वाद लेकर शुभकामनाएं साझा की गईं। महिलाओं ने 108 बार परिक्रमा कर जताई आस्था। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर 24 घंटे उपवास करती हैं और पूजा के दौरान वटवृक्ष की 108 बार परिक्रमा करतीं हैं। साथ ही वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधते हुए अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करती हैं। मान्यता है कि यह व्रत वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाता है और पति की उम्र लंबी करता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सावित्री ने अपने तप और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। तभी से इस दिन को वट सावित्री व्रत के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में इस व्रत को अत्यंत फलदायी और पुण्यदायक माना गया है। महिलाओं की बड़ी संख्या ने भाग लेकर इस पर्व को सफल और भक्ति भाव से परिपूर्ण बनाया। व्रत के दूसरे दिन ही महिलाएं अन्न-जल ग्रहण करती हैं।

## वट सावित्री पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

**सिल्ली/मुरी:** ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाने वाला अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री का पूजा सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्रों में हर्षोउल्लाह के साथ संपन्न हुआ।सुहागन स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखकर वट वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। इसी क्रम में महिलाओं ने वट वृक्ष का परिक्रमा करते हुए वृक्ष के तने पर 108 परिक्रमा कर रक्षा सूत्र लपेटा और मन में पति की लंबी उम्र की कामना की। यही कारण है कि इस व्रत में वटवृक्ष का विशेष महत्व है। पूजन के क्रम में सुहागन महिलाओं ने बताया कि यह पर्व स्त्रियों के सतीत्व,श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक बन गया है। सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य, और वैवाहिक जीवन में सुख शांति मिलती है। सभी महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को सिंदूर लगाकर खुशहाल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## जनता दरबार में समस्याओं का हो रहा समाधान

# समस्या हो तो अबुआ साथी पर करें शिकायत : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में आज जनता की समस्याओं के समाधान से जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। लगातार जनता दरबार में अपनी शिकायतें लेकर आनेवाले लोगों की संख्या बढ़ रही हैं। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की संख्या काफी ज्यादा रही। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में राजस्व, पेंशन, प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण, भूमि पर अवैध कब्जा एवं बिक्री आदि से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया गया। भूमि से संबंधित प्राप्त शिकायतों की ऑनलाइन अद्यतन स्थिति जांचते हुए फोन पर संबंधित अंचल अधिकारी को उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के दौरान ही जरुरी निर्देश दिए गए। जनता दरबार में सुकर पालक संघ द्वारा होटल वेस्टेज पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित आवेदन दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में संघ को पूरी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, जिसे आज संघ द्वारा उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा एवं बिक्री से संबंधित शिकायतें भी आयी। जिसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी से बात कर मामले की जांच के आदेश दिये। अनुमण्डल पदाधिकारी को भी उपायुक्त द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

## तेज रफ्तार कार ने एक को अपनी चपेट में लिया, हुई मौत

**पिठौरिया।** आजकल जिस तरह से सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहनों का आवागमन हो रहा है उससे आए दिन लोगों की जानें जा रही हैं। वाहन चलाने के समय न तो स्पीड़ब्रेकर देखा जाता और न ही रफ्तार को, जिससे लोग दुर्घटना के शिकार हो जाता है। कुछ इसी तरह का मामला पिठौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत केला बागान मोड़ के पास लगभग 7:35 बजे तेज रफ्तार कार ने पैदल घर जा रहे महेश महली, को अपनी चपेट में ले लिया जिससे महेश महली, की घटना स्थल पर मौत हो गई। महेश महली अपने पीछे अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चे प्रकाश कुमार 8 वर्षीय और अंजली कुमारी 13 वर्षीय को छोड़कर चले गए। ग्रामीण बताते हैं परिवार का भरण पोषण करने वाला इकलौता महेश ही थे। पिठौरिया थाना ने बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।


## हिंदी साहित्य भारती ने ओम बिरला का किया अभिनंदन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची स्थित स्वर्ण भूमि वेंकट हॉल में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्मान किया गया। यह समारोह न केवल जनप्रतिनिधित्व के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि साहित्य और संस्कृति का भी एक अद्भुत संगम प्रस्तुत करता दिखाई दिया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक, संगठन महामंत्री अजय राय, उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर मिश्र, मीडिया प्रभारी संजीव दत्ता ने ओम बिरला को पुष्पगुच्छ भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर तथा साहित्यिक कृति प्रदान कर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। संस्था के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार द्वारा रचित गोदान के काव्य रूपांतरण की पुस्तक श्री बिरला को भेंट की गई, जो साहित्य प्रेमियों के लिए एक विशेष क्षण बन गया। हिंदी साहित्य भारती ने अपने अभिनंदन के माध्यम से यह संदेश दिया कि राष्ट्र के सर्वोच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के साथ संवाद आवश्यक है। श्री बिरला ने भी इस अवसर पर साहित्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेमचंद की गोदान जैसे कालजयी उपन्यासों को काव्य रूप में प्रस्तुत करना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**खलारी।** ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर सोमवार को खलारी क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत रखकर बरगद के पेड़ की पूजा की और अपने पति की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में पूजा को लेकर उत्साह का माहौल रहा। महिलाएं साड़ी, चूड़ी, सिंदूर एवं अन्य सुहाग सामग्रियों से सजी-धजी नजर आईं। वटवृक्ष के नीचे बैठकर उन्होंने व्रत कथा का श्रवण किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। विधान के अनुसार वट वृक्ष की परिक्रमा कर सूत लपेटा। पूजा के दौरान वट वृक्ष को पंखा झला। पुजारी द्वारा सावित्री सत्यवान की कथा सुनाई गई। पूजन के उपरान्त सुहागिनें घर आकर अपने पति को भी पंखा झली और प्रसाद खिलाया।

# सुहागिनों ने सज-धजकर की वट सावित्री पूजा, पति के दीर्घायु होने की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। सुहागिन महिलाओं ने सज धज कर बरगद पेड़ के नीचे बैठ विधि विधान से पूजा अर्चना की।वहीं बरगद के पेड़ में मौली, धागा लपेटकर पति के दीर्घायु होने की कामना की। पूरे प्रखंड क्षेत्र में इस पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। घरों के आसपास स्थित बरगद पेड़ के पास महिलाएं समूह में एकत्रित हुई। इस दौरान सुहागिनों ने प्रसाद के रूप में गुड़,भीगे चने,आटे से बनी हुई मिठाई,खीरा,कुमकुम, रोली, मोली,पांच प्रकार के फल,पान का पत्ता,धुप,घी का दीया, एक लोटे में जल और पंखा लेकर बरगद पेड़ के नीचे विधि विधान से पूजा किया।वहीं पूजा करा रहे पंडितों के निर्देशानुसार सुहागिनों ने जल व प्रसाद चढ़ाया और धूप तथा दीप जलाकर वृक्ष के चारों ओर मौली धागा लपेटकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूजा कर रहे पंडितों ने सत्यवान और सावित्री की मार्मिक कथा सुना कर इस पूजा का महत्व बताया। जिसके बाद सुहागिन महिलाएं अपने घर जाकर पूजा अर्चना की और पति को प्रसाद खिलाकर व पंखे की हवा देकर पति से आशीर्वाद लिया।

## गोरहर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध पशु परिवहन के मामले में दो को भेजा जेल




बरकट्ठा। गोरहर पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन संख्या जेएच10 सीयु-9240 पर अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 7 पशुओं को पकड़ा। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज।जिसमें सन्नी कुमार 22 वर्ष,पिता हरेराम यादव, मंगुरा (सिअरुआ), थाना जगदीशपुर, जिला भोजपुर (बिहार)तथा राजेंद्र सिंह करीब 42 वर्ष, पिता जगदीश सिंह,बभनी (ईटावा), थाना दावथ, जिला रोहतास (बिहार) शामिल हैं।वहीं गोरहर पुलिस ने थाना में कांड संख्या 23/2025, दिनांक 26/05/25 दर्ज किया गया। पुलिस ने पशुओं को अवैध रूप से परिवहन करने के आरोप में सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की है। गोरहर पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध पशु परिवहन के खिलाफ एक बड़ा संदेश गया है।

## न्यूज बॉक्स

### दो दिवसीय नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



डॉ महलक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन रामगढ़ की अध्यक्षता मे दो दिवसीय नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम से संबन्धित प्रशिक्षण 26 मई से 28 मई तक आयोजित किया जाएगा। सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन सिविल सर्जन द्वारा किया गया। जिले के सभी सीएचसी एवं सदर अस्पताल से चार एएनएम एवं एक जीएनएम को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण का उद्धेश्य सुरक्षित एवं स्वस्थ प्रसव कराना तथा जनोपरांत नवजात शिशु के स्वास्थ्य की देख भाल करना है। जिसका विशेष उद्धेश्य प्रसवोपरांत नवजात शिशु की देख भाल एवं उसकी सुरक्षा करना है। कार्यक्रम का संचालन डीआरसीएचओ, डीपीएम एवं डीपीएमयू कोर्डिनेटर विमल केशरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ आशुतोष त्रिपाठी एमओआईसी गोला एवं डॉ रश्मी रोमिला सांगा एमओआईसी मांडू द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया।

### झाकोमयू ने पीओ से मिलकर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की



**रामगढ़।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन तोपा शाखा ने सोमवार को तोपा परियोजना पदाधिकारी एमके सिंह साथ परिचय बैठक किया। बैठक में यूनियन के लोगों ने परियोजना पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। वहीं लोगों ने परियोजना पदाधिकारी से अपने क्षेत्र के समस्या से अवगत कराया। जिसमें तोपा में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर चौक-चौराहों व सन्नाटा रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगाने, रात्रि गश्ति बढ़ाने के साथ पुलिस के साथ मिलकर पेट्रोलिंग करने आदि समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर पीओ ने पहल करने का भरोसा दिलाया। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी, क्षेत्रीय सचिव राम सिंह, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र टुडू, सचिव मांगू मांझी, उपाध्यक्ष चंदन कपूर, लालदेव महतो, संरक्षण रामनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

### जल्द होगा कलाकारों का बीमा योजना कई योजनाओं पर लगी मुहर




**हजारीबाग ।** आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के बैनर तले परिसदन भवन में अध्यक्ष राम किशोर सावंत के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया ।इस बैठक में हजारीबाग कलाकार समाज के सभी बैनर के लोग ने भाग लिया ,कार्यकम की संचालन करते हुए तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार ने कलाकारों के उत्थान के लिए कई विषयों पर प्रकाश डाला। जिसमें मुख्यता झारखंड सरकार के द्वारा पारित कलाकार बीमा योजना के बारे में उपस्थित सभी कलाकारों को अवगत कराया ।इस बैठक में हजारीबाग में सभी मंच से जुड़े कलाकारों ने अपनी अपनी बातों को बैठक में साझा किया जिसमें कई बाते कलाकारों के हित में की गई ।इस बैठक में मुख्यता अध्यक्ष राम किशोर सावंत पूर्व अध्यक्ष अकास सुबोध जेएमएम के केंद्रीय सदस्य सह कलाकार विकास राणा ने कलाकारों के उत्थान को लेकर कई बाते से उपस्थित कलाकारों को अवगत कराया ।इस बैठक में कई सारी बातों पर मुहर लगाई गई जिसमें मुख्यता वर्ष में एक बार सभी बैनर के कलाकार के द्वारा शहर के नगर भवन में बड़े कार्यकर्म का आयोजन करेंगे जिसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी कलाकारों को चिन्हित कर झारखंड सरकार के द्वारा बीमा योजना से जोड़ा जाएगा ।सभी कलाकारों के उत्थान के लिए एक बैनर में लाया जाएगा ताकि सभी को सम्मान लाभ मिल सके ।आने वाले समय में हजारीबाग में भी कलाकारों के लिए जिला प्रशासन से एक भवन की मांग रखी जाएगी ,ताकि भविष्य में होने वाले सभी कार्यकर्म बैठक इसी भवन में की जा सकेगी जैसी ओर भी अन्य बातों को रखा गया ।इस बैठक में मुख्यता हंसराज लोहारा ,शोभा सिन्हा, राजपाल नारायण, धर्मेंद्र ठाकुर,विनीत जैन,बजरंगी,अंकित,आयुष सिन्हा,अशोक वर्मा,राजा निजामुदीन,बबलू सिन्हा, मुकेश राम प्रजापति,आर्टिस्ट टिंकु एवं डॉ. धीरज गुप्ता उपस्थित थे।

### श्री सद्गुरु कबीर प्रगट महोत्सव की कलश यात्रा का धूमधाम से हुआ समापन



**हजारीबाग ।** अशोक नगर कैनरी रोड, हजारीबाग में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर प्रगट महोत्सव एवं बरसाइत पूजा महोत्सव का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ हुआ। यह तीन दिवसीय आयोजन 26 मई से 28 मई तक चलेगा। महोत्सव की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा सुबह 9 बजे अशोक नगर कैनरी रोड से प्रारंभ हुई। यात्रा झील तक पहुंची, जहां कलशों में जल भरा गया। इसके पश्चात यात्रा डिस्ट्रिक्ट मोड़, मटवारी, कोर्रा होते हुए पुनः अशोक नगर में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर भ्रमण के दौरान डिस्ट्रिक्ट मोड़ पर श्रद्धालुओं के बीच 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के दौरान सत्संग, भजन एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने अध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। आयोजकों के अनुसार, आगामी दो दिनों तक सत्संग, भजन, प्रवचन और विविध धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचकर श्री सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस को श्रद्धा एवं उत्साह से मना रहे हैं।

## श्रद्धापूर्वक की गई वट सावित्री पूजा

### सुहागिनों ने पति के दीर्घायु होने की कामना के साथ की वट सावित्री पूजा




**रामगढ़ ।** जिले में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने विधि पूर्वक और भक्तिभाव के साथ वट सावित्री पूजा किया । इस क्रम में सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु होने की कामना की। इसके पूर्व सुहागिन महिलाएं उपवास रखते हुए वटवृक्ष की पूजा-अर्चना के बाद बरगद पेड़ की परिक्रमा कर उसमें रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही पति व अपने घर परिवार की सुख-समुद्धि की कामना की। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने पुजारी मिथलेश तिवारी से सावित्री-सत्यवान की कथा के साथ यमराज द्वारा सावित्री को दिये गये वरदान की कथा सुनी। मौके पर मिथलेश तिवारी ने पूजा संपन्न करवाते हुए कहा की जो सुहागिन महिलाएं विधि पूर्वक वट सावित्री पूजा करती हैं उनके पति दीर्घायु होते हैं और घर में सुख समृद्धि आती है। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर वट सावित्री पूजा की शुभकामनाएं दी ।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभाग में माइक्रोस्कोप ख़राब

# महीनों से बंद है मोतियाबिंद का ऑपरेशन, जरूरतमंद बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



● सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री और डीसी को किया ट्वीट, कहा यथाशीघ्र लें संज्ञान, नया माइक्रोस्कोप अधिष्ठापित कर जल्द चालू कराएं ऑपरेशन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल अवस्थित नेत्र विभाग में माइक्रोस्कोप ख़राब होने के कारण पिछले कई महीनों से मोतियाबिंद सर्जरी बंद है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मोतियाबिंद का सर्जरी आमतौर पर वैसे उम्रदराज या बुजुर्ग जनों का ही होता है जिनके आंखों का लेंस धुंधला हो जाता है। धुंधले लेंस को हटाकर एक कृत्रिम लैंस से बदलने की प्रक्रिया मोतियाबिंद सर्जरी होती है जो आँखों के दृष्टि को बहाल करने में मदद करता है। मोतियाबिंद सर्जरी में माइक्रोस्कोप सर्जन को आंख के अंदर सांप और सटीक रूप से देखने में मदद करता है जिससे सर्जरी के दौरान सटीक और सुरक्षित प्रक्रिया पूर्ण कर सफल सर्जरी हो सके। लेकिन हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभाग में मोतियाबिंद के सर्जरी में उपयोग होने वाला माइक्रोस्कोप सालों पुराना होने के कारण हमेशा खराब होता रहा है। कभी इसका लाइट काम नहीं करता है तो कभी पुराना मॉडल होने के कारण अन्य प्रकार की तकनीकी समस्या आती है। बीते फरवरी माह से यह माइक्रोस्कोप पूरी तरह कबाड़ स्थिति में है और इनके खराब होने के कारण यहां मोतियाबिंद का सर्जरी पूर्णतः बंद हो गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हर महीने यहां करीब 50 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन होता था और यहां ऑपरेशन होने से बुजुर्ग जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को काफी राहत होती थी। मोतियाबिंद का ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत भी हजारीबाग और आसपास के जिले में कुछ गिने- चुने जगहों पर ही होता है और निजी स्तर से कराने पर इसके सर्जरी में करीब 35- 40 हज़ार का खर्च आता है । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद मनीष जायसवाल को अवगत कराया है साथ ही सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी और जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र मोतियाबिंद का सर्जरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभाग में चालू करने की मांग की।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा, अखंड सुहाग का मांगा वर



**बरही।** पति परमेश्वर के सिवा मुझको ना कोई परमेश्वर चाहिए जैसे मंगलकामनाओं के साथ प्रखंड के सभी पंचायतों में सनातनी सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु, सुख समृद्धि और सुरक्षित जीवन के लिए वट सावित्री की पूजा किया. इस पावन अवसर पर सुबह से ही सुहागिन महिलाएं का ब्रह्मस्वरूप वट वृक्ष के पास पूजा और फेरे के लिए तांता लगा रहा. मान्यता के अनुसार सावित्री व्रत करने से जीवन में चल रहे सभी कष्ट मिटते हैं. सौभाग्य अखंड बना रहता है. साथ ही वैवाहिक जीवन की परेशानियां दूर होती है. पौराणिक कथा के अनुसार पतिव्रता सावित्री ने अपने मृत पति सत्यवान के जीवन को यमराज से वापस लाया था. तभी से वट सावित्री की पूजा प्रचलन में आई. इस मौके पर प्रत्येक सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा का आशीर्वाद मांगती हैं. इस अवसर पर डीवीसी, हरिला, धोबी टोला, मल्लाह टोली, हजारीबाग रोड, सूर्य मंदिर आदि सहित प्रखंड के गौरिया करमा, बरसोत, करियातपुर, कोल्हुआ कला आदि विभिन्न पंचायतों में सुहागिनों ने सावित्री व्रत पूरे श्रद्धा के साथ किया.

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज,

# बरही और चौपारण के वीएलई होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

मंगलवार को प्रखंड के पश्चिमी पंचायत भवन में सीएससी की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है. जिसमे बरही और चौपारण के विभिन्न पंचायत के वीएलई भाग लेंगे. प्रशिक्षण पूर्वाहन 10:00 बजे से प्रारंभ होगा. उक्त जानकारी जिला कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन अंसारी व रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से दी. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सीएससी की विभिन्न सेवाओं के बारे में ऑनलाइन करने की जानकारी दी जाएगी. प्रशिक्षण शिविर में दोनों प्रखंडों के वीएलई को आमंत्रित किया गया है. बताया गया कि सीएससी भारत सरकार की ई गवर्नेंस परियोजना के तहत संचालित होने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है. जिसके माध्यम से सरकार के कई महत्वपूर्ण कार्य ग्राम स्तर उद्यमी (वीएलई) के माध्यम से किए जा रहे है. जिससे ग्रामीणों को डोर स्टेप पर सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल रहे हैं.

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए की वट सावित्री पूजा

**गिद्दी।** गिद्दी कोयलांचल की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख समृद्धि के लिए वट सावित्री की हर्षोल्लास पूजा अर्चना की। गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, वाशरी कॉलोनी सहित आस पास के गांवों की सुहागिनों ने बरगद वृक्ष के पास विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके की। इसके बाद बरगद वृक्ष की परिक्रमा कर भगवान विष्णु से पति की लंबी उम्र और परिवार वालों की सुख समृद्धि की कामना की। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री पूजा को लेकर उपवास रखकर स्नान आदि सोलह श्रृंगार करके बरगद वृक्ष के पास मौसमी फल और फूल अर्पित कर सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनी। पुरोहित ने पूजा करने वाली सुहागिन महिलाओं को कथा सुनाकर वट सावित्री पूजा के महत्व के बारे में बताया। सोमवार को वट सावित्रि पूजा को लेकर सुबह से लेकर दोपहर तक बरगद वृक्ष के समक्ष भीड़ लगी रही। सभी सुहागिनों ने अपने-अपने पत्तियों के लिए शुभकामना कर रही थीं। आज का दिन बहुत ही सुन्दर और आस्था भरी नजर आ रही थी। सभी सुहागीन नई-नई साड़ियां पहनकर पूजा करने आई हुई थी। सब कोई वट वृक्षों के समक्ष घुमकर आस्था के धागों को बांधती नजर आई और कामना की।

## साप्ताहिक हाट के कारण भुरकुंडा में चार घंटे तक रेंगती रहीं गाड़ियां

**भुरकुंडा।** कोयलांचल क्षेत्र भुरकुंडा की हृदयस्थली मेन रोड रविवार को घंटों जाम से जूझती रही। साप्ताहिक हाट के चलते सड़क पर आम लोगों और गाड़ियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क पर न तो पैदल चलने की जगह थी और न ही गाड़ियों के लिए रास्ता। रही-सही कसर तब पूरी हो गई जब भैंसों का एक झुंड मेन रोड पर पहुंच गया। सुबह से ही बाजार की चहल-पहल शुरू हो गई थी, लेकिन दोपहर होते-होते हालात बेकाबू हो गए। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चार घंटे तक मुख्य मार्ग की रफ्तार पूरी तरह थमी रही। वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग खुद ही भैंसों को हटाने में जुट गए, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। शाम करीब पांच बजे जब स्थिति और विकराल हुई तब जाकर स्थानीय पुलिस हरकत में आई। इसके बाद जाम खुला। इससे पूर्व गुरुद्वारा और बिरसा चौक पर लगे बैरिकेड्स को नजरअंदाज कर वाहन शहर में प्रवेश कर रहे थे। पुलिस की ओर से लगाए गए नो एंट्री नियमों का पालन नहीं हो रहा था।

## पदमा ओपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार बाईक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



रविवार की संध्या वाहन चेकिंग के दौरान पदमा ओपी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लूटे गए चार बाईक बरामद किया है. जानकारी के अनुसार ईटखोरी मोड़ पदमा में वाहन चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान रात्रि करीब 9:30 बजे हजारीबाग की ओर से एक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तेज गति से आई. पुलिस के इशारा के बाबजूद भी बाईक चालक तेज़ी से निकल गया. मौके पर मौजूद गश्ती दल ने पीछा कर बाईक सवार को पकड़ा. पूछताछ के क्रम में पकड़े गए व्यक्ति ने बाईक का कोई कागजात नही दिखाया. पकड़े गए अपराधी के निशानदेही पर पुलिस ने तत्काल करवाई करते हुए तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद किया. मामले के संबंध में बरही थाना में मामला दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है. बरामद मोटरसाइकिल में काला रंग का हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर), काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज न हीं), काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाइकिल (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर), काला रंग का स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर) शामिल है.

## सांसद की उपस्थिति में उपायुक्त ने पीवीयूएनएल व ग्रामीणों के बीच हुई बैठक

# वार्ता में भूमि मुआवजा और रोज़गार सहित अन्य विषयों पर हुई चर्चा, नहीं निकला कोई निष्कर्ष




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

● मीडिया से रुबरु हुए हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, विस्थापन के दर्द को समझे जिला प्रशासन और कंपनी

सोमवार को पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), पतरातु और इस प्लांट के छाई डैम से संबंधित विस्थापित/ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के बीच जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में एक त्रिपक्षीय वार्ता- सह- बैठक रामगढ़ जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें पीवीयूएनएल के अधिकारी और सभी विस्थापित गांवों का प्रतिनिधिमंडल और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में तीनों पक्षों के लोगों के बीच घंटों वार्ता हुई और कंपनी एवं विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित कर दोनों के राजामंदी से प्लांट संचालन किए जाने पर विचार- विमर्श का प्रयास किया गया ताकि विस्थापित ग्रामीणों को भूमि मुआवजा, रोज़गार सहित उनका वाजिब हक मिले लेकिन इस बैठक में निष्कर्क नहीं हो सका। कंपनी और विस्थापित दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति और निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। कंपनी से रोजगार के लिए लिखित रूप से ग्रामीणों को आश्वासन देने और ग्रामीणों को भी अपने उचित हक के लिए अपने लड़ाई को अपने अनुरूप जारी रखने की बात कही गई । इस त्रिपक्षीय वार्ता- सह- बैठक के पश्चात बाहर मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि एक विवाद पीवीयूएनएल और ग्रामीणों के बीच का है जिसपर हमलोग मध्यस्थता करके इस विवाद का हल निकालना चाहते हैं। इस दिशा में हमलोग दो कदम आगे चले हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष कंपनी और विस्थापित ग्रामीण थोड़ा- थोड़ा समझौता करके इसका पूर्णतः हल निकालेंगे।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के एजीएम में लिए गए कई निर्णय

**रामगढ।** फेंसिंग एसोसिएशन का वार्षिक आमसभा रामगढ़ जिले के होटल शिवम इन के सभागार में झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन (जेएफए) के अध्यक्ष अर्चित आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य रुप से झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमवीर उरांव, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष सह रामगढ़ जिला फेंसिंग एसोसिएशन के चेयरमैन विजय मेवाड़, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर सहित रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, गढवा, लोहरदगा, बोकारो, कोडरमा, गोड्डा, गुमला सहित 15 जिला संघ के अध्यक्ष सचिव सहित टेक्निकल ऑफिशियल और खिलाड़ी मौजूद थें। इस मौके पर जिला संघ के पदाधिकारियों ने सभी का बुके देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण जिला संघ के चेयरमैन विजय मेवाड़ ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जेएफए के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने वार्षिक आमसभा का उद्देश्य और खेल खिलाड़ी को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बातें साझा की। इसके उपरांत जेएफए के महासचिव जय कुमार सिन्हा ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थित पदाधिकारियों ने ध्वनिमत से पारित किया। उन्होंने इस मौके पर संघ के अध्यक्ष से सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर प्रपोजल रखने की अपील की। उन्होंने स्टेट और नेशनल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर सभी जिला संघ के पदाधिकारियों से सलाह मांगी। फेंसिंग में झारखंड को पदक तालिका में आगे बढ़ाने को लेकर प्रशिक्षकों से राय मांगी। जिसमें प्रशिक्षकों ने अपनी राय साझा की। उन्होंने सभी जिला संघ को आर्थिक रुप से और इक्वीपमेंट से मजबूत होने की सलाह दी।

# कोरोना के आगमन को लेकर सरकार की एडवाइजरी जारी, सदर अस्पताल अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस के संभावित पुनः आगमन को देखते हुए एक नई स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत सभी जिलों के अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में सिमडेगा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है।सिमडेगा सदर अस्पताल को लेकर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने जानकारी दी कि अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर कोविड से निपटने के लिए आवश्यक सभी दवाइयों, ऑक्सीजन सिलेंडर, टेस्टिंग किट्स और अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। डॉ. पासवान ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण महसूस हों तो तत्काल नजदीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और इलाज से किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सकता है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। साथ ही कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी शुरू किए जा रहे हैं ताकि लोग सतर्क रहें और संक्रमण से खुद को सुरक्षित रख सकें।जिला प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले स्थानों में मास्क पहनने और हाथों की सफाई जैसी सावधानियाँ बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सभी तैयारी पूरी है, जरूरत है तो बस सतर्कता और सहयोग की।

सिमडेगा में सर्पदंश के बढ़ते मामले

## सिविल सर्जन ने झाड़-फूंक के बजाय अस्पताल लाने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही सर्पदंश के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में खेत-खलिहान और घरों के आसपास सांप निकलने की घटनाएँ आम हो गई हैं। इन हालातों में कई बार लोग अंधविश्वास में पड़कर झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र का सहारा लेते हैं, जिससे समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीज की मौत तक हो जाती है।इस गंभीर विषय को लेकर सिमडेगा के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की घटना होने पर समय गंवाए बिना नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचें। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल सहित जिले के कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जो सर्पदंश के इलाज में कारगर साबित होता है।डॉ. पासवान ने बताया कि झाड़-फूंक न केवल समय की बर्बादी है, बल्कि मरीज की जान के लिए खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो उसे बिना किसी घरेलू उपचार या झाड़-फूंक के सीधे अस्पताल लाया जाए, जहाँ प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम तत्परता से इलाज करती है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों को सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार, अस्पताल ले जाने की आवश्यकता और अंधविश्वास से दूर रहने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। डॉ. पासवान ने लोगों से अपील की कि वे समय पर चिकित्सा लें और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## 65वां वार्षिक युवा संघ सम्मेलन का होगा आयोजन

**सिमडेगा।** जीईएल टकरमा पेरिस काउंसिल का 65 वां वार्षिक युवा संघ सम्मेलन जी०एल ०चर्च बोंगराम मंडली में दो दिवसीय वार्षिक युवा संघ सम्मेलन दिनांक 29 एवं 30 में 2025 ई को आयोजित की गयी है।सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रुप में मध्य डायसिस सिमडेगा के अति माननीय विशप मुरेल विलुंग उपस्थित होंगे ,एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी भी उपस्थित रहेगे। इस अवसर पर आत्मिक शिक्षा एवं विभिन्न बाइबिल आधारित भाषण, चित्रांकन ,क्विज साक्षी वाणी ,दुरंग पुथि गीत,आर्दश भजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है. उक्त सचिव जानकारी अजित बुढ ने दी।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

# खनन प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में जनरेटर, पंखा, बर्तन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव रखा गया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि यह विद्यालय उग्रवाद प्रभावित जिलों के अनाथ एवं हिंसा प्रभावित बच्चों के लिए स्थापित किया गया है, जहां निरीक्षण के दौरान कई समस्याएं सामने आईं। समिति ने सर्वसम्मति से विद्यालय की सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। साथ ही विद्यालय में फेवर ब्लॉक लगाने, पीसीसी रोड का निर्माण, गढ़वाल निर्माण तथा सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में जनरेटर, पंखा, बाउंड्री वॉल में फेंसिंग तार तथा पेयजल सुविधा बहाल करने के प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिमडेगा सदर अस्पताल में अटैचमेंट एवं एक्सेसरीज सहित एवं लेप्रोस्कोपिक मशीन की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं



**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सुदूरवर्ती एवं शहरी क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरबार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष लाना था, जिससे त्वरित और उचित समाधान सुनिश्चित हो सके।जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं अनुरोध सामने आए। कई ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जबकि कुछ ने बैंक खातों से पैसे निकासी पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त एक अहम मामला 11,000 वोल्ट की बिजली तारों के मकानों के ऊपर से गुजरने से संबंधित था, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने इस तार को हटाने की मांग की।इसके साथ ही कई लोगों ने अपने क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री को लेकर शिकायत की और त्वरित छापेमारी की मांग रखी। भूमि विवाद जैसी समस्याएं भी उजागर की गईं।उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का पुल है, और इसे प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकता है।मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की उपस्थित रहे।

## जिला स्थापना एवं अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्थापना एवं अनुकंपा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने समिति से संबंधित विभिन्न मामलों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक मामले पर गंभीरतापूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हो सके।बैठक में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित कुल 04 मामलों पर विचार किया गया, जिसमें से 03 मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि 01 मामले को पुनः आकलन कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सेवा संपुष्टि से संबंधित 03 मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 02 मामलों को स्वीकृति दी गई।

एसीपी / एमएसीपी से संबंधित कुल 20 मामलों पर गहन समीक्षा की गई और सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के मामलों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।इस बैठक में डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी सहित स्थापना शाखा के कर्मीगण उपस्थित थे।

## बानो-मनोहरपुर मुख्य पथ पर डायवर्सन बहा, छह घंटे तक आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो-मनोहरपुर मुख्य पथ (एनएच 320G) पर बेड़ाहोंजोर के पास बन रहे पुल का डायवर्सन रविवार को भारी बारिश के कारण बह गया, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। तेज बहाव में डायवर्सन बह जाने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब छह घंटे तक यातायात बाधित रहा।इस दौरान कई बसों को रद्द करना पड़ा और यात्री मजबूरी में पैदल ही नाले को पार करते नजर आए। कई लोग जान जोखिम में डाल कर बहते पानी में से रास्ता पार करते देखे गए। डायवर्सन टूटने से आस-पास के खेतों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे नाराज़ ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया और ह्युम पाइप लगाने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मुआवजा दिए बिना वे आगे काम नहीं करने देंगे। उनका आरोप है कि पहले ही ह्युम पाइप लगाने की मांग की गई थी, जिसे अनदेखा करने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।हालांकि, बाद में प्रशासन और निर्माण कार्य करा रही कंपनी वीकेएस के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद स्थिति सामान्य हुई। ह्युम पाइप लगाकर अस्थायी मरम्मत की गई और शाम को आवागमन फिर से शुरू किया गया।घटना की सूचना पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन और बानो थाना के एएसआई सत्यानारायण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।ज्ञात हो कि यह सड़क बानो प्रखंड मुख्यालय को हुरदा, आनंदपुर और मनोहरपुर जैसे क्षेत्रों से जोड़ती है।

# वट सावित्री पूजा पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई, सुहागिनों ने की पति के दीर्घायु की कामना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के कुरडेग, बोलबा और केरसई प्रखंडों में सोमवार को वट सावित्री पूजा परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे विधिपूर्वक पूजन कर अपने पति की लंबी उम्र, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दिनभर उपवास रखकर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए धागा लपेटा और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया।कुरडेग प्रखंड के दलकीटोली, परकला और कदमटोली गांवों में बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा में सम्मिलित हुईं। दलकी में पंडित विष्णुजी, परकला में रूपेश मिश्र और कदमटोली में प्रदीप सारंगी ने पूजन और कथा वाचन कराया। वहीं घाघमुंडा, लबडेरा, करमडीह, गड़ियाजोर और कुटमाकच्छार में भी पूजा उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित वट वृक्ष पर सुहागिनों ने सामूहिक रूप से अखंड सुहाग की कामना करते हुए पूजा की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित पारसमणि दास ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इस दौरान अंजू खलखो, सोनी देवी, आरती देवी, दीपमाला देवी, आस्मां लकड़ा, ज्योति देवी, ममता देवी, काजल कुमारी, मीणा देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। केरसई प्रखंड के भंडारटोली, रुसू और बाजारटांड़ में भी महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में पूजन के बाद पंडित आचार्य नवीन मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाई।

# सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में राशन वितरण व्यवस्था, पीडीएस प्रणाली और लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी राशन कार्डधारियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से राशन वितरित किया जाए। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों को सख्त निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर राशन को प्रखंड गोदामों तक पहुँचाएं, ताकि पीडीएस डीलरों को समय पर राशन मिल सके। साथ ही यह भी कहा कि यदि कोई डीलर गोदाम से राशन प्राप्त करने में आनाकानी करता है, तो उसके विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए।बैठक में पीभीटीजी परिवारों को विशेष रूप से प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया गया कि इन परिवारों को प्रत्येक माह राशन उनके घर के दरवाजे तक पहुँचाया जाए। स्मार्ट मशीन के माध्यम से राशन वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने इसकी कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। साथ ही धोती-साड़ी वितरण योजना की भी समीक्षा की गई तथा स्टॉक मिलान करने पर बल दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मई माह का राशन वितरण कार्य 30 मई तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। ग्रीन कार्डधारकों को भी समय पर राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ई-केवाईसी कार्य को भी प्राथमिकता के साथ समय से पूरा करने की आवश्यकता जताई गई।उपायुक्त ने ट्रांसपोर्ट एजेंसी, अंचलाधिकारी एवं पीडीएस दुकानदारों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लाभुकों को समय पर राशन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। एलआरडीसी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने मृत व्यक्तियों के डाटा को हटाने से पूर्व पूरी तरह वेरीफाई करने तथा किसी भी जीवित व्यक्ति का नाम डिलीट नहीं होने देने का निर्देश दिया। साथ ही अयोग्य राशन कार्डधारकों के नामों को हटाने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की बात कही। बैठक का मुख्य उद्देश्य राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना था, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके।

## खतरे को आमंत्रण दे रहा बानो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोय नाला स्थित पुलिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो-बाकुटोली कामडारा मुख्य पथ स्थित सोय नाला के पुलिया के समीप मिट्टी का कटाव होने से लोगों को आवगमन करने में परेशानी का सामना करना पड रहा है.बताया गया कि रविवार को रात भर बारिश होने के कारण पुलिया के समीप मिट्टी का कटाव हो गया है हालांकि गाड़ियों का आवागमन जारी है।लेकिन कीचड हो जाने से लोगो की मुशकिल बढ गयी है।बड़ी गाड़ियों को आने जाने मे असुविधा हो रही है।मालूम हो कि कुछ माह पूर्व सोय नाला पर बने पुल में दरार पड़ जाने से खतरे की आशंका को देखते हुए डीसी के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन के द्वारा बड़ी पुलिया पर से आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।हालांकि आवागमन बाधित न हो इसको लेकर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया और बानो निवासी समाजसेवी विकास साहू के सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उसके ठीक नीचे पूर्व में बनी पुलिया पर से आवागमन चालू कराया गया था।परंतु रविवार रात्रि को हुए तेज बारिश से उक्त पुलिया के समीप मिट्टी का कटाव हो गय है.जिससे लोगो को अवागमन करने मे परेशानी हो रही है.ग्रामीणो ने प्रशासन से इसपर उचित पहल करने का मांग किया है।

न्यूज बॉक्स

## विनय कुमार ने सिमडेगा में अनुमंडलीय डाक निरीक्षक पद का कार्यभार संभाला



**सिमडेगा।** सिमडेगा अनुमंडल में डाक निरीक्षक के पद पर विनय कुमार ने सोमवार को विधिवत रूप से योगदान किया। उनके योगदान के अवसर पर एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डाक विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।स्वागत समारोह के दौरान मुख्य रूप से डाक विकास पदाधिकारी शिव शंकर ठाकुर, पोस्टमास्टर विजय चौधरी, आईपीपीबी शाखा प्रबंधक संदीप भगत तथा ग्रामीण डाक सेवकों की ओर से अजय वर्मा और मुरारी प्रसाद उपस्थित थे। सभी ने विनय कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।कार्यभार ग्रहण के पश्चात विनय कुमार ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में उन्होंने डाक विभाग से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ टाइम डिपॉजिट, एमआईएस, केवीपी, आरडी, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने कहा कि डाक विभाग की इन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण और बचत की आदत को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से विभागीय कार्यों में उत्कृष्टता लाने और जनता को बेहतर सेवा देने का आह्वान किया।इस अवसर पर सिमडेगा सबडिवीजन के सभी ग्रामीण डाक सेवक एवं डाकघर के कर्मी उपस्थित थे। सभी की ओर से उनका हर्षपूर्वक स्वागत किया गया और आभार प्रकट किया गया।

## कोलेबिरा और बानो प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री पूजा संपन्न



**कोलेबिरा।** अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु की कामना को लेकर सोमवार को कोलेबिरा और बानो प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री व्रत पारंपरिक श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों—लचरागढ़, बरसलोया, लसिया, हुरदा समेत अन्य स्थानों की सुहागिनें वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होकर पूजन में शामिल हुईं।सुहागिन महिलाओं ने पति के साथ हर जन्म में अटूट बंधन की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की। उन्होंने वट वृक्ष की 108 परिक्रमाएं कीं और पवित्र धागा बांधते हुए सदासुहागिनी रहने की प्रार्थना की। पूजा के उपरांत उपस्थित पंडितों ने सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनाई, जिसे महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ सुना।पूजन कार्यक्रम को पुरोहित पंडित घनश्याम शुक्ला, दिलीप पंडा, प्रदीप पंडा, लखेश्वर पंडा, जगर्नाथ पंडा, रंजीत पंडा, प्रमोद पंडा, अशोक पंडा एवं पवन शर्मा आदि के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। उन्होंने व्रत की महत्ता बताते हुए कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, सावित्री ने यमराज से अपने मृत पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाने की जिद की थी, जिसके आगे यमराज को झुकना पड़ा। तभी से वट सावित्री व्रत की परंपरा चली आ रही है।कोलेबिरा और बानो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक समर्पण का प्रतीक भी है। इस अवसर पर महिलाओं की भारी उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने पूरे विधि-विधान और भक्ति भाव के साथ पूजा संपन्न की।

## तुमडेगी पल्ली में 370 बच्चों को दिया गया दृढ़ीकरण संस्कार

**सिमडेगा।** सोमवार को सिमडेगा धर्मप्रांत अंतर्गत तुमडेगी पल्ली में आस्था और भक्ति के माहौल में दृढ़ीकरण संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष आदरणीय बिशप विंसेंट बरवा ने 370 बच्चों को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार प्रदान किया।दृढ़ीकरण संस्कार समारोही मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता बिशप विंसेंट बरवा रहे, जबकि सहायक अनुष्ठाता के रूप में डीन फादर थॉमस सोरेन और फादर पीटर मिंज ने योगदान दिया। इस पावन अवसर पर चर्च परिसर ख्रीस्तीय आस्था और भक्ति में सराबोर रहा।बिशप विंसेंट बरवा ने अपने आध्यात्मिक सम्बोधन में कहा, दृढ़ीकरण संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह ईश्वर के प्रति हमारी निष्ठा और सेवा भावना को और भी मजबूत करने का अवसर है। आज के बच्चे कल के कलीसिया के स्तंभ हैं। उन्हें सुसमाचार का प्रचारक बनने और समाज में प्रेम, शांति और न्याय का संदेश फैलाने की जिम्मेदारी दी जा रही है।बिशप ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के आध्यात्मिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं और उन्हें सही मार्गदर्शन दें।इस अवसर पर तुमडेगी पल्ली के सैकड़ों ख्रीस्तीय विश्वासी उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

## सिमडेगा की नई उपायुक्त बनीं कंचन सिंह, अजय कुमार सिंह का हुआ स्थानांतरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कंचन सिंह को सिमडेगा जिले की नई उपायुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने अजय कुमार सिंह का स्थान लिया है, जिनका स्थानांतरण कार्मिक विभाग में किया गया है।

आईएएस कंचन सिंह ने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत सीडीपीओ के रूप में की थी। मृदुभाषी स्वभाव और प्रशासनिक दक्षता के कारण राज्य में उनकी विशेष पहचान है।

उनके पति चंदन कुमार सिन्हा झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में रांची के एसएसपी पद पर कार्यरत हैं।पूर्व उपायुक्त अजय कुमार सिंह का कार्यकाल सिमडेगा वासियों के लिए यादगार रहा। वह न सिर्फ हंसमुख और मृदुभाषी अधिकारी रहे, बल्कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता से सुनते और त्वरित निष्पादन कराते थे। उनके कार्यकाल में लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना बड़ी उपलब्धि रही।

सिमडेगा के लोग अजय कुमार सिंह को एक जनप्रिय और संवेदनशील अधिकारी के रूप में हमेशा याद रखेंगे। अब जिले को कंचन सिंह के रूप में एक नई और अनुभवी प्रशासनिक नेतृत्व मिला है, जिनसे जिले के समग्र विकास की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की हुई पूजा

# सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**



देश में पेड़ों, नदियों और पहाड़ों की पूजा करना प्राचीन परंपरा रही है. वट सावित्री व्रत पूजा भी इसी के अंतर्गत आती है. जहां सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं. इस दिन महिलाएं पति के लिए दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती है. जामताड़ा में भी वट सावित्री पूजा के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु कामना को लेकर पूजा अर्चना व परिक्रमा की, मौली धागा बांधा और अपने पति की दीर्घायु की मंगलकामना की. वट सावित्री सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं. प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है. इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं. ऐसा कहा जाता है कि सावित्री ने यमराज से लड़कर अपने कठिन तपस्या से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाई थी. इसी प्रेरणा से वट सावित्री व्रत रखा जाता है और सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं ताकि महिलाओं का सुहाग बना रहे.

#### क्या कहती हैं सुहागिन महिलाएं

वट सावित्रि पूजा करने आई सुहागिन महिलाओं का कहना है कि आज के दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति के लिए कठिन तपस्या कर अपने पति सत्यवान का प्राण वापस लाई थी. तभी से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुहाग की रक्षा के लिए वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं. जामताड़ा समेत पूरे जिले एवं आसपास क्षेत्र में वट सावित्री पूजा को लेकर धूम है.

## सांसद सुखदेव भगत को मध्य प्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्वर बनाया गया



**लोहरदगा।** संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को मध्य प्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्वर बनाया गया है जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पत्र के माध्यम से दिया। सुखदेव भगत ने सांसद के रूप में अपने प्रतिभा अपनी मेहनत और अपने परफॉर्मेंस से बहुत कम समय में ही राष्ट्रीय नेता एवं अच्छे वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली है। श्री भगत संसद के अंदर संसद के बाहर और टीवी डिबेट में प्रभावी रूप से अपनी जो बातें रखते हैं तथा तार्किक ढंग से जो जवाब देते हैं जिसके कारण सुखदेव भगत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को प्रभावित किया है। इसलिए इससे पहले भी पार्टी नेसुखदेव भगत को पांच राज्यों का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीसी) के राज्य कमेटी का संयोजक बनाया था। कांग्रेस गुजरात का एआईसीसी ऑब्जर्व बनाया था और अब मध्यप्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्व बनाया गया है जो जिले और राज्य कांग्रेसियोंके लिए गौरव कीबात है।

### भाकपा माले ने बीडीओ व सीओ को सौंपा मांग पत्र

## 2 जून तक पहल नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



**तिसरी।** भाकपा माले ने सोमवार को तिसरी और गांवा प्रखंड के अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न जन सवालों को लेकर मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान दोनों प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में पूर्व विधायक राजकुमार यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। जहाँ पदाधिकारियों के नाम 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मनरेगा योजनाओं में 200 दिनों तक रोजगार व 600 रुपय मजदूरी देने, आदिवासी गाँवों में तालाब बनवाने, योजना स्वीकृति में कमीशन नहीं लेने, कैम्प लगाकर दाखिल ख़ारिज करने, 15 वीं वित्त योजना का भुगतान करने, तिसरी में कृषि फॉर्म की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, सीएमआई जमीन की हेरा फेरी पर रोक लगाने समेत अन्य मांगे की गई। इस दौरान पूर्व विधायक तिसरी कार्यालय में बीडीओ और सीओ दोनों के न रहने से थोड़े नाराज़ दिखे। पदाधिकारियों के नहीं रहने से प्रखंड व अंचल के कर्मियों के हाथों उन्होंने मांग पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिसरी में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों की हेरा फेरी हुई है। भूमाफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेज बनवाकर जमीनों को लुटा गया है। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 2 जून तक उक्त मांगो पर पहल नहीं किया गया तो 3 जून से प्रखंड मुख्यालय में घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।

## हजारीबाग सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोयला और बालू की लूट मची है : पूर्व सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोयला और बालू की लूट मची है, झारखंड सरकार ना ही अवैध बालू पर रोक लगा पा रही है और ना ही अवैध कोयला कारोबार पर रोक लगा पा रही है। जिससे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ऐसे में अवैध बालू और कोयला कारोबारी पर प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनका मनोबल काफी ऊंचा हो गया है उक्त बातें सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। श्री मेहता ने प्रशासन के प्रति सख्त नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि ब्राउन शुगर का अवैध बिक्री जोरों पर है खासकर हजारीबाग के शहरी क्षेत्रों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नशा का व्यापार बढ़ गया है। हालांकि पुलिस की बीच-बीच में नशा के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई होती रहती है। मगर पूरी तरह से रोक नहीं लगा पा रही है चौक चौराहा पर नशा का कारोबार फल फूल रहा है। जिसके कारण युवाओं में नशाखोरी की लत बढ़ती जा रही है। कई युवा नशा की चपेट में आकर अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं नशा के कारण घरेलू हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, नशा के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। झारखंड सरकार के द्वारा बालू घाटों की सुव्यवस्थित तौर पर नीलामी नहीं होने से जहां एक ओर राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं अवैध खनन और बालू का अवैध कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। वहीं कोयला का अवैध खनन और कारोबार भी लगातार किया जा रहा है।

### कोडरमा में हाथियों का नहीं थम रहा आतंक

# महिला को पटक-पटककर मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**



जिले में हाथियों का आतंक इतना बढ़ गया है कि अब सिर्फ फसलों और घरों को नहीं बल्कि इंसानी जिंदगी के लिए भी नुकसान का सबब बन रहा है. कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र के कोसमाडीह में मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला अनीता देवी उर्फ लालवा देवी को हाथी ने कुचलकर मार डाला. मृतक के बेटे ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हाथी देखने के बाद उसकी मां ने भगाने का प्रयास किया लेकिन वह भाग नहीं सकी और हाथी उसे कुचलकर मार डाला. फिलहाल वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये बतौर सहायता राशि दी गई है. क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार जारी है और वन विभाग उन्हें खदेड़ने में नाकाम साबित हो रहा है. ऐसे में लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए वन विभाग को कारगर कदम उठाने की जरूरत है': निर्मला देवी, उपाध्यक्ष, जिला परिषद

**इससे पहले भी हो चुके हैं हादसे** : बता दें कि इससे पहले भी जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा में शादी समारोह से लौट रहे एक बुजुर्ग को हाथियों ने कुचलकर मार डाला था. जबकि जयनगर से सटे बरकट्ठा में भी बीते दिन हाथी ने एक व्यक्ति की जान ली थी. फिलहाल महिला की मौत के बाद उसके परिजन और ग्रामीण आक्रोशित है और हाथियों को खदेड़ने के मामले में वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं.

## मसमानो गांव में नौ दिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के मसमानो गांव में नौ दिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। विद्वान ब्राह्माणों के मंत्रोंच्चारण और श्रद्धालुओं के अंतिम परिक्रमा के साथ यज्ञ वाटिका में अंतिम पूर्णाहुति हुई। महायज्ञ की शुरुआत के पहले दिन 521 कलश स्थापना से हुई थी। यज्ञाचार्य बनारस से पहुंचे आचार्य पंकज शास्त्री और विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान से महायज्ञ कराया गया। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पीठाधीश्वर पंडित दीनदयाल उपाध्याय आध्यात्मिक कथा का प्रवचन अनुकरणीय रहा। वृंदावन मथुरा से पहुंचे रासलीला मंडली द्वारा रासलीला रचा गया। रासलीला का सीधा प्रसारण युटुब चैनल में प्रसारित किया गया। मसमानो, बेदाल, बुड़का, टोटो, भैंसमुंदो, बरही, भंडरा, भौरों समेत आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर मुखिया ने की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू



**डुमरी।** अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार से अनुमंडल कार्यालय के मुख्य द्वार में इसरी उत्तरी पंचायत के मुखिया रीना कुमारी एवं पूर्व मुखिया अजीत कुमार ने अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की शुरुआत की। भूख हड़ताल का नैतिक समर्थन आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी कांग्रेस नेता सुखदेव सेठ युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार ने दिया।वहीं इसरी बाजार की दर्जनों महिलाएं उपस्थित हुई।जिन मांगों को लेकर भूख हड़ताल किया जा रहा है उसमें इसरी नदी के दोनों किनारों पर नाला एवं स्लैब का निर्माण गोलाई तक करने,यात्रियों एवं लोगों के सुगम आवागमन के लिए इसरी चौक से लेकर स्टेशन तक कालीकरण पथ व स्लैब सहित नाली का निर्माण करने,इसरी बाजार उत्तरी एवं इसरी बाजार दक्षिणी पंचायतों से प्रतिदिन निकलने वाले कचड़े के संग्रहण निपटान हेतु स्थल का आवंटन करने,आवागमन को आसान व सुगम्य बनाने हेतु इसरी बस्ती और पंजाबी टोला के मध्य स्थित नदी (पम्पू तालाब) पर पुल का निर्माण कराने,इसरी बाजार में पुलिस चौकी पिकेट का निर्माण कराने,पजाबी टोला में 2000 फीट नाली व स्लैब का निर्माण कराने।पंजाबी टोला में 2000 फीट पीसीसी पय का निर्माण कराने,पिपराटाड कॉलोनी से श्मशान घाट तक नाला व स्लैब निर्माण कराने,

### मुनका बगीचा शिव मंदिर पुनर्स्थापना पर बनी सहमति

## कांग्रेसी नेता की मध्यस्थता से हुआ समझौता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



मुनका बगीचा धर्मशाला परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के तोड़े जाने की सूचना के बाद उपजे जनाक्रोश ने हजारों नागरिकों को एकजुट कर दिया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम की सबसे उल्लेखनीय बात रही इसकी पूर्णतः शांतिपूर्ण प्रकृति न कोई नारेबाज़ी, न असहिष्णुता, न प्रशासन से टकराव। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नारायण भगत और विवेक बरियार के संयमित नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने मंदिर स्थल पर धरना आरंभ किया। महिलाएँ, पुरुष और बच्चे सभी ने शांतिपूर्वक अपनी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा हेतु आवाज़ उठाई। शाम को आंदोलन ने तब सकारात्मक मोड़ लिया जब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह की सक्रिय पहल और मध्यस्थता से धर्मशाला समिति, अनुमंडल प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक लिखित समझौता संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत यह सहमति बनी कि शिव मंदिर को पूर्ववत स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा और वह आम श्रद्धालुओं के लिए पूजा-पाठ हेतु सुलभ रहेगा। इसके उपरांत मनोज नारायण भगत ने अपना अनशन समाप्त किया। उन्हें स्वयं मुन्ना सिंह ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया, जो सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक संवेदनशीलता का अनुपम उदाहरण बन गया। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक आस्था का प्रतीक है।

### हमें फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए : डीएओ

**लोहरदगा।** जिला कृषि कार्यालय सभागार में बीज दिवस मनाया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक, सेंट्रल आईपीएम, मोहित सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा, दिनेश चंद,तकनीकी सहायक, एनएफएसएम, सभी प्रखण्ड से आए हुए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक , जनसेवक, नोडल लैंपस/लैंपस, फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, बीज ग्राम संचालक, जिला कृषि कार्यालय के कर्मी एवं आत्मा के कर्मी तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित हुए। सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हमारे पूर्वजों के द्वारा जिस तरह बीजों को उत्पादन करने के उपरांत बीजों को अगले ऋतु में लगाने हेतु सुरक्षित रख लिया जाता था, उसी प्रकार हमें भी फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए।

## माहुरी वैश्य महामंडल ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**गांडेय,गिरिडीह।** माहुरी वैश्य महामंडल गिरिडीह के 112 वां स्थापना दिवस के अवसर पर गांडेय बाजार स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय गांडेय परिसर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक,थाना प्रभारी आनन्द प्रकाश सिंह,मुखिया अमृत लाल पाठक शिक्षक सुधीर गुप्ता ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। माहुरी समाज के युवा बढ़ चढ़ कर रक्तदान कर रहे थे। इसी दौरान रक्तदान शिविर का तस्वीर वायरल होता है। वायरल तस्वीर पर गिरिडीह सिविल सर्जन की नजर पड़ती है ।बिना अनुमति के शिविर का आयोजन किया गया था शिविर को बंद कराने का आदेश गांडेय चिकित्सा प्रभारी को देते है सिविल सर्जन के आदेश के बाद चिकित्सा प्रभारी रक्तदान शिविर पहुंचकर रक्तदान बंद कराने की बात कहती है ।माहुरी समाज के सदस्यों ने सिविल सर्जन को गांडेय बुलाने तथा रक्तदान शिविर को स्थगित करने का आदेश लिखित में देने की बात को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगाम की सूचना मिलने पर गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह, प्रमुख सहित अन्य लोग शिविर पहुंचे और सभी लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया जिसके बाद रक्तदान शिविर को स्थगित कर दिया गया। साथ ही रक्त दान शिविर में एकत्रित किए 9 यूनिट खून को भी जब्त करके गिरिडीह भेज दिया गया। बता दे कि उक्त रक्तदान शिविर में धनबाद के जालान अस्पताल की टीम के द्वारा लोगों का खून लिया जा रहा था बढ़-चढ़ कर रक्त दान शिविर में पहुंचकर रक्त दान कर रहे थे। इसी बीच रक्त दान शिविर । उक्त रक्त दान शिविर में धनबाद के जलान अस्पताल की टीम के द्वारा लोगों का खून लिया जा रहा था।

## बज्रपात की चपेट में आने से एक किशोरी और एक मवेशी की हुई मौत



**डुमरी।** प्रखंड के दो अलग अलग स्थानों में रविवार को देर शाम बज्रपात की चपेट में आने से एक किशोरी और एक मवेशी की मौके पर मौत हो गई, पहली घटना मधुवन थाना क्षेत्र के छाछनदो स्थित तरड़कका की है बताया जाता है कि तरड़कका निवासी मोती लाला हेंब्रम की 11 वर्षीय पुत्री श्रुति कुमारी गांव के कुछ बच्चियों के साथ समीप स्थित एक तालाब में नहाने की लिए गई थी जब किशोरी और उसके दोस्त तालाब से नहा कर वापस आ रहे थे तभी आसमान में अचानक काले बदलो के बीच बारिश होने के साथ आसमान से बिजली गिरी इसी दौरान युवती बज्रपात की चपेट में आ गई और मौके पर उसकी मौत हो गई , घटना के बाद अन्य बच्चों ने गांव के ग्रामीणों को जब इस बाद की सूचना दी तो गांव के लोग घटना स्थल पहुंचे तो देखा कि श्रुति मृत अवस्था में पड़ी है घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरीडीह भेज दिया पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही बच्ची का शव उसके घर पहुंचा तो परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है घटना की सूचना पर पूर्व मंत्री और वर्तमान झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बेबी देवी, मृतक के घर में परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बढ़ाया . डुमरी थाना क्षेत्र के बधाई टोला में हुई यहां भी बज्रपात की चपेट में आने से बढ़ाई टोला निवासी बिशुन साव की गाय की मौके पर मौत हो गई बताया जाता है कि बिशुन साव घर के बगीचे में अपनी गाय को रखा था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1763(अनु०) दिनांक–23.05.2025 पी०आर०संख्या– 353362(भवन)2025–26 D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–25/ 2025–26 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 03.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति दिनांक 04.06.2025 को 3.00 (तीन) बजे तक है, के क्रम संख्या 1 एवं 2 में अंकित कार्य को अपरिहार्य कारणों से परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 05.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति दिनांक 06.06.2025 को 3.00 (तीन) बजे तक की जाती है। अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 353490 Building(25-26)D


# सरना धर्म कोड के लिए सड़क से सदन तक करेंगे संघर्ष, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विगत रविवार को सरायकेला में जिला परिसदन में संगठन सृजन 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की. जिसमें जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पर्यवेक्षकों सहित कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे. इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्पष्ट किया कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की योजना के तहत सभी प्रखंडों और मंडलों में नई कमेटियों का गठन किया जा रहा है. प्रत्येक प्रखंड और मंडल कमेटी में 12 सदस्य होंगे. जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और नौ कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे. इन कमेटियों में ओबीसी, महिला और अल्पसंख्यक वर्गों का समुचित प्रतिनिधित्व अनिवार्य होगा. जिला स्तर की कमेटी 24 सदस्यों की होगी, जबकि भविष्य की प्रदेश कमेटी में 48 सदस्य होंगे. उन्होंने बताया कि सरायकेला जिला के 12 में से 6 प्रखंडों में कमेटियों का गठन हो चुका है और शेष 6 की प्रक्रिया तीन दिनों में पूरी कर ली जाएगी. प्रखंड और मंडल के गठन के बाद पंचायत और वार्ड स्तर पर भी संगठन विस्तार किया जाएगा.

### सरना धर्म कोड की मांग को लेकर करेंगे आंदोलन

इस बैठक के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कल कांग्रेस पार्टी की ओर से राजभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा के लिए सरना धर्म कोड की मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है. केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड विधानसभा से इस प्रस्ताव को पहले ही पारित किया जा चुका है, लेकिन केंद्र सरकार अब तक मामले में चुप है.उन्होंने कहा कि अगर अभी भी केंद्र सरकार की नींद नहीं खुलती है तो हम जंतर-मंतर तक जाएंगे. हमारे विधायक, सांसद, मंत्री सब इस आंदोलन में शामिल होंगे.

## कुड़ू के दो चर्च में 107 किशोर - किशोरियों का हुआ पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार

**कुड़ू – लोहरदगा।** कुड़ू के टाटी स्तिथ आरसी मिशन संत विंसेंट पलोटी चर्च में 57 एवं एनडब्ल्यूजीईएल चर्च हाता टोली में 50 किशोर - किशोरियों का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। पलोटी चर्च में रांची धर्मप्रान्त के आर्च बिशप भीमसेंट आईंद, पल्ली पुरोहित फादर जॉन टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित अनिल बाखला, रायपुर से आए फादर प्रबल ने 32 लड़के और 25 लड़कियों को मिस्सा पूजा, परम प्रसाद ग्रहण सहित अनेक अनुष्ठान के बाद पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कराया। जबकि एंडब्ल्यूजीएल चर्च में पादरी शांति प्रकाश तिर्की और सिमोन टोप्पो ने 32 किशोर एवं 18 किशोरों का दृढ़ीकरण संस्कार कराया। धार्मिक जीवन जीने और गृहस्थ जीवन जीने के लिए तैयार करना है।


**Directorate of Tourism**
**Govt. of Jharkhand**
**Department of Tourism, Art Culture,**
**Sports and Youth Affairs (Tourism Division)**
**MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Ph.:-(0651)2400493, email:dirjharkhandtourism@gmail.com,**
**Web:https://tourism.jharkhand.gov.in**

**RFP No:- 615 /** **Dated :-26/05 /2025**

*Notice Inviting Tender*
*for*
**Selection of an Agency to Conceptualize, Design, and Print of a Coffee Table Book in Multiple Languages for Jharkhand Tourism.**

The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of an Agency to Conceptualize, Design, and Print a Coffee Table Book in Multiple Languages for Jharkhand Tourism. For Jharkhand Tourism Branding and Promotion, invites interested agencies to submit their Bids.

Interested agencies may download the document from **26.05.2025** from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their Applications. The Bid Due Date is on **17.06.2025 at 11:00 AM**. A Bid opening Conference will be held on **17.06.2025 at 12:00 PM** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand.

A pre-Bid conference will be held on **28.05.2025** on 1:00 PM at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi–04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism@gmail.com.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.

*Sd/-*
**Director,**
**Tourism**

**PR 353504 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26).D**

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जो सदा मुझसे युक्त हैं, और प्रेमपूर्वक मेरी आराधना करते हैं, उन्हें मैं वह मेधा (बुद्धियोग) प्रदान करता हूँ, जिसके द्वारा वे मुझे पूर्ण रूप से प्राप्त करते हैं। **- भगवान् श्रीकृष्ण, "श्रीमद्भगवद् गीता" में**

## संपादकीय

# अशांत पड़ोसी और भारत की मजबूरी

पाकिस्तान की सरकार ने अपने नागरिकों को झूठा आश्वासन देने के लिए कि इस महीने भारत से हुए संघर्ष में कथित जीत हासिल की है, अपने सेना प्रमुख को पदोन्नत करके फील्ड मार्शल बना दिया है, वहीं बांग्लादेश की सेना समय से पहले चुनाव कराने पर जोर दे रही है। पिछले दिनों बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमा ने खुलेआम मांग की कि इस वर्ष दिसंबर तक चुनाव करा लिए जाएं, ताकि निर्वाचित सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को प्रभावित करने वाले फैसले ले सके। इससे मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस घबरा गए और इस्तीफा देने की धमकी दी। हालांकि वह पद पर बने हुए हैं, लेकिन इससे देश में उथल-पुथल तो बढ़ ही गई है। कट्टरपंथियों ने इस्तीफा न देने के लिए उन्हें मना लिया है। निष्पक्ष तौर पर कहें, तो यूनुस समय ले रहे हैं। यह सब कुछ तब शुरू हुआ, जब जनरल वकार ने अपने सैन्य कमांडरों से कहा कि बांग्लादेश एक अराजक दौर से गुजर रहा है और स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। नोबेलजयी अर्थशास्त्री 84 वर्षीय यूनुस, जिनके पास कोई राजनीतिक समर्थन नहीं है, ने अपने मंत्रियों से शिकायत की कि 'जब उन्होंने पदभार संभाला था, तब जो वादे किए गए थे, उन्हें तोड़ा जा रहा है।' न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, लेकिन उन्होंने विस्तार से नहीं बताया कि वे 'वादे' क्या थे, उन्हें कैसे 'तोड़ा' गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दैनिक अखबार ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के कार्यालय के सूत्र के हवाले से कहा, 'मुख्य सलाहकार हाल ही में विभिन्न मुद्दों पर लगातार आंदोलन के कारण कुछ हद तक शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। अगर वह स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकते, तो वह पद पर नहीं रहना चाहते।' यूनुस ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक नाहिद इस्लाम से कहा कि उन्हें 'स्थिति का बंधक बना लिया गया है।' यूनुस की घोषणा के बाद उनके पक्ष और विपक्ष में राजनीतिक रैलियां शुरू हो गई हैं। जुम्मे की नमाज के बाद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने ढाका में एक विशाल रैली की। बीएनपी जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही है, क्योंकि अब उसकी प्रतिद्वंद्वी पार्टी, अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और कोई भी गतिविधि करने से रोक दिया गया है। हालांकि, इस्लामवादी छात्रों की बांग्लादेश सिटिजंस पार्टी, जो जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर काम कर रही है, ने यूनुस के पक्ष में एक रैली की और उनसे पद पर बने रहने का आग्रह किया। यह समूह चुनाव से पहले 'सुधारों' पर जोर देता है। इस्लामवादी भी समय ले रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि वे चुनाव में सीधे जीत नहीं सकते, भले ही अवामी लीग मैदान से बाहर हो, और वे नहीं चाहेंगे कि सत्ता जिया की पार्टी के पास जाए, जो उनकी सहयोगी है और जिसने 2001-2006 के दौरान सत्ता साझा की थी। वे बीएनपी को स्वीकार नहीं करते। गौरतलब है कि पश्चिमी सरकारें और मीडिया 'इस्लामवादी' शब्द का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने शेख हसीना के निरंकुश शासन में बदलाव का स्वागत किया। उन्हें उम्मीद है कि यूनुस एक ऐसे लोकतंत्र की शुरुआत करने में मदद करेंगे, जिसे वे स्वीकार कर सकते हैं।

> *यूनुस ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक नाहिद इस्लाम से कहा कि उन्हें 'स्थिति का बंधक बना लिया गया है।'*

# ऑनलाइन अजनबियों से बात कर रहे बच्चों का शोषण बढ़ रहा है



जब हम खराब मानसिक स्वास्थ्य के कारणों पर विचार करते हैं, तो हम अक्सर तनाव, आनुवंशिकी, गरीबी या अकेलेपन के बारे में सोचते हैं। ये सभी योगदान देने वाले कारक हैं, लेकिन एक और, अधिक छिपा हुआ कारण है जिसके बारे में पर्याप्त बात नहीं की जाती है: दुर्व्यवहार, विशेष रूप से बचपन के दौरान। मुझे समरिटन्स के संस्थापक चाड वराह याद हैं, जो यह दर्शाते हैं कि ऐसी कई चीजें थीं जो लोगों को चैरिटी की आत्महत्या हेल्पलाइन पर कॉल करने के लिए प्रेरित करती थीं। लेकिन दुर्व्यवहार एक प्रमुख कारण था।

दुर्व्यवहार पर बात करना आसान विषय नहीं है। यह लैंगिक गतिशीलता के मुद्दों को सामने लाता है - वैश्विक यौन शोषण का अध्ययन करने वाले एक सहकर्मी ने मुझे बताया: "अधिकांश अपराधी पुरुष हैं; पीड़ित समान रूप से लड़के और लड़कियां हैं।" इन मुद्दों पर सोचना कठिन है, चर्चा करना और भी कठिन है और संबोधित करना मुश्किल है। वे सुरक्षा, विश्वास, परिवार और समुदाय की धारणाओं को चुनौती देते हैं। लेकिन अगर हम खराब मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने में प्रगति करना चाहते हैं, तो हमें यहीं से शुरुआत करनी होगी – उन सच्चाइयों से जिन्हें हम टालना चाहते हैं। इंटरनेट ने हमारी दुनिया को मौलिक रूप से बदल दिया है। जहाँ एक समय हम स्कूल से अकेले घर लौटने वाले बच्चे या किसी दोस्त के घर पर सोने वाले बच्चे के बारे में चिंतित रहते थे, वहीं अब हमारे पास पूरी ऑनलाइन दुनिया है जिससे हमें जूझना है। ग्रूमिंग और शोषण अब केवल व्यक्तिगत रूप से ही नहीं होता है – वे स्मार्टफोन, वीडियो गेम और बच्चों के मनोरंजन के लिए दिए गए टैबलेट के माध्यम से होते हैं। और अक्सर, बच्चों की सुरक्षा करने वाले वयस्क बहुत पीछे रह जाते हैं। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में बाल सुरक्षा चैरिटी चाइल्डलाइट के हालिया शोध से पता चला है कि ऑनलाइन ग्रूमिंग के मामलों में भारी वृद्धि हुई है। इसका अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग 830,000 युवा हर दिन सामाजिक शोषण और दुर्व्यवहार के जोखिम में हैं। इसमें स्पष्ट फोटो शेयरिंग, यौन जबरन वसूली, प्रलोभन, डीपफेक इमेज, पोर्नोग्राफ़ी और ग्रूमिंग शामिल हैं। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, मैसेजिंग ऐप और मल्टीप्लेयर गेम युवाओं को निशाना बनाने के लिए दुर्व्यवहार करने वालों के लिए आम रास्ते बन गए हैं। उन्हें बच्चों के लिए आकर्षक और व्यसनी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखे बिना। और यह सुरक्षा का बोझ अनुचित रूप से माता-पिता पर डालता है, जिनमें से कई जोखिम को नहीं समझते हैं - या उन्हें पता भी नहीं है कि वे मौजूद हैं। रोबॉक्स को ही लें, एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म जिसे बच्चों के अनुकूल वर्चुअल प्लेग्राउंड के रूप में विपणन किया जाता है। इसके रंगीन, ब्लॉकी ग्राफिक्स और सरल गेम के पीछे एक वास्तविकता छिपी है जो बहुत कम मासूम है। खेल के भीतर बातचीत की जांच करने वाले एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि इसकी खुली चैट सुविधाओं के माध्यम से, उपयोगकर्ता पाँच साल की उम्र के बच्चों के साथ संपर्क शुरू करने में सक्षम थे, और अन्य, कम सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म पर जाने से पहले संभावित रूप से उनसे बात करने में सक्षम थे। बच्चे विभिन्न गेम खेलते समय यौन और अश्लील सामग्री भी देख और सुन सकते थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक वयस्क के लिए पंजीकृत एक परीक्षण अवतार प्लेटफ़ॉर्म पर पांच वर्षीय बच्चे के परीक्षण अवतार के स्नैपचैट विवरण मांग सकता है। पिछले महीने ही, कैलिफोर्निया के एक व्यक्ति पर रोबॉक्स पर मिले 10 वर्षीय बच्चे के साथ अपहरण और यौन आचरण का आरोप लगाया गया था। सतह पर यह सौम्य दिखता है। खतरा अंदर छिपा है।

आज की बात



**प्रोफेसर देवी श्रीधर**
एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य की अध्यक्ष हैं

एक बात जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, वह यह है कि भले ही शारीरिक संपर्क कभी न हुआ हो, दर्दनाक या यौन रूप से अनुचित सामग्री के संपर्क में आने से अभी भी स्थायी मानसिक निशान रह सकते हैं। इंटरनेट और विशेष रूप से सोशल मीडिया ने इस तरह की सामग्री तक पहुंच आसान बना दी है, भले ही किसी बच्चे से कभी भी किसी जबरदस्ती करने वाले व्यक्ति द्वारा संपर्क न किया गया हो। ऑनलाइन दुर्व्यवहार कई रूप ले सकता है, यौन छवियों और वीडियो के संपर्क से लेकर अनुचित यौन और गैर-यौन भाषा, जबरन वसूली और प्रलोभन तक।2023 में, इंग्लैंड और वेल्स में 10 से 15 वर्ष की आयु के अनुमानित 19% बच्चों ने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ ऑनलाइन संदेशों का आदान-प्रदान किया, जिनसे वे वास्तविक जीवन में कभी नहीं मिले थे। ऑनलाइन गेम खेलने वाले आठ से 17 वर्ष के लगभग एक तिहाई बच्चों का कहना है कि वे गेम खेलते समय अजनबियों से चैट करते हैं। वही शर्म, भ्रम, डर और अपराधबोध जो वास्तविक दुनिया में दुर्व्यवहार के शिकार लोगों को चुप करा देता है, वही आभासी दुनिया में भी उन लोगों को चुप करा देता है जो दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं। यह चुप्पी जानलेवा हो सकती है। अध्ययनों से पता चला है कि जिन बच्चों को ऑनलाइन तैयार किया जाता है या मजबूर किया जाता है, वे अक्सर चिंता, अवसाद, पीटीएसडी और आत्महत्या के विचारों से पीड़ित होते हैं। समरिटन्स के अनुसार, दुर्व्यवहार के इतिहास वाले बच्चों और युवाओं में आत्म-क्षति और आत्महत्या का जोखिम कहीं अधिक होता है। वराह के विचार इस बात को रेखांकित करते हैं: दुर्व्यवहार, खासकर जब संबोधित नहीं किया जाता है, तो पूरे जीवन को पटरी से उतार सकता है। लेकिन जागरूकता रोकथाम की दिशा में पहला कदम है। हमें दुर्व्यवहार के इर्द-गिर्द कलंक को दूर करने की जरूरत है ताकि किसी भी उम्र के पीड़ित अपनी बात कह सकें।हमें यह भी बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है कि जोखिम का परिदृश्य कितनी तेजी से विकसित हो रहा है। इसका मतलब है कि बच्चों के साथ सिर्फ़ एक बार नहीं बल्कि नियमित रूप से खुलकर बातचीत करना। इसका मतलब है कि उन्हें यह सिखाना कि वे बिना किसी डर या शर्म के ऑनलाइन जो कुछ भी देखते या अनुभव करते हैं, उसके बारे में हमसे बात कर सकते हैं।

टेक कंपनियों को सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जवाबदेह बनाने के लिए सरकार द्वारा कड़ाई किए जाने की आवश्यकता है। इसे सिर्फ़ स्वैच्छिक पहलों पर छोड़ देना पर्याप्त नहीं लगता है। 25 जुलाई को, ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम ब्रिटेन में लागू किया जाएगा, जिसमें प्लेटफ़ॉर्म के लिए स्पष्ट सुरक्षा नियम होंगे ताकि युवा लोगों को हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन दुर्व्यवहार और यौन सामग्री से बचाया जा सके। यह इस मुद्दे को उस तत्परता के साथ संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी यह हकदार है - ठीक वैसे ही जैसे हम किसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के साथ करते हैं।जबकि समरिटन्स संकट में फंसे लोगों का समर्थन करने के लिए अपना महत्वपूर्ण काम जारी रखता है, हम अपने बच्चों के प्रति यह दायित्व रखते हैं कि हम पहले ही हस्तक्षेप करें, ताकि उस संकट को पहले ही होने से रोका जा सके। अगर हम युवा लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें वहीं से शुरुआत करनी होगी, जहाँ नुकसान शुरू होता है - और इसका मतलब है कि ऑनलाइन व ऑफलाइन, कठोर सच्चाई को सीधे देखना।

# समय से पीछे कभी ना चले

हमेशा समय के साथ चले,समय से कभी विलम्ब ना चले ऐ सवाल का जबाब रामायण में किस्किंधा कांड में पढ़ने क़ो मिलता है जब माता सीता की खोज में सुग्रीव क़ो चेताया था लोगों से सुनने क़ो मिलता है कि भगवान श्री राम ने वालि क़ो धोखे से मारा ऐ गलत है प्रभु ने वालि क़ो मोक्ष दिया धोखा से नहीं मारा था भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ , बड़ी मुश्किल कैकई के वचन क़ो पूर्ण करने के लिए भगवान राम क़ो 14वर्ष के वनवास के लिए आदेश दे पाए होंगे। राजा, उनकी आँखें आँसुओं से भरी हुई थीं, उनका गला भावनाओं से भर गया था, वे केवल ये शब्द बोल पाए: राम और कुछ नहीं वास्तव में, राम ने बिना किसी सवाल के आदेश स्वीकार कर लिया। मैं पिता की आज्ञा का पालन करने में प्रसन्न हूँ, उन्होंने कैकेई से कहा: क्यों, अगर आप आदेश दें तो भी मैं जाऊँगा। इस प्रकार, बिना किसी विरोध के, राम दयालुता और सद्भावना के एक बड़े इशारे में अपने 14 साल के वनवास की यात्रा पर निकल पड़ते हैं।वह कैकेई से वास्तव में अनुरोध करते हैं कि वह राई का पहाड़ न बनाए। उन्होंने उसे सांत्वना भी दी और अनुरोध किया कि उसे इतनी छोटी सी बात पर बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए। राम को, 14 साल जंगल में बिताना बहुत छोटी सी बात लगती थी। राम के सबसे वफादार छोटे भाई लक्ष्मण ने अब राम के साथ मिलकर राम के साथ किए गए अनुचित व्यवहार का शाही जवाब देने का फैसला किया। राम ने लक्ष्मण को समझाने की पूरी कोशिश की कि उन्हें परिवार की देखभाल करने के लिए वापस लौटना चाहिए और राज्य पर शासन करने में भरत की मदद भी करनी चाहिए। हालाँकि, लक्ष्मण ने उनकी बात नहीं मानी। हालाँकि लक्ष्मण राम के भाग्य या नियति के दर्शन से सहमत नहीं थे, लेकिन वे अपने बड़े भाई के बिना भी नहीं रह सकते थे। इस तरह यह बात सामने आई कि राम के पास अपने छोटे भाई को वनवास में अपने साथ ले जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। राम के लिए मामले को और भी बदतर बनाने के लिए, उनकी युवा पत्नी सीता ने भी राम के साथ जाने का फैसला किया। सीता को समझाने के राम के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद कि उनके लिए जंगल में रहना बहुत कठिन होगा, सीता ने जोर देकर कहा कि वह अपने पति के साथ जाएँ। जैसे पदार्थ के लिए छाया होती है, वैसे ही पति के लिए पत्नी होती है, उसने राम को याद दिलाया क्या पत्नी का धर्म अपने पति के साथ रहना नहीं है? मुझे तुम्हारे आगे चलने दो ताकि मैं तुम्हारे पैरों के लिए रास्ता सुगम बना सकूँ। इस प्रकार राम को सीता को अपने साथ वन में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आपकी बात



**संजय गोस्वामी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# खफा-खफा नीतीश कुमार हैं, जरूर कोई बात है...

बिहार में चुनावी तापमान लगातार बढ़ रहा है और दिल्ली में पहुंचने के बाद नीतीश कुमार खफा-खफा से लग रहे हैं। नीति आयोग की बैठक से दूरी बनाने वाले नीतीश कुमार जेपी नड्डा से मिलकर निराश हुए और ऐसा बताया जाता है कि बिहार विधान सभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर नड्डा की बातचीत से असंतुष्ट नीतीश कुमार की ये भाव भंगिमा एनडीए की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान भी दिखी दोनों नेताओं की बातचीत के दौरान नीतीश के डिप्टी बीजेपी नेता सम्राट चौधरी भी नजर आए। नीतीश की बात से न सिर्फ मोदी असहज नजर आए बल्कि नीतीश के तेवर में मोदी के सामने झुकने और उनकी चिरौरी करने वाली बात तकरीबन गायब भी और वह पिछले कुछ महीनों की अपनी तस्वीरों से उलट मानसिक रूप से मजबूत और चुनावी रणनीति को लेकर दृढ़संकल्पित नजर आए।

देश की बात



**अमर आनंद**
वरिष्ठ पत्रकार, दिल्ली

बीस से भी ज्यादा साल सीएम बिहार का सीएम रहने वाले नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ अर्सा पहले पीएम के रूप खुद को मोदी के सामने खड़ा करने की कवायद कर रहे थे और फिर एनडीए में शामिल होकर मोदी के कदमों में झुकते हुए से नजर आए लेकिन ये नजारा तो बिल्कुल चौंका देने वाला था। ऐसा लग रहा था मोदी के सामने न सिर्फ नीतीश राजनीतिक वजूद बात कर रहा था बल्कि केंद्र सरकार में बैसाखी की तरह शामिल जेडीयू के बारह सासंदों का आत्म विश्वास भी शामिल था। दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर की गर्मजोशी से लबरेज एनडीए की मीटिंग में इसके नायक नरेंद्र मोदी के सामने नीतीश के तेवर में भी गर्मी थी लेकिन वह दूसरे तरह की थी और इस गर्मी से मोदी सहज नहीं बल्कि असहज नजर आए। नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के नायक के रूप मे बीजेपी की ओर से प्रचारित किए जा रहे हैं और बिहार चुनाव में भी इसका लाभ लेने की कोशिश की जा रही है लेकिन इन सबके बीच नीतीश कुमार बिहार विधान सभा चुनाव में अपनी पार्टी के आत्ममंथन के बाद 120 सीटों के अपने दावे पर कायम हैं और बदली हुई सूरत में बीजेपी उन्हें इतनी सीटें नहीं देना चाहती है। बिहार में चेहरा विहीन बीजेपी और नीतीश के बीच तकरार में बदलने को बेताब असहजता और असहमति बिहार की चुनावी राजनीति पर असर डाल सकती है,. इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

मोदी की पार्टी बीजेपी ही नहीं, मोदी के हनुमान कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान भी अपने दौरों से नीतीश कुमार की नाक में दम किए दे रहे हैं। उनका बिहार प्रेम कोसी और गंगा के पानी से भी ज्यादा उछाल मार रहा है, जिसे फिलहाल बीजेपी भी भाव देने को तैयार नहीं हैं लेकिन चिराग बिहार में दलित और युवा राजनीति की रोशनी हैं। इससे भला किसको इंकार हो सकता है। चिराग के किरदार की चमक यह कहती है वो आने वाले समय में बिहार की कमान संभालने के लिए तैयार हो रहे हैं या तैयार किए जा रहे हैं। जो भी हो मगर 2025 का साल एनडीए सी राजनीति के हिसाब से चिराग का नहीं है बल्कि नीतीश कुमार का ही है। यह संभव हैं कि नीतीश के नाम पर चुनाव लड़कर बीजेपी जीत के बाद एमपी की तरह उन्हें मुख्यमंत्री बनने से रोक दे और यह भी संभव है कि दिल्ली में उनकी पार्टी के सांसदों का रुख अपनी तरफ मोड़ दे। बीजेपी की राजनीति का चाल, चरित्र और चेहरा ऐसे कई चाणक्यनीतियों से भरा पड़ा है और पार्टी के नंबर दो नेता अमित शाह को चाणक्य भी कहा जाता रहा है। वैसे चुनाव जिताने की अमित शाह की कला मोदी काल की बीजेपी की बहुत बड़ी ताकत रही है। बिहार की राजनीति ऐसे दौर में है जहां एक तरफ नीतीश कुमार असहज महसूस कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके बड़े भाई लालू यादव भी अपने बेटे तेजप्रताप की कथित करतूत की वजह से असहज महसूस कर रहे हैं। बीजेपी और नीचे पीके से मुकाबला करने के लिए यह मुमकिन है दोनों भाई अपने बेटों तेजस्वी और निशांत के राजनीतिक भविष्य की खातिर एक बार फिर से एक होने का मन बनाएं और मिलकर बिहार चुनाव जीतने के बाद लालू नीतीश को मोदी के खिलाफ खड़े करने की कोशिश करें। राहुल की कांग्रेस का हाथ तो लालू के साथ है ही और नीतीश के साथ पहले भी था, जिसे छुड़ाकर वो मोदी की ओर चले गए थे। बिहार में चुनावी बयार बहने लगी है। राज्य की राजनीति में पलटीमार नीतीश की नई करवंट का इंतजार कीजिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वृक्ष- सूर्य करते रहें, जब तक कारोबार।
दोनों से मिलता रहा, जीवन हमें उधार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सुविधा पैसे ऐश से यारी - देश के साथ गद्दारी!

दुश्मन देश अपने विरोधी देशों की जासूसी के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल करते है। भारत में हनी ट्रैप के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन अब विदेशी एजेंसियों द्वारा भारतीय युवाओं को आसानी से सुविधा पर्यटन का खर्चा विपरीत सैक्स के आकर्षण से लव एंगल बना कर जासूसी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ताज़ा मामला यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इन दिनों सुर्खियों में है इसमें पूर्व हमारी आईएफएस अधिकारी माधुरी भी पाकिस्तान में कथित तौर पर एक मुस्लिम के जाल में फंस कर धर्मपरिवर्तन कर जासूसी करने मे शामिल रहीं है। समझना होगा कि खासकर युवतियां क्यों हो जाती हैं पाकिस्तानी हनी ट्रैप का शिकार? आप जानते हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में लोगों के पास अपने अकेलेपन को दूर करने का एक तरीका ऑनलाइन चैटिंग, वीडियो कॉल वगैरा भी है। कुछ युवा नए दोस्त बनाने के चक्कर में तो कुछ अकेलापन दूर करने और कुछ पैसों और सुविधा के लिए जाने अनजाने में इस घिनौने खेल में शामिल हो जाती हैं और जब तक उन्हें पता चलता है कि वह किसी देश के दुश्मन के शिकंजे में फंस गयीं हैं तब देर हो चुकी होती है न तो उनमे इतना साहस होता है कि वह देश की एजेंसियों के सामने सच बता कर सरेंडर कर सके दरअसल उनको स्लीपर सेल बनाने वाले इतना दबाव बना कर मनोबल तोड़ देते हैं कि यदि उन्होंने जरा भी जाल से बाहर निकलने की कोशिश की तो वह सारी जिंदगी जेल में रहेंगी। ऐसे में जाल में फंसी महिलाओं को विदेशी एजेंसियों के इशारे पर काम करने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता है। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा फिलहाल पुलिस हिरासत में है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जिसमें देश की संवेदनशील सूचनाओं के आदान प्रदान का मामला जाहिर हो रहा है यह युवती पाकिस्तान बांग्लादेश आदि की यात्रा कर चुकी है। इस आरोपी को हिसार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अदालत ने पूछताछ के लिए उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क के खिलाफ देश की सुरक्षा एजेंसियों की तेज कार्रवाई के फलस्वरूप हुई है। इससे पहले एक महिला समेत दो लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार किया गया था। वे भी पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कुछ अधिकारियों के संपर्क में थे। हरियाणा के कैथल जिले के गुहला में भी एक युवक को जासूसी के आरोप में दबोचा गया है। ये तमाम गिरफ्तारियां इस लिहाज से चौंकाने वाली है कि आरोपी स्लीपर के रूप में मौजूद थे और समाज में इस कदर सक्रिय थे कि उन पर पहली नजर में शक होना तक संभव नहीं था। ये पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ अधिकारियों के जाल में फंसे तो लालच के चलते फंसे। चाहते थे कि इस प्रकार मिलने वाले धन से ऐश की जिंदगी जी जाए। धन कमाने की लालसा होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस लालसा के वशीभूत होकर देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ जाना अक्षम्य अपराध है। आरोपी ज्योति के यूट्यूब चैनल के 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं, लेकिन शानो-शौकत की जिंदगी जीने की इच्छा ने उसे कानून के शिकंजे में धकेल दिया। वह पाकिस्तान के अलावा कई दूसरे देशों में भी घूम-फिर चुकी है। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे वह निरंतर संपर्क में रहती थी और देश की महत्वपूर्ण जानकारी और सूचनाएं उन तक पहुंचा रही थी। हैरान करने वाली बात यह है कि वह देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर अपनी करतूतों को अंजाम दे रही थी। इन लोगों की गिरफ्तारियां भारतीय एजेंसियों की यकीनन बड़ी सफलता है, परंतु जरूरी है कि इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन लोगों तक भी पहुंचा जाए जिनके ये लोग संपर्क में थे। यह काफी बड़ा जाल हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों की इस कार्रवाई ने न केवल जासूसी के नए-नए तरीकों को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल खतरनाक मंसूबों के लिए हो रहा है। हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा से लेकर पंजाब के मलेरकोटला के युवाओं तक, ये जासूस हनीट्रैप, मैसेजिंग ऐप्स और व्यक्तिगत यात्राओं के जाल में फंसाए गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से 20-30 आयु वर्ग के युवाओं को निशाना बनाता था, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय थे। इनमें से कई लोग अनजाने में जाल में फंस गए, जबकि कुछ को पैसे और अन्य प्रलोभनों ने लालच में डाला। उदाहरण के लिए, ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के जरिए हनीट्रैप में फंसाया गया, जिसके बाद वह संवेदनशील जानकारी साझा करने लगीं।

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है: मुख्तार अब्बास नकवी



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान को एक "विफल राज्य" बताया। ओवैसी के इस बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ और टकसाल बताया। सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि पाकिस्तान अपने यहां न केवल आतंकवादियों को पैदा कर रहा है, बल्कि उन्हें दुनिया भर में सप्लाई भी कर रहा है। जब आतंकवाद किसी देश की सबसे बड़ी संपत्ति बन जाता है और आतंकवादियों को उसके सबसे मूल्यवान संसाधन के रूप में देखा जाता है, तो पूरी दुनिया को सचेत करना जरूरी हो जाता है। दुनिया अच्छी तरह से जानती है कि आतंक की फैक्ट्री शांति की खाद नहीं पैदा कर सकती।

### केरल: डूबे हुए लाइबेरियाई जहाज के कंटेनर बहकर तट पर पहुंचे

**तिरुवनन्तपुरम।** केरल अपतटीय क्षेत्र में लाइबेरियाई मालवाहक जहाज के डूबने के बाद उसमें रखे कंटेनर अब बहकर यहां तट पर आने लगे हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। तटीय पुलिस ने बताया कि दक्षिणी कोल्लम तट पर कुछ कंटेनर पाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि तट पर बहकर आए कंटेनर की कुल संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है और अधिकारी स्थिति को संभालने के लिए काम कर रहे हैं। प्रभावित सभी क्षेत्रों में पुलिस तैनात कर दी गई है। खबरों के अनुसार, कोल्लम जिले के तट पर अब तक कम से कम चार कंटेनर देखे गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से कंटेनर से दूर रहने का आग्रह किया है और कहा है कि जहाज में कुल 640 कंटेनर थे, जिनमें से 13 कंटेनर में खतरनाक सामग्री है। तट के पास समुद्र में रविवार को मालवाहक जहाज पलट गया और डूब गया, जिससे भारी मात्रा में तेल रिसाव हुआ है। करीब तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेल के बहने के कारण पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है क्योंकि यह पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील केरल के तटीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

### जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (पंबेई) के एक कैडर को शनिवार को विष्णुपुर जिले के मोइरांग सेंद्रा रोड से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि उग्रवादी पर जिले और इंफाल में स्थानीय व्यापारियों तथा कई सरकारी संस्थानों से जबरन वसूली की गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि यूएनएलएफ (पंबेई) ने नवंबर 2023 में केंद्र के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके सदस्यों को ''जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों'' के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

### अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, एक कांस्टेबल की मौत

**लखनऊ।** गाजियाबाद जिले में वांछित अपराधी को पकड़ने गई नोएडा पुलिस के एक दल पर एक समूह ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे एक कांस्टेबल की मौत हो गई और कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। गौतमबुद्ध नगर पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि घटना रविवार देर रात गाजियाबाद जिले के मसूरी इलाके की है जब नोएडा के थाना फेज-तीन में दर्ज एक मामले में वांछित अपराधी कादिर को पकड़ने के लिए पुलिस दल छापेमारी करने गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने कादिर को पकड़ लिया तभी अपराधी और उसके साथियों ने उन पर जानलेवा हमला करते हुए गोलीबारी की और पथराव भी किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें।

**मिथुन :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क :** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**मकर :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# प्रयागराज में सुहागिन महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा

**प्रयागराज।** आस्था की संगम नगरी प्रयागराज में आज (26 मई) वट सावित्री पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष (बरगद के पेड़) की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर सूत बांधा। वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर लाल जोड़े में वटवृक्ष की पूजा करती हैं। पूजा के दौरान बरगद के पेड़ पर सूत लपेटकर परिक्रमा की जाती है और पति की सलामती के लिए प्रार्थना की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा के लिए मृत्यु के देवता यमराज को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया था। सावित्री के इस समर्पण और साहस ने उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक बना दिया। तभी से सुहागिन महिलाएं इस व्रत को अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए करती हैं। प्रयागराज में सुबह से ही संगम तट पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने पहले संगम में आस्था की डुबकी लगाई और फिर नजदीकी वटवृक्षों पर पूजा-अर्चना की। व्रती महिला रेखा ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "आज के दिन माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। हम पहले संगम में स्नान करने गए, फिर यहां वटवृक्ष की पूजा की। इस व्रत का उद्देश्य अपने सुहाग को अखंड रखना और पति की लंबी उम्र की कामना करना है।" व्रत करने वाली एक अन्य महिला ने कहा, "यह व्रत माता सावित्री के समर्पण का प्रतीक है। हम निर्जला व्रत रखकर अपने पति की सलामती और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हैं।" इस पर्व पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में वटवृक्ष के नीचे पूजा सामग्री जैसे रोली, चंदन, फूल और फल के साथ विधि-विधान से पूजा की।




# ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं : नरेन्द्र मोदी



एजेंसी

**दाहोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। इससे हमारा खून खौल उठा। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी, इसलिए वहीं किया गया जिसके लिए देशवासियों ने उन्हें प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारतीयों के संस्कारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। जनसभा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद तीनों सेनाओं को खुली छूट दी गई और देश के शूर-वीरों ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। सीमा पार चल रहे 9 सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जो खेल खेला था, 6 मई को उन्हें मिट्टी में मिला दिया गया। पाकिस्तान की सेना ने जब दुस्साहस दिखाया तो हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंटवारे के बाद जिस देश का जन्म हुआ उसका एक मात्र लक्ष्य भारत से दुश्मनी है, नफरत है और भारत का नुकसान करना है। जबकि भारत का लक्ष्य अपने यहां की गरीबी को दूर करना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और विकसित भारत बनाना है। हम इसी दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रेलवे और विकास प्रकल्पों के लोकार्पण और भूमिपूजन के बाद आयोजित गुजरात के आदिवासी पट्टे उमरगाम से अंबाजी में आए बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब गुजरात के आदिवासी पट्टे में 12वीं कक्षा तक का एक भी स्कूल नहीं था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। उन्होंने गुजरात के लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की। सरकार का मूल उद्देश्य है कि जो भी क्षेत्र विकास में पीछे छूट गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज 26 मई का दिन है, वर्ष 2014 में आज के ही दिन हमने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इस दौरान देश ने वह फैसले लिए जो अकल्पनीय है, अभूतपूर्व है। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वह हम भारत में ही बनाए। यह आज के समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज तेज गति से मैनुफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है।

### नीट-पीजी : चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी), 2025 दो पालियों में 15 जून को कंप्यूटर आधारित प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी। इसके परिणाम 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि याचिका को जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने 23 मई को कहा था कि याचिका अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वकील ने सोमवार को फिर से इस बात का जिक्र किया। वकील ने कहा, ''पीठ ने कहा कि वह इस मामले को इसी सप्ताह सूचीबद्ध करेगी। यह अत्यंत जरूरी है। प्रवेश पत्र दो जून को जारी किए जाएंगे।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसे एक या दो दिन में सूचीबद्ध कर दिया जाएगा। पीठ ने पांच मई को एनबीई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से याचिका पर जवाब मांगा था। दो पालियों में नीट-पीजी परीक्षा आयोजित कराने को चुनौती देने वाली याचिका में कहा गया है कि विभिन्न पालियों में कठिनाई के स्तर अलग-अलग होने के कारण इसमें अनुचित चीजें होने की संभावना है।

## 'प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात': कर्नल सोफिया कुरैशी के माता-पिता ने कहा

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में शामिल होने के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। परिजनों ने कहा कि यह हर किसी के नसीब में नहीं होता कि उन्हें देश के प्रधानमंत्री से मिलने का मौका मिले। लेकिन, यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि हमें प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार ने पत्रकारों से बातचीत में अपना सुखद अनुभव साझा किया। कर्नल सोफिया की मां हलीमा कुरैशी ने प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात को अपनी जिंदगी का अविस्मरणीय पल बताया। कहा कि प्रधानमंत्री से मिलकर हमें अच्छा लगा। उनसे मिलने के बाद हम पूरी तरह से सकारात्मक ऊर्जा से भर गए।




भारत के सबसे वांछित माओवादी बसवराजू का अंत

## 'माओवाद मुक्त भारत 2026' के लक्ष्य पर निगाहें



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल के इतिहास में माओवादी विद्रोह के खिलाफ सबसे निर्णायक हमलों में से एक में, सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के घने अबूझमाड़ के जंगलों में एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव और सुप्रीम कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया है। बसवराजू, जिस पर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था, भारत के सबसे वांछित भगोड़ों में से एक था। उसे भारतीय सुरक्षा बलों पर हुए कई सबसे घातक हमलों के पीछे वैचारिक प्रेरक और प्रमुख रणनीतिकार माना जाता था। उसकी मौत को दशकों से चले आ रहे माओवादी चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक सफलता और एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह बड़ी सफलता एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन का नतीजा थी, जिसके कारण नारायणपुर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में बसवराजू के साथ-साथ कई अन्य माओवादी भी मारे गए हैं, जिससे संगठन के नेतृत्व को एक बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि करते हुए इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, एक सप्ताह में मिले 99 नए केस



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, कई राज्यों में सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिनमें केरल (+355), महाराष्ट्र (+153) और दिल्ली (+24) शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर मौतों में भी इजाफा हुआ है, जिनमें महाराष्ट्र (+4) और कर्नाटक (+1) शामिल हैं। हालांकि, बहुत से राज्यों में कोई नया मामला या मौत नहीं दर्ज की गई है। इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) : महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं।

## सीएम नीतीश ने अधिकारी के सिर पर रखा गमला




**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की कुछ हरकतें सोशल मीडिया पर आजकल वायरल हो जा रही हैं। इसी कड़ी में आज बिहार के पटना में एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने एसीएस शिक्षा एस सिद्धार्थ के सिर पर फूलदान रखा, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। डॉ एस सिद्धार्थ ने जैसे ही सीएम का स्वागत गमला देकर किया वैसे ही नीतीश ने तत्काल ही वह गमला उनके सिर पर रख दिया। इस साल मार्च की शुरुआत में, पटना में सेपक टाकरा विश्व कप के उद्घाटन के बाद जब राष्ट्रगान की घोषणा की गई तो नीतीश कुमार अचानक मंच से उतर गए। बाद में, जब राष्ट्रगान बजाया गया, तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया। एक अन्य घटना में, कुमार को एक सार्वजनिक समारोह में एक महिला के कंधों पर हाथ रखते हुए देखा गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मंच पर थे। केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं के लिए डमी चेक वितरित करते समय एक मध्यम आयु वर्ग की ग्रामीण महिला यह समझ पाने में विफल रही कि शाह उसे दर्शकों की ओर मुड़कर फोटो खिंचवाने के लिए कह रहे थे। इस दौरान नीतीश कुमार ने उनका हाथ खींचा और उन्हें पत्रकारों के सामने खड़ा कर दिया। उन्होंने उनके कंधे पर हाथ रखा। इससे पहले नीतीश कुमार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने का वीडियो वायरल हुआ था।

# मुझे पीटा गया था तब कहां थे? सामाजिक न्याय चुनाव के डर से ड्रामा

- **तेज प्रताप की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या ने उठाया सवाल**

एजेंसी



**पटना।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गए हैं। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ऐसा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना की है। इसके अलावा, उनके 'साथी' को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद भी हुआ था, जिसे अब हटा दिया गया है। इसी को लेकर अब बिहार में सियासत तेज हो गई है। तेज प्रताप यादव की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक से उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया।

ऐश्वर्या राय ने कहा कि मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली वह सब मीडिया के जरिए मिली। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है। उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया तो उनका सामाजिक न्याय कहां था? उनसे पूछिए, मेरा क्या?... वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ देते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान तरीका है। मुझे न्याय कब मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विवाद खड़ा कर दिया कि वह अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने युवती के साथ अपनी एक फोटो भी शेयर की, जिसके कैप्शन में लिखा, "इस तस्वीर में जो दिख रही है, वह अनुष्का यादव है। हम पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं। हम प्यार में हैं और 12 सालों से रिलेशनशिप में हैं।" इसके तुरंत बाद, तेज प्रताप ने दावा किया कि उनका फेसबुक अकाउंट "हैक" हो गया है।

## महागठबंधन में शामिल होने को उत्सुक एआइएमआइएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल चुनाव है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने समीकरण साधने की कोशिश में हैं। वहीं, अब तक विपक्षी दल इंडिया से दूरी बनाए रखने के बाद, असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) राज्य विधानसभा चुनावों के लिए बिहार में आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होने को लेकर उत्सुक है। लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली आरजेडी के अलावा विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं।



बिहार में एआईएमआईएम के नेता आरजेडी नेताओं के संपर्क में हैं। एआईएमआईएम के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि हम महागठबंधन के साथ गठबंधन करने में रुचि रखते हैं। हम इसे लेकर बहुत सकारात्मक हैं। हमारी विचारधारा भाजपा को हराना और बिहार को सशक्त बनाना है। भाजपा के साथ हमारी लड़ाई कांग्रेस की तरह ही है। हम चाहते हैं कि महागठबंधन में एआईएमआईएम को भी शामिल किया जाए। एआईएमआईएम 2020 के राज्य विधानसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन से उत्साहित है, जब उसने बीएसपी और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के साथ मिलकर तीसरा मोर्चा बनाया था।

# हरभजन सिंह और उनकी पत्नी लेकर आ रहे नया चैट शो 'हू इज द बॉस'

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने हाल ही में अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल रोज एंटरटेनमेंट' शुरू की है। अब उन्होंने इस बैनर के तले एक नया चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। आईएएनएस से खास बातचीत में हरभजन सिंह ने बताया कि इस शो को बनाने का आइडिया उन्हें महिलाओं से मिला। उन्होंने कहा, "लोग क्रिकेटरों को तो जानते हैं, लेकिन उनकी पत्नियों को नहीं जानते। इन महिलाओं की अपनी एक पहचान है, एक अलग कहानी है। ये अपने आप में बेहद खास हैं, और हम चाहते हैं कि इनकी कहानियां सबके सामने आएं। इसी सोच के साथ इस शो को शुरू करने का आइडिया आया। वहीं गीता बसरा ने भी आईएएनएस से बात की और घर में असली बॉस कौन है?, इसका जवाब देते हुए कहा, "मुझे लगता है कि हम दोनों मिलकर बराबरी से जिम्मेदारियां निभाते हैं। उन्होंने कहा, "मैं ज्यादातर बच्चों की देखभाल करती हूं, उनकी रोज की एक्टिविटी, क्लासेस, खाना और घर के छोटे-मोटे काम भी देखती हूं।




## हरभजन सिंह का खुलासा : शो में दिखेगी सेलिब्रिटीज की असली जिंदगी

हरभजन पैसे से जुड़े फैसले लेते हैं कि क्या खरीदना है और क्या नहीं खरीदना है। हरभजन ने गीता की बात से सहमति जताते हुए कहा, "हां, मैं आमतौर पर पैसों से जुड़े काम संभालता हूं, लेकिन घर में क्या ठीक करवाना है और क्या नहीं, उसमें गीता की भी राय होती है। कह सकते हैं हमारे बीच एक पार्टनरशिप है। जब गीता बसरा से पूछा गया कि क्या उनका शो 'हू इज द बॉस' कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो से प्रेरित है, तो इस पर उन्होंने जवाब दिया, "ऐसा नहीं है। कपिल शर्मा का शो कई सालों से चल रहा है और उसमें लाफ्टर, जोक्स, मस्ती-मजाक ज्यादा होता है। हमारे शो में भी मजेदार बातें हैं, लेकिन यह शो उससे काफी अलग है। हरभजन सिंह ने कहा, "हमारा शो इस बात पर ज्यादा आधारित है कि जो लोग पब्लिक में फेमस हैं, उनकी असली जिंदगी कैसी है। जैसे सभी रोहित शर्मा को एक क्रिकेटर के तौर पर जानते हैं, लेकिन असल जिंदगी में वह कैसे इंसान हैं.. इस बारे में लोग नहीं जानते, और उनकी पत्नी के बारे में तो और भी कम लोग जानते हैं। हम उनका असली जीवन दिखाना चाहते हैं, वो कपल के तौर पर कैसे हैं, और उनका साथ में सफर कैसा रहा है। गीता बसरा ने आखिर में कहा, "हमारा शो सेलिब्रिटीज के पीछे छुपी इंसानी कहानियों को दिखाने के लिए बना है, और यही बात इसे कपिल के शो से अलग बनाती है। लेकिन हां, हम चाहते हैं कि हमारा शो कपिल शर्मा शो के जितना पॉपुलर हो, और हम तो ये भी चाहेंगे कि एक दिन कपिल शर्मा खुद हमारे शो में मेहमान बनकर आएं।

---

**जूनियर शूटिंग विश्व कप**

## तेजस्विनी के 25 मी. पिस्टल गोल्ड ने भारत को टॉप स्थान दिलाया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत की तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता जर्मनी के सुहल शहर में हुई थी। तेजस्विनी की इस जीत की बदौलत भारत पदक तालिका में चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहा। हरियाणा की 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीते - 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य। चीन ने भी 3 स्वर्ण पदक जीते, लेकिन उनके पास भारत से केवल एक अतिरिक्त कांस्य पदक था।फाइनल में तेजस्विनी ने कुल 31 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर रही एलिना नेस्टियारोविच ने रजत और हंगरी की 23 वर्षीय मिरियम जाको ने कांस्य पदक जीता।तेजस्विनी का यह यादगार प्रयास था, जिन्होंने दिन की शुरुआत ग्रिड पर 24वें स्थान से की, जबकि क्वालिफिकेशन के पहले दिन संभावित 300 में से 282 अंक प्राप्त किए थे। आज दूसरे रैपिड-फायर राउंड में उन्होंने 293 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 575 रहा।

# मुंबई की पारी में सूर्य कुमार यादव का जलवा, पंजाब की परीक्षा बाकी

**एजेंसी । मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग का 69वां मैच आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। यह मैच दोनों ही टीमों के लिए लीग चरण का आखिरी मैच है। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने पंजाब के सामने 185 रनों का लक्ष्य रखा है। इंडियन प्रीमियर लीग का 69वां मैच आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पंजाब ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है।ये मुकाबला पंजाब और मुंबई दोनों ही टीमों के लिए टॉप-2 में जगह बनाने के लिए काफी अहम है। मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी थी। मुंबई ने सूर्या की फिफ्टी के दम पर 185 रनों का लक्ष्य पंजाब के सामने रखा है।



- **मुंबई इंडियंस (प्लेइंग इलेवन) :** रेयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह।
- **पंजाब किंग्स (प्लेइंग इलेवन) :** प्रियांश आर्य, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, मार्को जानसन, हरप्रीत बराड़, काइल जैमीसन, विजयकुमार विशक, अर्शदीप सिंह।

## राशिद की धार हुई कम : कुंबले



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के मुताबिक गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता हाल में कम हुई है। इसकी वजह से टीम का गेंदबाजी विभाग कमजोर हुआ है। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा, "राशिद खान आईपीएल में अपने सबसे खराब सीजन से गुजर रहे हैं। सीजन के 14 मैचों में 53.66 की औसत और 9.47 की इकॉनमी रेट से वह केवल 9 विकेट ले सके हैं। कुंबले ने कहा, जीटी के लिए शुरुआती 6 ओवरों में चीजें अच्छी नहीं रही, गेंदबाजी पर दबाव था। यहां राशिद खान से उम्मीद की जाती है कि वे आएंगे और विकेट लेंगे।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए। मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की।

**हार्दिक सिंह का भरोसा**

## प्रो लीग से पक्की हो सकती है भारत की वर्ल्ड कप एंट्री



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024–25 (पुरुष वर्ग) के यूरोपीय चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है। टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर खत्म करना बहुत जरूरी है। हार्दिक ने कहा, "हमने टीम में इस पर बात की है और सब मानते हैं कि अगर हम अपनी योजना पर टिके रहें, ज़्यादा से ज़्यादा अंक जुटाएं, और मैच जीतने की कोशिश करें, यहां तक कि ड्रॉ और शूटआउट से भी अंक लें तो हमारे पास प्रो लीग के माध्यम से वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने का शानदार मौका है। उन्होंने आगे समझाया, "बेल्जियम (वर्तमान में नंबर 2 रैंक) और नीदरलैंड्स (भारत से एक रैंक पीछे नंबर 4 पर) 2026 के पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, इसलिए वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। अब मुख्य मुकाबला इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन से है। इसके अलावा अर्जेंटीना के खिलाफ हमारे मैच भी बहुत अहम होंगे। यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है और अगर हम जल्दी क्वालीफाई कर लें, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए हमारे पास ज्यादा समय रहेगा।

---

## पैरालिंपियन सिमरन की कहानी: ओलंपिक नहीं, परिवार थी मेरी पहली प्राथमिकता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पैरालिंपियन सिमरन शर्मा ने विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में बताया। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। किसी ने उनसे जीवन में इतना आगे निकलने की अपेक्षा नहीं की थी। सिमरन ने अपनी लड़ाई के बारे में बताया जिसमें धैर्य और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। ट्रैक पर उनका सफर आम नहीं था, हर कदम पर चुनौतियों से भरा था, जो उनके जन्म से ही शुरू हो गई थी। सिमरन ने गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में याद किया, "डॉक्टरों ने कहा कि मैं बच नहीं पाऊंगी, और तब कोई भी बहुत परेशान नहीं था। यह समय से पहले की बात थी, और मैं एक लड़की थी। लेकिन मेरे पिता ने मुझे जीवित रखने का फैसला किया। मैं मशीनों के बिना जीवित रही, लेकिन कई समस्याओं के साथ। मेरी आंखें कमजोर थी, कमजोर मांसपेशियों और शरीर के साथ मैं बड़ी हुई।



**पीकेएल 12 की नीलामी से पहले सुनील कुमार ने कहा**

## 'टीम को अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत'

**मुंबई (आईएएनएस)।** प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही है। यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार इसके लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यह अब तक की सबसे प्रतियोगी नीलामी में एक होगी, जिसमें जबरदस्त बीडिंग वॉर देखने के लिए मिलेगा। अनुभवी डिफेंडर ने सात साल के सूखे बाद सीजन 11 में अपनी टीम को प्लेऑफ के लिए पहुंचाया था। उनको उम्मीद है कि आने वाली सीजन में उनके पास एक मजबूत टीम होगी।



**लामी को लेकर उत्साहित हैं सुनील**

- कुमार ने कहा कि टीम प्रबंधन ने एक ठोस योजना तैयार की है।
- उन्हें उम्मीद है कि नीलामी से एक संतुलित और मजबूत टीम मिलेगी।

## आईपीएल 2025 : प्लेऑफ से पहले आरसीबी की टीम से जुड़े ब्लेसिंग मुजरबानी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा बन चुके हैं। मुजरबानी को आरसीबी ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया था। जिम्बाब्वे के मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। मुजरबानी शनिवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे, जिसे मेहमान टीम ने एक पारी और 75 रन से गंवा दिया था। इस मैच में मुजरबानी 3-143 के आंकड़ों के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, उन्होंने 13 टेस्ट और 55 वनडे मैचों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है।



---

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## 2025 में वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए फ्रेशर्स की नियुक्ति में बेंगलुरु सबसे आगे रहेगा




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सेक्टर में फ्रेशर्स की नियुक्ति के लिए बेंगलुरु सबसे अधिक आशावादी बना हुआ है, जहां 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो 2025 में दूसरे शहरों की तुलना में ज्यादा एग्रेसिव हायरिंग अप्रोच का संकेत देता है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनएलबी सर्विसेज के अनुसार, पिछले साल की तुलना में, 2025 में अब तक आईटी सेक्टर में नियुक्ति में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा, "उद्योग की उभरती मांगों की प्रतिक्रिया के रूप में भारतीय कॉर्पोरेट जगत का फोकस एंट्री लेवल टैलेंट पर बना हुआ है, जो कि ऑटोमेशन, साइबर-सिक्योरिटी, क्लाउड ट्रांसफॉर्मेशन में प्रगति की वजह से देखा जा रहा है। कंपनियां न केवल रिक्त स्थानों के लिए भर्ती कर रही हैं, बल्कि फ्रेशर्स पर निवेश भी कर रही हैं ताकि वे फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स को तैयार कर सकें। सेक्टर में आईटी-हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर ने बढ़त हासिल की है, जो 2024 में 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2025 में 34 प्रतिशत हो गया।

# नीति आयोग ने मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 6-पॉइंट रोडमैप किया जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक छह-सूत्री रोडमैप पेश किया गया है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मध्यम उद्यम देश के एमएसएमई का मात्र 0.3 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इस क्षेत्र के निर्यात में इनका योगदान 40 प्रतिशत है। मध्यम उद्यमों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट एमएसएमई क्षेत्र में संरचनात्मक विषमता पर गहराई से चर्चा करती है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक वर्कफोर्स को रोजगार देता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, इस क्षेत्र की संरचना असमान रूप से भारित है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड एमएसएमई में से 97 प्रतिशत माइक्रो एंटरप्राइज हैं, 2.7 प्रतिशत स्मॉल और केवल 0.3 प्रतिशत मध्यम उद्यम हैं। रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुंच, एडवांस तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त आरएंडडी सपोर्ट, सेक्टोरल टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उद्यम आवश्यकताओं के बीच बेमेल शामिल हैं। ये सीमाएं उनके पैमाने और इनोवेशन की क्षमता में बाधा डालती हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, रिपोर्ट में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेपों के साथ एक व्यापक नीति की रूपरेखा दी गई है। इनमें उद्यम टर्नओवर से जुड़ी एक वर्किंग कैपिटल फाइनेंसिंग स्कीम की शुरूआत, बाजार दरों पर 5 करोड़ रुपए के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में रिटेल बैंकों के माध्यम से त्वरित निधि वितरण तंत्र शामिल हैं।

इंडस्ट्री 4.0 सॉल्यूशन को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा टेक्नोलॉजी केंद्रों को क्षेत्र-विशिष्ट और क्षेत्रीय रूप से अनुकूलित भारत एसएमई 4.0 सक्षमता केंद्रों में अपग्रेड करना। एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक डेडिकेटेड आरएंडडी सेल की स्थापना, राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर-आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाना।

## अमेरिका ने गैर-टैरिफ बाधाओं को हल करने का किया आह्वान

**सोल।** दक्षिण कोरिया के एक व्यापार अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने कार्य-स्तरीय व्यापार वार्ता के नए दौर में सोल से विभिन्न गैर-व्यापार बाधाओं को हल करने के लिए कहा है। दक्षिण कोरिया ने ट्रंप प्रशासन से टैरिफ कम करने या समाप्त करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, मामले के जानकार एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले सप्ताह के कार्य-स्तरीय परामर्श में वाशिंगटन ने सोल से अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की मार्च में जारी विदेशी व्यापार बाधाओं पर 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध गैर-व्यापार बाधाओं के समाधान का आग्रह किया था।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, ऑटो और आईटी में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुए। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,176.45 और निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,001.15 पर था। शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व ऑटो और आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो और निफ्टी आईटी इंडेक्स दोनों ही एक-एक प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसके अलावा मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, कमोडिटी, और पीएसई इंडेक्स में खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 379.50 अंक या 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,067.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 64.45 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,707.80 पर था। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, एचयूएल, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जौमेटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे।



## मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर 717 किलोवाट पीक क्षमता वाला रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित

**गाजियाबाद (आईएएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन की छत पर 717 किलोवाट पीक क्षमता का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। यह पहल एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्रों में बदलने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस संयंत्र में कुल 1,304 सोलर पैनल लगाए गए हैं।

# सरकार ने लॉन्च किया पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पंचायतों को गवर्नेंस और सर्विस डिलीवरी के प्रमुख क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन का व्यवस्थित रूप से आकलन करने और उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र ने सोमवार को पंचायत एडवांसमेंट पोर्टल (पीएआई) 2.0 पोर्टल लॉन्च किया। पीएआई पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित एक मूल्यांकन ढांचा है, जिसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण के साथ नौ थीम में 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन पर नजर रखना है। पीएआई वर्जन 1.0 बेसलाइन के रूप में काम करेगी। इसमें 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 2.16 लाख ग्राम पंचायतों के डेटा को कवर किया जाता है।



# वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, चार बच्चे घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान गांव के तूपी टोले में सोमवार दोपहर बाद हल्की बारिश के दौरान वज्रपात होने से 2 बच्चे, 3 बच्चियां सहित पांच लोग चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। वज्रपात के चपेट में आने से रेशमी कुमारी (16 वर्ष) पिता स्व. अग्नू गंझू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों में करण लोहरा पिता मुनेश्वर लोहरा, अमर लोहरा पिता बबलू लोहरा (दोनों चचेरे भाई) व विनोद भुइयां की पुत्री सुचिता कुमारी 10 वर्ष, आरती कुमारी 12 वर्ष (चारों तूपी चंदवा) शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से चारों घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया। वहां डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. कंचन बाड़ा की देखरेख में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद करण लोहरा एवं अमर लोहरा को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका समेत चारों बच्चे बच्चियां घर के समीप ही आम चुनने के लिए गयी थी। इस दौरान हल्की हवा चलने के बाद अचानक से बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान आसमानी बिजली पेड़ पर गिरी, जिसके चपेट में वे सब आ गए। घटना की सूचना के बाद झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, भाजपा नेता विजय दुबे चंदवा अस्पताल पहुंचे व घायलों की स्थिति की जानकारी ली। घटना के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका रेशमी कुमारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल में 9वीं कक्षा की छात्रा थी।

## करंट लगने से युवक की मौत, शोक



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा निवासी सीताराम यादव 32 वर्ष पिता खगेश यादव को रांची में करंट लगने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सीताराम यादव रांची स्थित अपर बाजार नारायण होलसेल कपड़ा दुकान में काम करता था। रविवार को साप्ताहिक छुटी के दिन वह मोराहाबादी में मजदूरी का काम करने चला गया। पानी भरे गड्ढा में विद्युत करंट आ रहा था। पानी में स्पर्श होते ही करंट अपने चपेट मे ले लिया। वहां वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए रामप्यारी हॉस्पिटल भर्ती करया गया। नाजुक स्थिती को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। विधायक प्रकाश राम के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम करवा कर भाटचतरा गांव भेजा गया। शव घर पहुंचते ही पिता खगेश यादव, माता बुधनी देवी, पत्नी सुषमा देवी, 7 वार्षीय पुत्र आयुष कुमार, पुत्री अंशी कुमारी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 308 मरीजों का परीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के पहल से लातेहार प्रखंड के सांसग पंचायत भवन में सोमवार को दिल्ली के लेंस कार्ट फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह उपस्थित पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 308 लोगों के आंखों की जांच की गई। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पाई गई है उन्हे शीघ्र ही चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत ही जरूरी है। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज कुमार तिवारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, नेत्र चिकित्सक, चिकित्सा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## वट सावित्री पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब



- पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं करती हैं व्रत और पूजन : आचार्य प्रियरंजन पाठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पति के दीर्घायु और सुखद जीवन की कामना के लिए महिलाएं पारंपरिक रूप से वटसावित्री व्रत करती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को किया जाता है। आचार्य प्रियरंजन पाठक ने बताया कि इस व्रत का विशेष महत्व है, क्योंकि सावित्री जैसी पतिव्रता नारी ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। उसी भाव से महिलाएं अपने पतियों के जीवन की रक्षा के लिए इस व्रत को करती हैं। आचार्य पाठक ने सोमवार को मेदिनीनगर में वट वृक्ष के नीचे एकत्रित महिलाओं को विधिवत पूजा-अर्चना कराई और वटसावित्री व्रत की कथा सुनाई। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। गौरतलब है कि आचार्य प्रियरंजन पाठक राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सहित कई संगठनों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, फिर भी वे पूजा-पाठ और सांस्कृतिक परंपराओं को पूरी आस्था और निष्ठा के साथ निभाते हैं।

## सीसीएल के मगध संघमित्रा में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा कार्यालय में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में हुई। बताया गया कि बैठक में प्रबंधन व श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। वहां खदानों के सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने तथा व्यावसायिक सुरक्षा के 'शून्य हानि' स्तर तक ले जाने के लिए मौजूद लोगों के मंतव्यों पर जीएम ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों को लागू करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक खनन शंभू नाथ ने दिया। बताया गया कि कार्यक्रम सफल बनाने में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एसएन प्रसाद व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बैठक में जेएमएस, आरकेएमयू, बीएमएस, एटक, सीआईटीयू, सीएमयू तथा आरसीएमयू श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि व परियोजना प्रबंधन के लोग मौजूद थे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली का आरोप

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत पतराटोली ग्राम में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद मुन्ना ने उक्त संबंध में सोमवार को ग्रामीणों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सोमवार को टेक्नो इंडिया के कर्मचारियों ने मीटर स्थापित करने के बदले पतराटोली गांव के हरिचंद मुंडा, गोविंद गंझू, सरहूला गंझू, रिझू गंझू, सचिन गंझू, सूरज गंझू, सुधीर उरांव, बबन मुंडा व भोला उरांव, मुनी देवी, नन्कू गंझू से नया बिजली कनेक्शन के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाया है। इस मामले में पूछे जाने पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने बताया कि पूर्व में ही ग्रामीणों को सूचना दी गई है कि मीटर लगाने के नाम किसी को पैसा नहीं देना है। अगर कोई पैसे की वसूली कर रहा है तो इसकी सूचना चंदवा थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लातेहार के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने लातेहार जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में 420 बंदी मिले, जिसमें 6 दोष सिद्ध और 414 विचाराधीन बंदी हैं। जेल में 17 महिला बंदी हैं। न्यायाधीश ने जेल के प्रत्येक बैरक में पहुंच कर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने या न होने की जानकारी ली।

# सेविका/सहायिका चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें : उप विकास आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन और केंद्रों की भौतिक व्यवस्था की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले के 2625 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब भी 68 सेविका और 248 सहायिका के पद रिक्त हैं। पाटन परियोजना में विभागीय निर्देश के बावजूद चयन प्रक्रिया आरंभ न होने पर उन्होंने संबंधित कार्यालय सहायक का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।

**भवन, विद्युत और जल सुविधा की समीक्षा :** बैठक में किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण सुनिश्चित करने और सरकारी भवनों में एक सप्ताह के भीतर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। साथ ही पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पीएचईडी विभाग से समन्वय बनाने का निर्देश भी दिया गया। चेहरा प्रमाणीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताई। नीलांबर-पीतांबरपुर परियोजना को छोड़कर शेष सभी परियोजनाओं की महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश दिया गया। साथ ही 31 मई तक शत-प्रतिशत प्रमाणीकरण पूर्ण कराने का स्पष्ट निर्देश भी दिया।

## महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख किया अमर सुहाग का संकल्प

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ श्रद्धापूर्वक वट सावित्री व्रत किया। सूर्योदय के साथ ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा स्थल पर पहुंचने लगी थीं। उन्होंने विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा कर कच्चे सूत से परिक्रमा की। बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर महिलाओं ने व्रत कथा श्रवण किया। यह व्रत प्रातः से दोपहर तक चलता रहा। इस पावन अवसर पर शहरी क्षेत्रों की अधिकांश सनातनी महिलाएं मां अष्टभुजी मंदिर, शांतिपुरी, सुदना, कंदाखांड, बारालोटा शिव मंदिर सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर एकत्रित हुईं। वहां उन्होंने व्रक्ष में सूत बांधकर परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजन में फल, फूल, नारियल, मिष्ठान्न व अन्य पारंपरिक सामग्री अर्पित की गई। मां अष्टभुजी मंदिर के पुजारी पं. घनश्याम तिवारी शांडिल्य ने कथा के दौरान बताया कि वट सावित्री व्रत स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

## फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर रात्रि शिविर का आयोजन

- 67 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर रविवार की रात्रि को दुर्गा मंडप परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। रात्रि शिविर का उद्घाटन मुखिया मनोज कुमार साहू ने फीता काटकर किया।

फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार संजीव ने लोगों को फाइलेरिया के लक्षण, संक्रमण के रोकथाम व उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. कुमार संजीव ने बताया कि यह शिविर प्रखंड के विभन्न विभन्न गांवों में 26 मई से 2 जून तक लगाया जाएगा। स्वास्थ कर्मियों द्वारा 67 लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। लैब में ब्लड सैंपल की जांच की जाएगी। साथ ही फाइलेरिया मरीज की समुचित ईलाज की जाएगी।

चिकित्सा पदाधिकारी ने लोगों को बताया कि यह बीमारी मच्छर के काटने से उत्पन्न होता है। इसका मुख्यतः लक्षण इस रोग के कारण पैर फूल कर हाथी की पैर की तरह हो जाता है। पुरुष के अंडकोष असामान्य हो जाता है। शुरूआती दौर में इस बीमारी के बारे में पता चलने पर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। आसपास साफ सुथरा रखने व मच्छरदानी लगाकर सोने

## पति की दीघार्यु के लिए की वट वृक्ष की पूजा

**कुंदा(चतरा)।** वट सावित्री पूजा के अवसर पर सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने देवी मंडप के समीप वट वृक्ष की पूजा की। महिलाओं ने विधि विधान से गणेश वंदना और सती सावित्री-सत्यवान की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की।सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार में सजकर वट वृक्ष की परिक्रमा की। उन्होंने यमराज से प्रार्थना की कि उनके पति की उम्र लंबी हो और उनका सौभाग्य अखंड बना रहे। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री पूजा एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना करती हैं।

## सुहागिनों ने किया वट वृक्ष का पूजन

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुहागीनों द्वारा वट सावित्री का व्रत-पूजन हर्षोल्लास पूर्वक की गई। अपने पति के दीघार्यु व अखंड सौभाग्य की कामना लेकर महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज-संवरकर मांगलिक गीत गाते हुए वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करने के बाद ब्राह्मणों से सावित्री सत्यवान की कथा सुनीं। प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर, सेरनदाग, मिश्रोल, धनगडा, गाडिलौंग, सराढु, कोयद , कुंडी, डहू बड़गांव समेत सुदूरवर्ती इलाकों में भी महिलाओं ने काफी उत्साहित होकर पूजन किया।

## वट सावित्री पूजा कर अखंड सौभाग्य का मांगा वरदान

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने विशेष रीति-रिवाजों का पालन किया। साथ ही सिंदूर का दान भी किया। सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की। वट सावित्री पूजा के दौरान सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

# पेज एक के शेष

### 24 में से...

का उपायुक्त बनाया गया है। गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को देवघर उपायुक्त के पद पर भेजा गया है।

निदेशक प्राथमिक शिक्षा के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश सिंह हजारीबाग के उपायुक्त बनाए गए हैं। निदेशक पर्यटन के रूप में पदस्थापित आईएएस अधिकारी अंजलि यादव को गोड्डा में उपायुक्त के पद पर पोस्टिंग दी गई है। गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पूर्वी सिंहभूम का नया उपायुक्त बनाया गया है। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी की सीईओ कंचन सिंह को सिमडेगा का उपायुक्त बनाया गया है। वित्त विभाग में निदेशक अंकेक्षण निदेशालय के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी प्रेरणा दीक्षित को गुमला उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है। कृषि विभाग के निदेशक के पद पर तैनात रहे आईएएस अधिकारी कुमार ताराचंद को लोहरदगा का उपायुक्त बनाया गया है। झारक्राफ्ट की निदेशक कीर्तिश्री जी. को चतरा में उपायुक्त के पद पर पोस्टिंग दी गई है। कोडरमा में उप विकास आयुक्त के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी ऋतुराज को उसी जिले में उपायुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था की निदेशक समीरा एस. को पलामू का नया उपायुक्त बनाया गया है। आईएएस रवि आनंद को जामताड़ा उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है। रांची के उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव को गढ़वा का उपायुक्त बनाया गया है। जिन जिलों के उपायुक्तों को हटाने के बाद कोई पोस्टिंग नहीं दी गई है, उन्हें रांची में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है।

### सरकारी अस्पतालों में...

उन्होंने अस्पताल में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डॉ इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में कोविड के नए वेरिएंट को लेकर लोगों को भयभीत और आशंकित होने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से इसे लेकर फिलहाल अलग से कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। हमारी जानकारी के अनुसार, देश में अब तक 275 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों से भी यथासंभव कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की जा रही है। सर्दी, खांसी, बुखार और कोविड से संबंधित किसी भी तरह का लक्षण दिखने पर लोगों से जांच कराने और चिकित्सकों से संपर्क करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर डॉक्टरों की टीम की तैनाती की गई है, ताकि बाहर से आने वाले कोरोना के संदिग्ध मरीजों की जांच हो सके।

### पांच लाख का...

हालांकि, पुलिस के आने की सूचना मिलने के बाद नक्सली फायरिंग करते हुए भागने लगे, जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें मनीष यादव घटनास्थल पर ही मारा गया। जबकि, कुंदन खरवार को भागने के क्रम में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अब जो भी नक्सली बचे हैं, उनके पास मात्र एक ही रास्ता है कि वे आत्म समर्पण कर दें। यदि नक्सली आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### सेल को 400...

और इस कंपनी से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप में एपको की भूमिका है। यह कहानी तब शुरू हुई जब एपको द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र के आधार पर सेल ने 20 अक्टूबर, 2020 को वीआईपीपीएल को एक साल में 1,50,000 मीट्रिक टन स्टील सप्लाई करने का करार किया। वीआईपीपीएल पर आरोप है कि यह कंस्ट्रक्शन कंपनी नहीं थी, फिर भी उसे कंस्ट्रक्शन कंपनियों से अधिक छूट मिली। करार के मुताबिक, वीआईपीपीएल इस स्टील का प्रयोग निर्माण कार्यों के लिए करना था, लेकिन क्या वीआईपीपीएल ने ऐसा किया? दरअसल, वीआईपीपीएल कोई निर्माण कार्य नहीं कर रही थी। जांच संस्थाओं के मुताबिक इसने सस्ते दाम में सेल से स्टील लेकर बाजार में ऊंचे दरों बेच दिया। सीवीसी की जांच कहती है कि सेल के अधिकारियों ने वीआईपीपीएल के साथ करार (एमओयू) करने से पहले इस कंपनी की जांच नहीं की। वीआईपीपीएल का गठन 12 अक्टूबर, 2020 को हुआ था और मात्र 8 दिन पहले बनी कंपनी ने देश की शीर्ष इस्पात कंपनी के साथ बड़ा करार कर लिया। सेल की दलील थी कि वीआईपीपीएल कंस्ट्रक्शन का काम करती है या नहीं, इसकी जांच इसलिए नहीं की गई, क्योंकि सेल की एमओयू की नीति में इसका कोई प्रावधान नहीं है। इसके जवाब में सीवीसी ने कहा, यह कंपनी सेल की स्थापित ग्राहक नहीं थी। वीआईपीपीएल द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय उचित सतर्कता अपनाई जानी चाहिए थी। सेल ने वीआईपीपीएल के करार अपने पुराने ग्राहक एपको द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र के आधार पर किया था, जिसमें कहा गया था कि वीआईपीपीएल उनके साथ जुड़ी हुई है। शिकायत के मुताबिक सेल से खरीदे हुए अधिकतर स्टील (लगभग 1 लाख 24 हजार मीट्रिक टन) को वीआईपीपीएल ने अपनी 'कंस्ट्रक्शन साइट' पर न मंगाकर दूसरी कंपनियों के नाम और पते पर मंगाया। इससे संकेत मिलता है कि वीआईपीपीएल सेल से स्टील खरीदकर दूसरी कंपनियों को आपूर्ति कर रहा था। दरअसल, सेल ने वीआईपीपीएल के साथ करार अपने पुराने ग्राहक एपको (जो कंस्ट्रक्शन का काम करती है) द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के आधार पर किया था। वीआईपीपीएल का गठन 12 अक्टूबर, 2020 को हुआ था, जबकि एपको ने 12 सितंबर 2020 को ही यह प्रमाण-पत्र जारी कर दिया कि वीआईपीपीएल उनके साथ 11 प्रोजेक्ट्स (जिसमें एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं) में काम कर रही है और उनका प्रदर्शन संतोषजनक है। इस अनियमितता के मद्देनजर सेल विजिलेंस ने 23 मार्च, 2023 को एपको से संपर्क किया और वीआईपीपीएल को दिए गए वर्क ऑर्डर की प्रतियां और प्रमाण-पत्र जारी करने की वजह पूछी। एपको ने 22 अप्रैल को जवाब दिया कि वीआईपीपीएल की प्रमोटर एकता अग्रवाल का उनसे लंबे समय से संबंध है और यह कंपनी पहले वेंकटेश स्टील के नाम से कार्य करती थी। वीआईपीपीएल नाम को मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ने 07 सितंबर, 2020 को मंजूरी दी थी, जिसके बाद एपको ने पुराने ऑर्डर इस नई कंपनी को ट्रांसफर कर दिए। लेकिन, एपको ने कहा कि वे पुराने वर्क ऑर्डर उपलब्ध नहीं करा सकता, क्योंकि उनमें से अधिकांश प्रोजेक्ट अब बंद हो चुके हैं। एपको ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रमाण-पत्र सेल के लिए नहीं दिया था, लेकिन अगर प्रमाण-पत्र सेल को संबोधित नहीं था, तो फिर सेल ने आखिर कैसे एकदम नई कंपनी को स्टील की आपूर्ति कम दरों पर कर दी? सीवीओ-सेल ने यह रिपोर्ट 6 मई, 2023 को इस्पात मंत्रालय को सौंपी थी। सीवीओ-सेल ने पाया कि एपको ने प्रमाण-पत्र देते वक्त गलत दावे किए थे। प्रमाण-पत्र में लिखा था कि वीआईपीपीएल और एपको मिलकर पूरे भारत में 11 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में रिइंफोर्समेंट और स्ट्रक्चरल स्टील का कार्य कर रहे हैं। इसमें एनएचएआई (नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के कई प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, लेकिन सीवीसी ने पाया कि यह दावा निराधार था। एनएचएआई ने सीवीओ-सेल को बताया कि एपको उनके साथ तीन प्रोजेक्ट कर रहा था, लेकिन किसी में भी वीआईपीपीएल सब-कॉन्ट्रैक्टर नहीं था। इन तथ्यों के आलोक में सीवीओ-सेल ने दर्ज किया, यह दावा कि वीआईपीपीएल का एपको के साथ लंबे समय से संबंध है और उन्होंने एपको के लिए काम किया है, वह विश्वसनीय नहीं लगता। सेल के सीवीओ (चीफ विजिलेंस ऑफिसर) ने यह भी रेखांकित किया कि 'वीआईपीपीएल और एपको का व्यावसायिक गठजोड़ इस मसले की जड़' है। यह दस्तावेज कहता है कि वीआईपीपीएल सेल से माल खरीदकर एपको को भेज रहा था। साथ ही, सेल से खरीदी गई अधिकांश सामग्री की बिलिंग दूसरे फर्मों के स्थानों पर की गई थी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, लखनऊ के पते पर रजिस्टर्ड एपको ने 15 जनवरी 2020 से 12 अक्टूबर 2023 के बीच 30 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और इन्हें भाजपा ने भुनाया था। उन दिनों मीडिया रिपोर्ट्स कहती थीं कि इस कंपनी पर भाजपा की 'कृपा दृष्टि' थी। हाल के वर्षों में एपको को कई बड़े और प्रतिष्ठित सरकारी प्रोजेक्ट्स मिले हैं, जिनकी लागत हजारों करोड़ रुपए में है। कंपनी की वेबसाइट में है कि वह भारत में 10 एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर कार्य कर रही है, जिनमें देश का पहला 14-लेन एक्सप्रेस-वे (दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे) भी शामिल है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर में प्रतिष्ठित जेड-मोड़ सुरंग परियोजना, मुंबई में केबल स्टे ब्रिज, और दिल्ली/एनसीआर में एलिवेटेड वायाडक्ट मेट्रो प्रोजेक्ट जैसे प्रमुख कार्य भी कर रही है। लोकपाल के आदेश पर सीबीआई ने 10 अक्टूबर, 2024 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की, जिसमें वीआईपीपीएल के साथ एपको का भी नाम है। सीबीआई की एफआईआर सेल के अधिकारी, वेंकटेश इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और एपको को आरोपी बनाती है। यह मामला आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, जाली दस्तावेज का प्रयोग, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया था। अचरज यह है कि नकली 'प्रोजेक्ट' के नाम पर सेल से अनुचित लाभ उठाने वाली यह अकेली कंपनियां नहीं है। वीआईपीपीएल की तरह बीते कई सालों में कंस्ट्रक्शन के नाम पर सेल की नीतियों का अनुचित लाभ उठाने वाली कुल 43 कंपनियों की शिकायत लोकपाल में की गई है। इसके अलावा, ऐसी कई कंपनियों की शिकायतें सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) और सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ-सेल) के पास लंबित हैं। लोकपाल के फैसले में लिखा है कि 'सेल के अधिकारियों ने जरूरी जांच-पड़ताल नहीं की। इसका नतीजा यह हुआ कि वीआईपीपीएल को बाकी समान ग्राहकों की तुलना में कम दाम पर माल दिया गया। इस वजह से सेल को ज्यादा मुनाफा कमाने का मौका गंवाना पड़ा। इसलिए यह संभव है कि कुछ अधिकारी वीआईपीपीएल के साथ मिलीभगत में शामिल रहे हों।'

लोकपाल ने आगे लिखा कि इस्पात मंत्रालय चाहता है कि 'इस मामले की आगे जांच की जरूरत है', जो किसी 'बाहरी एजेंसी द्वारा होनी चाहिए', ताकि 'यह पता लगाया जा सके कि सरकारी अधिकारियों का निजी कंपनियों के साथ क्या संबंध रहा है।' इसके जवाब में सेल ने कहा था, 'कोई नुकसान नहीं हुआ है — न तो अनुमानित और न ही सांकेतिक। सेल द्वारा वीआईपीपीएल को टीएमटी बार बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी देने में कोई गड़बड़ी नहीं थी, क्योंकि वीआईपीपीएल न तो कोई फर्जी कंपनी थी और न ही शेल कंपनी, बल्कि स्टील बाजार में एक वास्तविक और सक्रिय कारोबार कर रही थी।' लेकिन, लोकपाल ने इस बचाव को खारिज करते हुए कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि सेल के अधिकारियों द्वारा मुनासिब सावधानी नहीं बरती गई, जिसके चलते वीआईपीपीएल को अन्य ग्राहकों की तुलना में कम दर पर सामग्री दी गई। ये शिकायत कैसे लोकपाल तक पहुंची, इसकी भी एक कहानी है। 17 नवंबर, 2022 को सेल-सीएमओ मुख्यालय (कोलकाता) में कार्यरत जनरल मैनेजर, (मार्केटिंग) एंड प्रोडक्ट मैनेजर, राजीव भाटिया ने तत्कालीन सेल अध्यक्ष सोमा मंडल व डायरेक्टर कॉमर्शियल वीएस चक्रवर्ती को तीन शिकायतें भेजी थीं। पहली शिकायत वीआईपीपीएल को लेकर थी। शिकायत के ठीक एक सप्ताह बाद 24 नवंबर, 2022 को राजीव भाटिया को बिना कुछ बताए निलंबित कर दिया गया। वह 10 माह तक निलंबित रहे। निलंबन के दौरान भाटिया ने 01 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया और जांच की मांग की। इसके बाद भाटिया ने दो बार और प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत भेजी, जो एपको के अलावा कई अन्य कंपनियों का जिक्र करती थीं। लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद भाटिया ने 11 जनवरी, 2023 को लोकपाल का रुख किया। लोकपाल ने 28 मार्च, 2023 को इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सेंट्रल विजिलेंस कमीशन (सीवीसी) को प्राथमिक जांच के आदेश दिए। फिर सीवीओ-सेल की जांच रिपोर्ट 24 अगस्त, 2023 को सीवीसी तक पहुंची। 10 जनवरी, 2024 को लोकपाल ने सीबीआई को जांच के आदेश दिए। इसके तुरंत बाद 19 जनवरी, 2024 को इस्पात मंत्रालय ने 29 अधिकारियों को निलंबित कर दिया, जिसमें सेल के दो अधिकारी, वीएस चक्रवर्ती (निदेशक वाणिज्यिक), एके तुलसियानी (निदेशक वित्त), के साथ एनएमडीसी के भी एक निदेशक वी. सुरेश शामिल थे। इसके अलावा, सेल ने कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी निलंबित किया, जिनमें कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) सीएमओ, एसके शर्मा, कार्यपालक निदेशक (वाणिज्यिक) विनोद गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (सेल्स और आईटीडी) अतुल माथुर, और कार्यपालक निदेशक (मार्केटिंग सर्विसेज) आरएम सुरेश शामिल थे। लेकिन, आम चुनाव-2024 के बाद जून 2024 में सभी अधिकारियों को बहाल कर दिया गया।

### हाईकोर्ट ने थाने...

दूसरी तरफ, मृतक की मां मुनु देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि तीन-चार लोगों ने दुर्गेश महतो की पिटाई की, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि एक नाबालिग की मां सावित्री देवी ने उसे धमकी दी थी कि वह अपने बच्चे को सुधारे, नहीं तो उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने इस केस में सावित्री देवी के नाबालिग पुत्र को हिरासत में लिया था। सावित्री देवी ने कोर्ट में दायर रिट में कहा कि महज संदेह के आधार पर उसके पुत्र की थाने में दो दिन तक जमकर पिटाई की गई। तीसरे दिन, जब उन्होंने अपने बच्चे को छोड़ने के लिए आग्रह किया, तो पुलिस स्टेशन इंचार्ज बादल दास ने ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर उसकी फिर से पिटाई की गई थी।

### सीआईडी ने दो...

इससे पहले इसी महीने गौरव कुमार और अभिलाष की जमानत याचिका रांची सीआईडी की विशेष कोर्ट ने खारिज की थी। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष, यानि वर्ष 2024 में 21 और 22 सितंबर को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी-सीसजीएल परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी। इसमें कथित रूप से सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों के साथ धोखाधड़ी और दिग्भ्रमित करके प्रशनपत्र देने के नाम पर धन उगाही का मामला सामने आया था। सीआईडी के अनुसंधान में यह पता चला कि परीक्षा के पूर्व ही एक गिरोह के सदस्य ने अभ्यार्थियों को सीजीएल पेपर के प्रश्नों को देने के नाम पर धन उगाही की है। अब तक इस केस में आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# पाकिस्तान व तुर्किये रणनीतिक सहयोग को आगे ले जाने पर सहमत

● शहबाज और एर्दोगन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई

**इस्तांबुल (तुर्किये) (हि.स.)**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी को और ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमत हुए। शहबाज चार मित्र देशों की यात्रा के तहत रविवार को दो दिवसीय दौरे पर तुर्किये पहुंचे। प्रधानमंत्री शहबाज 30 मई तक ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का भी दौरा करेंगे। द नेशन अखबार की सोमवार की खबर के अनुसार, शहबाज ने इस्तांबुल में राष्ट्रपति एर्दोगन के साथ बैठक में भारत के साथ तनाव के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्किये की सराहना की। बैठक में पाकिस्तान और तुर्किये ने क्षेत्रीय शांति, सतत विकास और साझा समृद्धि के लिए रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अलावा द्विपक्षीय बहुआयामी सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री शहबाज के साथ फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार, प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार सैयद तारिक फातमी और तुर्किये में पाकिस्तान के राजदूत डॉ यूसुफ जुनैद भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री शहबाज ने अक्षय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन, बुनियादी ढांचे के विकास और कृषि सहित प्रमुख क्षेत्रों पर तुर्किये के राष्ट्रपति से चर्चा की।

पाकिस्तान के सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज ने बताया कि शहबाज और एर्दोगन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। इसमें विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर और सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने हिस्सा लिया।

### द्विपक्षीय व्यापार के नए अवसरों पर विचार

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने 13 फरवरी को इस्लामाबाद में रणनीतिक सहयोग परिषद के सातवें सत्र में लिए गए प्रमुख निर्णयों के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने गाजा में गंभीर मानवीय स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की।

# भारत-कनाडा विदेश मंत्रियों के बीच पहला औपचारिक संवाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बेहतर बनाने पर चर्चा की। अनीता आनंद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत-कनाडा संबंधों पर उपयोगी बातचीत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "कनाडा और भारत के रिश्ते मजबूत करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने और हमारी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर आज हुई उपयोगी बातचीत के लिए मंत्री डॉ. जयशंकर का धन्यवाद। मैं आगे भी मिलकर काम करने की उम्मीद करती हूं। इसके थोड़ी देर बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी रविवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर अनीता आनंद से हुई बातचीत की पुष्टि की।

## भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मिले गुयाना के प्रधानमंत्री फिलिप्स, कहा

# गुयाना आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है

● थरूर और प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना के 59वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी लिया भाग

**जॉर्जटाउन (आईएएनएस)**



गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क एंथनी फिलिप्स ने बर्बिस में शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के उपायों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि फिलिप्स ने रविवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति के बारे में सांसदों से जानकारी प्राप्त की। फिलिप्स आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति समर्थन व्यक्त करने वाले दूसरे गुयाना नेता थे। इससे पहले दिन में उपराष्ट्रपति भरत जगदेव ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कहा, गुयाना पूरी तरह से भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ हैं और हमारा मानना है कि आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने वाले सभी लोगों को कटघरे में लाया जाना चाहिए। ब्रीफिंग के बाद, उच्चायोग ने कहा कि फिलिप्स ने 'सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के उपायों के प्रति गुयाना के समर्थन और समझ को दोहराया।' इसमें कहा गया, चर्चा में भारत-गुयाना सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई। सोमवार को गुयाना का स्वतंत्रता दिवस है और राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने बर्बिस में भाषण दिया, जो राजधानी जॉर्जटाउन से लगभग 65 किलोमीटर दूर है। थरूर और प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना की 59वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया।

उच्चायोग ने एक बयान में कहा, प्रतिनिधिमंडल गुयाना के नेतृत्व और मीडिया, भारतीय समुदाय और प्रवासी समुदाय तथा गुयाना में भारत के मित्रों के प्रमुख वातार्कारों के साथ बातचीत करेगा। जगदेव के साथ बैठक के बाद थरूर ने 'एक्स' लिखा, उनकी 'बहुत अच्छी बैठक' हुई और उपराष्ट्रपति ने 'हाल की घटनाओं के मद्देनजर भारत की चिंताओं के प्रति गहरी सहानुभूति और समझ' व्यक्त की। पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों की ओर से पहलगाम में 26 लोगों की हत्या और पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी बुनियादी ढांचे और कश्मीर में उसके कब्जे वाले क्षेत्रों के खिलाफ भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई।

### आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा हुई : थरूर

भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शशि थरूर ने कहा कि उन्होंने भारत और गुयाना के बीच आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। गुयाना विकासशील देश है, जिसका विकास उसके जलक्षेत्र में तेल की खोज के कारण हुआ है। सूर्या ने 'एक्स' पर कहा, जॉर्जटाउन, गुयाना में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने हमारे संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने पोस्ट किया, हमने आर्ट ऑफ लिविंग, इस्कॉन और ब्रह्मकुमारीज जैसे कई आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने आगे कहा, वे यहां भारतीय समुदाय के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार के रूप में काम करते हैं।

## एक चौथाई रक्षा बजट बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान अभी 21 लाख 15 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा है। बावजूद इसके वो अपना रक्षा बजट करीब करीब एक चौथाई बढ़ाना चाहता है। ताकी सेना के हथियार भंडार फिर से भर सके। 2024-25 में पाकिस्तान का रक्षा बजट 2 लाख10 हजार करोड़ रुपए था। 2025-26 के लिए पाकिस्तान इसे 2 लाख 50 हजार करोड़ करने जा रहा है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी ऐसे वक्त हुई है जब महंगाई दर 38 फीसदी पार कर चुकी है और विदेशी मुद्रा भंडार $3 अरब से नीचे है। पाकिस्तान अभी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यक्रम के तहत है जिसने गैर-जरूरी खर्चों को कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने को कहा है। पाकिस्तानी सरकार ने यह खर्च सुरक्षा कारणों से सही ठहराया, खासकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमले और भारत के साथ सीमा पर हुई झड़पों के कारण।

# यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस का बड़ा हवाई हमला

**12 की मौत**

**79 घायल**

**कीव (यूक्रेन) (हि.स.)**



रूस ने रविवार की रात को यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाया। हमले में 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। द कीव इंडिपेंडेंट अखबार के अनुसार, रूस ने 25 मई की रात कीव और अन्य यूक्रेनी क्षेत्रों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इसमें तीन बच्चों सहित 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। रूस के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने टेलीग्राम पर इसकी पुष्टि की। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन दागे। वायु सेना ने बताया कि 45 क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया और 266 ड्रोन को बेअसर कर दिया गया। हमले में 22 स्थानों पर भारी नुकसान हुआ। यह हमला पूरे युद्ध के दौरान कीव पर सबसे भारी रूसी हमलों में से एक के बाद हुआ। यह हमला कीव दिवस से पहले किया गया। कीव दिवस पर आज यूक्रेन में अवकाश है।इस हमले में कीव, जाइटॉमिर, खमेलनित्सकी, टेरनोपिल, निप्रॉपेट्रोस, मायकोलाइव, ओडेसा, खारकिव, चेर्निहाइव, चकार्सी, सुमी, पोल्टावा क्षेत्रों में 80 से अधिक आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### अमेरिका नए प्रतिबंधों पर कर रहा विचार

कीव पोस्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस व्यवहार से नाखुश हैं। अमेरिका नए प्रतिबंधों पर विचार कर रहा है। उधर, अब तक दोनों देश 1,000-1,000 कैदियों की अदला-बदली कर चुके हैं। बावजूद इसके आजोव ब्रिगेड के बंदियों और 2014 से बंदी बनाए गए राजनीतिक कैदियों के बारे में सवाल बने हुए हैं।

## फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मुंह पकड़कर धकेला, मैक्रों असहज हुए

**नई दिल्ली । एजेंसी**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के बीच हुई झड़प का वीडियो वायरल हो रहा है। मैक्रों 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी ने उनका मुंह पकड़कर धकेल दिया। एसोसिएटेड प्रेस ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है। घटना तब की है, जब दोनों विमान से उतरने की तैयारी कर रहे थे। वीडियो में दिखता है कि जैसे ही मैक्रों के प्लेन का दरवाजा खुलता है, ब्रिगिट मैक्रों का मुंह पकड़कर धकेल देती हैं। मैक्रों इस दौरान कुछ पल के लिए चौंकते हैं, फिर जल्दी से अपने आपको संभालते हुए बाहर के लोगों की तरफ हाथ हिलाते हैं। इसके बाद ब्रिगिट भी पति के साथ बाहर आती हैं। वह मैक्रों के साथ प्लेन की सीढ़ियां से नीचे उतरती हैं। इस दौरान मैक्रों अपना हाथ उनकी तरफ बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

## बांग्लादेश में तख्तापलट की आहट सेना प्रमुख ने दिए सख्त संकेत

**ढाका । एजेंसी**



मोहम्मद युनूस को सत्ता का संकट सताने लगा है। लग रहा है कि उनकी सत्ता संकट में है। इसलिए आपने बीते दिनों इस तरह की खबरें भी पढ़ी होंगी की युनूस ने खुद ही इस्तीफे की धमकी दी है। युनूस कुछ इस तरह से दिखाने की कोशिश में लगे हैं कि वो तो देश को बेहतरीन बनाने चले थे।

लेकिन कुछ लोग उन्हें काम नहीं करने दे रहे हैं। अब वो कौन लोग हैं जो युनूस को काम नहीं करने दे रहे हैं? सबसे पहला नाम सेना का आता है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकर-उज़-ज़मान मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को पद से हटाने के लिए सभी उपाय करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। सेना ने उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठकों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति का प्रदर्शन किया है। सूत्रों का कहना है कि ज़मान यूनुस के अंतरिम प्रशासन को कमज़ोर करने के लिए संवैधानिक अस्पष्टताओं का फायदा उठाने सहित विभिन्न रणनीतियों की खोज कर रहे हैं।

## केरल तट के पास डूबे लाइबेरियाई पोत से तेल का रिसाव, समुद्र में बिखरे 100 से अधिक कंटेनर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केरल के अलप्पुझा तट से लगभग 15 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में रविवार को तेल से लदा एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत डूब गया था। अब इससे समुद्री प्रदूषण की बड़ी समस्या सामने आ रही है। पोत के डूबने के बाद समुद्र में तेल के रिसाव का पता चला है। इसके बाद भारतीय तटरक्षक बल ने एक व्यापक प्रदूषण रोधी प्रतिक्रिया अभियान शुरू किया है। वहीं, जहाज के डूबने के कारण उसमें रखे 100 से अधिक कंटेनर समुद्र में तैरते पाए गए। इनमें से कुछ क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनसे रिसाव हो रहा है। जहाज के डूबने के कुछ ही घंटों के भीतर एक निगरानी विमान ने घटनास्थल पर तेल रिसाव का पता लगाया। तेल रिसाव की सूचना मिलते ही तटरक्षक पोत 'सक्षम' को तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। तटरक्षक बल का पोत 'सक्षम' पहले से इलाके में प्रदूषण रोधी प्रतिक्रिया के लिए तैनात था। वहीं, बल के एक डोर्नियर विमान ने हवाई निरीक्षण कर प्रभावित क्षेत्र में ऑयल स्पिल डिस्पर्सेंट का छिड़काव किया है।

## जहाज लॉन्च में बड़ी चूक! इंजीनियर और अधिकारी पर भड़क उठे तानाशाह किम जोंग

**नई दिल्ली । एजेंसी**



उत्तर कोरिया ने चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वे उसके दूसरे नौसैनिक विध्वंसक के असफल प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार हैं, जिसके बारे में बाहरी पर्यवेक्षकों का कहना है कि देश ने जो बताया है, उससे कहीं अधिक क्षति इसमें हुई है। नेता किम जोंग उन द्वारा बुधवार की घटना पर रोष व्यक्त करने के बाद हिरासत में लिए गए लोगों ने कहा कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ था। मुख्य सैन्य समिति ने शुक्रवार को कहा कि जिम्मेदार लोगों को उनके अक्षम्य आपराधिक कृत्य के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि 5,000 टन वर्ग के विध्वंसक जहाज को हुए नुकसान की गंभीरता गंभीर नहीं है, क्योंकि इसने पहले के आकलन को रद्द कर दिया कि पतवार के निचले हिस्से में छेद हो गए थे। केसीएनए ने कहा कि जहाज़ के स्टारबोर्ड की तरफ़ पतवार खरोंच गई थी और कुछ समुद्री पानी जहाज़ के पिछले हिस्से में बह गया था। उसने कहा कि समुद्री पानी को बाहर निकालने, जहाज़ को सीधा करने और खरोंचों को ठीक करने में 10 दिन लगेंगे। केसीएनए ने कहा कि जहाज़ के संतुलन को बहाल करने का काम तय समय के अनुसार किया जा रहा है। उत्तर कोरिया की अत्यंत गोपनीय प्रकृति के कारण इस आकलन की पुष्टि करना लगभग असंभव है।

# मीठी नदी स्कैम : क्या किसी मुश्किल में फंसे डिनो मोरिया?

### मीठी नदी स्कैम मामले में मुंबई पुलिस के सामने हुए पेश

*मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को 65 करोड़ रुपये के मीठी नदी सफाई घोटाले में अभिनेता डिनो मोरिया से पूछताछ की। जांच के दौरान उनका नाम सामने आने के बाद अभिनेता को तलब किया गया था। उनसे मुंबई पुलिस मुख्यालय में ईओडब्ल्यू कार्यालय में पूछताछ की गई।*

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को 65 करोड़ रुपये के मीठी नदी सफाई घोटाले में अभिनेता डिनो मोरिया से पूछताछ की। जांच के दौरान उनका नाम सामने आने के बाद अभिनेता को तलब किया गया था। उनसे मुंबई पुलिस मुख्यालय में ईओडब्ल्यू कार्यालय में पूछताछ की गई। यह मामला मीठी नदी की सफाई के लिए मूल रूप से आवंटित 65 करोड़ रुपये से अधिक के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। मीठी नदी घोटाले की चल रही जांच के सिलसिले में बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया सोमवार सुबह मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के समक्ष पेश हुए।

